सुप्रभात
रांची, शनिवार
17.06.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आषाढ़, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 332



12 आलिया भट्ट को देखते ही पैपराजी ने कहा- सीता जी

# प्रचंड लू में तप रहा झारखंड, पारा सामान्य से 8 डिग्री अधिक

## गोड्डा-पाकुड़ का तापमान 46 पहुंचा, पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम में लू को ले रेड अलर्ट

**मौसम की मार**

- 2012 के बाद पड़ रही सर्वाधिक गर्मी, तुरंत राहत भी नहीं
- 1969 के बाद यह चौथा मौका है जब रांची सबसे गर्म रही

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में गर्मी ने प्रचंड रूप धारण कर लिया है। पूरा राज्य लू की चपेट में है। शुक्रवार को कई जिलों में भीषण गर्मी देखने को मिली। सभी जिले का पारा 40 पार कर गया है। शरीर झुलसा देनेवाली गर्म हवा चल रही है। लोग और पशु-पक्षी तक अस्तव्यस्त हैं। गोड्डा और पाकुड़ का पारा तो 45-46 डिग्री पार कर गया है। पूरे झारखंड में अधिकतम तापमान सामान्य से आठ मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी करते हुए आवश्यक कदम उठाने की अपील की है। जून महीने में 1969 के बाद यह चौथा मौका है जब राजधानी सबसे गर्म हुई है। मौसम विभाग ने एक बार फिर कोल्हान प्रमंडल के दो जिले पूर्वी, पश्चिमी सिंहभूम और संथाल प्रमंडल में लू की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार 2012 के बाद भीषण गर्मी का यह रेड अलर्ट जारी किया है। पूरे राज्य में ऑरेंज अलर्ट दी गयी है। सिमडेगा और सरायकेला खरसांवा में येलो अलर्ट दिया गया है। अन्य शहरों में भी तीव्र वेग से चलनेवाले गर्म लहर से लोग त्रस्त हो उठे हैं। फिलहाल चार दिनों तक राहत के आसार भी नहीं हैं। 19 जून तक हीट वेव की संभावना है। इस दौरान कुछ एक हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश संभव है। (शेष 11 पर)

### आम आदमी से पशु-पक्षी तक परेशान




शुक्रवार को राज्य के दो जिलों का तापमान 46 डिग्री के करीब रिकॉर्ड किया गया। गोड्डा 45.9 और पाकुड़ का तापमान 45.1 डिग्री रहा। देवघर का तापमान 44 और रांची जिला का तापमान 41.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। जमशेदपुर और डालटेनगंज का तापमान 43.8 डिगी सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से छह से आठ डिग्री अधिक चल रही है। न्यूनतम तापमान भी सामान्य से चार-पांच डिग्री अधिक है। इससे हीट वेव (लू ) चलने की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

### 20 से पहले मॉनसून की संभावना नहीं

झारखंड के लोगों को अभी गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो 20 जून के पहले राज्य में मानसून के आगमन की संभावना नहीं बन रही है। तभी गर्मी से राहत मिलेगी। हालांकि कुछ इलाकों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, इस वक्त मानसून बिहार के पूर्वी हिस्से पूर्णिया, अररिया और बंगाल के पूर्वी भाग सिलीगुड़ी के इलाकों में ठहर गया है। इस वजह से लोगों को राहत के लिए एक सप्ताह का समय और लग सकता है।

## न्यूज डायरी

### गलवान के शहीद ओझा की प्रतिमा का लोकार्पण

**साहिबगंज।** 15 जून 2020 को पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में चीनी फौजियों से मुठभेड़ में बलिदान देनेवाले डिहारी गांव के जवान कुंदन कुमार ओझा की प्रतिमा का लोकार्पण किया गया। कुंदन ओझा ने चीनियों से लड़ते हुए देश के लिए अपनी जान दी थी। राजमहल विधायक अनंत ओझा की पहल पर विधायक निधि से शहीद कुंदन ओझा की प्रतिमा बनवाकर डिहारी गांव में स्थापित की गयी।

### तिरुपति में मंदिर के पास लगी आग, मची भगदड़

**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले में गोविंदराज स्वामी मंदिर के पास शुक्रवार सुबह भीषण आग लग गयी। मंदिर के पास एक फोटो फ्रेम बनाने की दुकान में लगी आग देखते ही देखते फैल गयी और वहां अफरातफरी मच गयी। तीर्थयात्री भी मंदिर के अंदर थे। आग से श्रद्धालुओं में भगदड़ मच गयी।

### दिल्ली में बारिश के साथ मौसम बना सुहाना

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और एनसीआर के कई हिस्सों में शुक्रवार दोपहर बाद हुई तेज हवाओं के साथ हो रही बारिश से मौसम सुहावना हो गया। बारिश से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गयी। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। पिछले कई दिनों से लगातार राजधानी दिल्ली में भीषण गर्मी पड़ रही थी, जिसकी वजह से दिल्ली वासियों का गर्मी से हाल बेहाल था।

### लापता महिला शव मिला दो आरोपी गिरफ्तार

**गिरिडीह।** एक महिला की हत्या कर शव को बंद पड़े माइका खदान में डाल देने का मामला सामने आया है। इस कांड में दो हत्यारोपी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में तिसरी के कमार्टांड निवासी जागेश्वर राय व चरकी निवासी राजकिशोर राय शामिल हैं। लोकाय नारायणपुर थाना के दनोखुता गांव की महिला रीना देवी (45) कई दिनों से लापता थी। लापता थी। गिरफ्तार जागेश्वर राय और राजकिशोर ने पूछताछ में पूरा मामला उगल दिया।

### अमन सहित पांच के खिलाफ आरोप गठित

**रांची।** लातेहार के तेतरियाखाड़ कोलियरी में आगजनी और गोलीबारी करने के आरोपित गैंगस्टर अमन साहू, कुंदन कुमार, पंकज करमाली, विकास उर्फ छोटे और आकाश राय के खिलाफ आरोप गठित कर दी गई है। रांची एनआइए के विशेष न्यायाधीश मधुरेश प्रसाद वर्मा की अदालत में शुक्रवार को सभी अभियुक्तों के खिलाफ आरोप गठित की गयी है। इसके बाद अब ट्रायल की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस मामले की जांच एनआईए कर रही है। एनआईए ने इस संबंध में कांड संख्या 1/ 21 दर्ज की है।

### दाहू पर प्राथमिकी

**साहिबगंज।** मनी लॉन्ड्रिंग केस में फरार चल रहे दाहू यादव ने इडी के गवाह मुंगेरी यादव के पानी जहाज को डुबोने का षडयंत्र किया था। इसके खिलाफ साहिबगंज के मुफस्सिल थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। जिस जहाज को डुबोने को लेकर दाहू यादव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है, वह मुंगेरी यादव की है। मुंगेरी यादव का बेटा और उसके कर्मचारी मनी लॉन्ड्रिंग केस में इडी के गवाह हैं। मुंगेरी यादव 10 महीने से क्राइम कंट्रोल एक्ट के केस में जेल में बंद है। मुंगेर निवासी मालवाहक जहाज के चालक रवि यादव ने दाहू यादव और उसके तीनों भाइयों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। प्राथमिकी में आरोप है कि दाहू यादव ने अपने भाइयों मुनीम यादव और सुनील यादव के साथ जहाज के सुरक्षाकर्मियों को बंधक बनाकर मारपीट की और जहाज डूबाने की कोशिश की। जहाज को गैस कटर से काटकर डूबाना चाहा।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

# मणिपुर में केंद्रीय मंत्री का घर फूंका

- रंजन सिंह अपनी ही सरकार पर भड़के, कहा

**एजेंसी**

**इंफाल।** मणिपुर में झड़प और हमलों के मामले फिर से सामने आए हैं। अधिकारियों ने कहा कि केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री आरके रंजन सिंह के दो घर को भीड़ ने फूंक दिया। मणिपुर के कोंगबा नंदीबम लेकाई में उनके आवास में अज्ञात लोगों ने आग लगा दी। पुलिस ने बताया कि स्थानीय लोगों ने हालांकि देर रात आग पर काबू पा लिया। जिस समय यह घटना घटी, उस समय मंत्री श्री रंजन अपने आवास पर नहीं थे। इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। इस बीच अधिकारियों ने इंफाल पश्चिम और इंफाल पूर्वी जिलों में अपराह्न एक बजे तक कर्फ्यू में ढील देने का फैसला किया है, लेकिन राज्य की राजधानी के कुछ संवेदनशील हिस्सों में कोई ढील नहीं दी गई है। मणिपुर सरकार ने भी इंटरनेट पर प्रतिबंध को 20 जून तक बढ़ा दिया है। गौरतलब है कि मणिपुर में अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मेइती समुदाय की मांग के विरोध में तीन मई को पर्वतीय जिलों में 'आदिवासी एकजुटता मार्च' के आयोजन के बाद झड़पें हुई थीं।



### कानून व्यवस्था फेल

मंत्री फिलहाल केरल में हैं। उन्होंने कहा कि जब घर में आग लगी थी, तो दमकल की गाड़ियां उस जगह में प्रवेश नहीं कर सकीं क्योंकि लोगों ने रुकावटें पैदा कीं। मुझे नहीं पता कि वे क्यों हमला कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने ने कहा, मणिपुर में कानून व्यवस्था पूरी तरह फेल हो गयी है। गुस्साए केंद्रीय मंत्री ने अपनी ही सरकार पर गंभीर सवाल खड़े किये। आरके रंजन सिंह ने शुक्रवार को कहा, आगजनी की घटना से मैं स्तब्ध हूं। मणिपुर में भाजपा की सरकार है। उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि वे क्यों हमला कर रहे हैं। पूरी प्रक्रिया में, मैं शांति लाने की कोशिश कर रहा हूं, बातचीत कर रहा हूं। मेरे वरिष्ठ मंत्री और सहयोगी राज्य में सामान्य स्थिति लाने के लिए काम कर रहे हैं।

## राहुल को राहत, मिली 15 दिनों की मोहलत

**रांची।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को फिलहाल रांची एमपी एमएलए कोर्ट से राहत मिली है। विशेष कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 15 दिनों का वक्त दिया है। इससे पहले कोर्ट ने राहुल गांधी को सशरीर हाजिर होने का आदेश दिया था। राहुल गांधी के मोदी सरनेम पर टिप्पणी मामले से जुड़े मानहानि केस में शुक्रवार को एमपी एमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई। जहां राहुल गांधी के वकील ने सुनवाई के लिए 15 दिन का वक्त मांगा है। उन्होंने अदालत को जानकारी दी कि इस मामले की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में चल रही है, जिसे देखते हुए कोर्ट में हाजिर होने के लिए राहुल गांधी को मोहलत दी जाये। राहुल गांधी के अधिवक्ता ने एमपी एमएलए अदालत को बताया कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष के सशरीर हाजिर होने के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गयी है। सुनवाई अभी लंबित है, इसलिये, फिलहाल इस मामले पर सुनवाई नहीं करते हुए उन्हें 15 दिनों का वक्त दिया जाये। इससे पहले सुनवाई के दौरान राहुल को 16 जून को कोर्ट में सशरीर हाजिर होने का आदेश दिया गया था। पूरा विवाद 23 अप्रैल 2019 का है, जब रांची में प्रदीप मोदी नाम के एक व्यक्ति ने उनके खिलाफ मानहानि का केस दर्ज करवाया था।

## समीक्षा बैठक में सीएम ने दिया अधिकारियों को निर्देश

# योजनाएं कागज पर नहीं जमीन पर नजर आये : हेमंत सोरेन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि योजनाएं कागज पर नहीं, जमीन पर दिखनी चाहिए। श्री सोरेन शुक्रवार को विभिन्न विभागों के प्रधान सचिव -सचिव की उपस्थिति में जिलों के उपायुक्तों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट्स की प्रगति में तेजी लाने की आवश्यकता है। जन समस्याओं के समाधान को लेकर अधिकारियों को गंभीर होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने इस सिलसिले में विभिन्न जिलों में मनरेगा की योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि योजनाएं कागज पर नहीं, बल्कि जमीन पर दिखनी चाहिए। योजनाओं को लागू करने के प्रति अफसर गंभीर रहें। बैठक की शुरुआत ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा से हुई। मुख्यमंत्री ने इस सिलसिले में विभिन्न जिलों में मनरेगा की योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। बाद में सीएम ने पंचायती राज विभाग और अनुसूचित जाति-जनजाति अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की भी समीक्षा की और जानकारी ली। (शेष 11 पर)

## दुनिया को सेहत, कल्याण की दिशा में एकजुट करता है योग : मोदी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने कहा है कि योग विश्व को अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण की दिशा में एकजुट करता है। योग ताकत, सहनशीलता और शांति को बढ़ावा देने के साथ शरीर और मन, दोनों के लिए बहुत लाभदायक है। आइये, हम योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं और आरोग्यता के साथ-साथ शांति की भावना को आगे बढ़ाएं। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में 21 जून को आयोजित योग समारोह में हिस्सा लेने जा रहे श्री मोदी ने शुक्रवार को इस संबंध में संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष कसाबा कोरोसी के एक ट्वीट का उत्तर देते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में आपसे मिलने के लिए उत्सुक हूं। आपकी सहभागिता कार्यक्रम को और भी विशिष्ट बनाती है। योग विश्व को अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण की दिशा में एकजुट करता है। यह विश्व स्तर पर और लोकप्रिय होता जा रहा है।

**20 से पीएम विदेश यात्रा पर:** पीएम मोदी 20 जून से अमेरिका और मिस्त्र की यात्रा पर जाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

## हजारीबाग के कोयला कारोबारी को इडी का समन

### 22 जून को हाजिर होने का निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** हजारीबाग के कोयला कारोबारी इजहार अंसारी को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने समन 22 जून पूछछाछ को बुलाया है। अंसारी को रांची जोनल ऑफिस में उपस्थित होने का निर्देश दिया है। गौरतलब हो कि तीन मार्च को हजारीबाग के पेलावल स्थित मिल्लत कॉलोनी में कोयला व्यवसायी इजहार अंसारी के घर 22 घंटे तक इडी ने छापेमारी की थी। छापेमारी में 3 करोड़ 58 लाख रुपये बरामद हुए थे। इसके अलावा संपत्ति से संबंधित कई दस्तावेज भी इडी के हाथ लगी थी।

### आइएएस सिंघल से जुड़ा है मामला

यह मामला निलंबित आइएएस पूजा सिंघल और कोल लिंकेज प्रकरण से जुड़ा हुआ है। पूजा सिंघल मामले में राज्य भर में 14 ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की थी। यह भी बताया जाता है कि पूजा सिंघल जब खनन सचिव थीं, उस समय इजहार अंसारी ने बड़े पैमाने पर कोयले से अवैध कमाई की थी। (शेष 11 पर)

# कामयाबी : घुसपैठ करते पांच विदेशी आतंकवादी ढेर

**एजेंसी**

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में शुक्रवार को नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की कोशिशों को नाकाम कर दिया और इसी दौरान मुठभेड़ में पांच विदेशी आतंकवादियों को मार गिराया। अतिरिक्त पुलिस निदेशक विजय कुमार ने बताया कि सेना और पुलिस के जवानों ने विशेष सूचना के आधार पर केरन सेक्टर के जुमागुंड में घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों के एक समूह को रोका, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गयी। सुरक्षा बलों की कार्रवाई में पांचों आतंकवादी मारे गये। सेना को शुक्रवार को बड़ी कामयाबी हाथ लगी।

मुठभेड़ में मारे गये आतंकवादियों की पहचान और उसके संगठन की जानकारी जुटायी जा रही है। उल्लेखनीय है कि इस साल कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की यह पहली बड़ी कोशिश है, जिसे नाकाम कर दिया गया है। तीन दिन पहले कुपवाड़ा के माछिल सेक्टर में भी मुठभेड़ हुई थी, जिसमें दो हिज्बुल मुजाहिदीन के सदस्य एवं संदिग्ध आतंकवादी मारे गये थे। इस साल कुपवाड़ा जिले में घुसपैठ की पांच कोशिशें नाकाम की जा चुकी हैं। इससे पहले भी सेना ने 15 जून को जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में आतंकी घुसपैठ की कोशिश नाकाम करते हुए नियंत्रण रेखा के पास से बड़ी संख्या में हथियार और गोला-बारूद बरामद किये थे।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## विश्व मरुस्थलीकरण एवं सूखा निवारण दिवस

### संदेश

वनों से मानव जीवन के लिये आवश्यक ऑक्सीजन, विभिन्न प्रकार की औषधियाँ, लकड़ी, फल, फूल, बीज, लाह, गोंद, पत्ते, जलावन इत्यादि सीधे रुप से प्राप्त होते हैं। अप्रत्यक्ष रुप से भी वन हमें अनेकों लाभ पहुँचाते हैं यथा यह मिट्टी, पानी आदि को बांधकर भू एवं जल संरक्षण कार्य करते हैं।

वनों पर मानव की बढ़ती निर्भरता तथा उनकी गुणवत्ता में शनैः शनैः ह्रास के कारण आज सम्पूर्ण विश्व बढ़ते मरुस्थलीकरण (Desertification) की समस्या का सामना कर रहा है। इस कारण हवा एवं जल का प्रदूषण हो रहा है। मरुस्थलीकरण बढ़ने से जहाँ एक तरफ पानी की समस्या उत्पन्न हो रही है, वहीं दूसरी तरफ भूमि की उर्वरता कम होने से खाद्यान्न के उत्पादन में कमी हो रही है। विशेषकर झारखण्ड राज्य में आज की यह परिस्थिति हमारे जीवन तथा अन्य जीव जन्तुओं के लिये खतरे का द्योतक है। जल एवं खाद्य पदार्थ जैसे आधारभूत तत्वों में कमी आने से हम मानव जीवन का अस्तित्व संकट में आ जायेगा। वन विभाग के द्वारा मरुस्थलीकरण को कम करने के लिये निरंतर विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं, किन्तु इसमें आम नागरिकों को विशेषकर ग्रामीण भाईयों बहनों को भी अधिक जागरुक होने की आवश्यकता है। अतः सम्पूर्ण विश्व के लोगों को जागरुक करने के लिये आज 17 जून को **"विश्व मरुस्थलीकरण एवं सूखा निवारण दिवस"** मना रहा है।

आज "विश्व मरुस्थलीकरण एवं सूखा निवारण दिवस" पर मेरी सभी राज्यवासियों से अपील है कि अधिक से अधिक वृक्ष लगाएँ, वृक्ष बचाएँ, जल संचयन करें, वनों को आग से बचाएँ तथा मिट्टी में प्राकृतिक विधि से उपचार करें। इससे बढ़ते मरुस्थलीकरण पर अंकुश लगाया जा सकता है तथा मानव के अस्तित्व को बचाया जा सकता है।

**जोहार।**

**हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PRNO 300207 ( Forest,Environment and Climate Changes) IPRD 23-24
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

### मुख्यमंत्री ने पंचायती राज विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की समीक्षा की, कहा

# ग्रामीण क्षेत्रों में प्रज्ञा केंद्रों की संख्या बढ़ायें अगले तीन महीने में कार्यप्रणाली भी सुधारें

## डिजिटाइजेशन के लक्ष्य को हर हाल में पूरा करने का निर्देश



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन पंचायती राज विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी जिलों के उपायुक्त ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक संख्या में प्रज्ञा केंद्र स्थापित करना सुनिश्चित करें। सभी गांवों में प्रज्ञा केंद्र संचालित करें। उन्होंने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से लोगों को छोटे.छोटे कार्यों के लिए प्रखंड कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े, इस सोच के साथ प्रज्ञा केंद्रों को पूर्णरूपेण कार्यरत करें। आम जनता को जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, नया आधार कार्ड बनाना तथा आधार कार्ड में भूल सुधार आदि कार्य उनके निकटतम प्रज्ञा केंद्र में ही ससमय उपलब्ध कराया जा सके। इस लक्ष्य के साथ कार्य करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अगले 3 महीने के अंदर राज्य के सभी प्रज्ञा केंद्रों में बिजली, पानी, जनरेटर, इंटरनेट कनेक्टिविटी एवं सिक्योरिटी सहित अन्य जरूरी सुविधा हर हाल में उपलब्ध करायी जाये। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी प्रज्ञा केंद्रों में कंप्यूटर की उपयोगिता शत प्रतिशत सुनिश्चित होनी चाहिये। प्रज्ञा केंद्रों में कंप्यूटर कार्यरत रहेगा, तभी सभी प्रकार के प्रमाण पत्र बनाने में सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि प्रज्ञा केंद्रों में बैंक से संबंधित कार्य एवं पोस्ट ऑफिस से संबंधित कार्यों की सुविधा भी सुनिश्चित करायी जाये।

उन्होंने निर्देश दिया कि राज्य के सभी पंचायत भवनों में प्रज्ञा केंद्र स्थापित होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में राज्य में लगभग 20 हजार प्रज्ञा केंद्र कार्यरत है। आने वाले दिनों में प्रज्ञा केंद्रों की संख्या बढ़ाकर 35 हजार तक करने का कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्य में कार्यरत सखी मंडल की महिलाएं भी प्रज्ञा केंद्र संचालित कर सकें, इस निमित्त एक बेहतर कार्य योजना तैयार करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार डिजिटाइजेशन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। प्रज्ञा केंद्रों के बेहतर संचालन से ही डिजिटाइजेशन की सोच को साकार किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि पंचायतों को सशक्त करने के संकल्प के साथ योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य करें। पंचायती राज विभाग 15वें वित्त आयोग की राशि का उपयोग भी सुनिश्चित करे। योजनाओं को पूर्ण करने निमित्त 15वें वित्त आयोग से बैकअप सपोर्ट लें। पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं का ससमय ऑडिट करने का कार्य भी सुनिश्चित हो।

इधर, सीएम हेमंत सोरेन ने अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा के क्रम में दिए कई निर्देश। उन्होंने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, छात्रवृत्ति योजनायें एकलव्य मॉडल स्कूल, आवासीय विद्यालय, आश्रम स्कूल और पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यकों के लिए आवासीय विद्यालय के संचालन से जुड़ी जानकारी ली।

विभाग की ओर से मुख्यमंत्री को बताया गया कि पिछले वित्तीय वर्ष में मुख्यमंत्री रोजगार योजना के तहत 146 करोड़ रुपए में से लाभुकों के बीच 104 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना अंतर्गत लाभुकों को मदद, उनकी मॉनिटरिंग करने का भी काम करें।

### महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की समीक्षा की, कहा

# राज्य के बुजुर्गों को पेंशन का लाभ दें

**2 वर्षों में किसानों के बीच 10,912 करोड़ रुपये की राशि किसान क्रेडिट कार्ड के जरिये वितरित हुई**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी जिले यह सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र में कोई भी बुजुर्ग वृद्धावस्था पेंशन से वंचित नहीं है। इस संदर्भ में 30 जून तक वे अपनी रिपोर्ट सरकार को समर्पित करें। उन्होंने कहा कि राज्य के कुछ क्षेत्रों में दिव्यांगता के मामले बढ़ रहे हैं । ऐसे में दिव्यांगता क्यों बढ़ रही है। इसकी मैपिंग उपायुक्त अपने स्तर पर करायें। राज्य में लगभग 11 हजार आंगनबाड़ी केंद्रों का भवन बनाया जाना है। इसके लिए जमीन की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में सभी उपायुक्त कदम उठायें। डीएमएफटी तथा सीएसआर फंड से भवन निर्माण का कार्य सुनिश्चित करें। विभाग की ओर से बताया गया कि राज्य में पंचानवे प्रतिशत दिव्यांगों को दिव्यांगता पेंशन से लाभान्वित किया जा चुका है। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 9 लाख बच्चियों को इसका लाभ सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें से 7 लाख 29 हजार बच्चियों को इस योजना से अब तक जोड़ा जा चुका है।

इधर, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने 14 अगस्त 2023 तक राज्य के शत प्रतिशत पात्र किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड लाभान्वित करें। राज्य में 24 लाख से अधिक किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। हर हाल में यह लक्ष्य प्राप्त होना चाहिए।

विगत 2 वर्षों में किसानों के बीच 10,912 करोड़ रुपए की राशि किसान क्रेडिट कार्ड के जरिए वितरित किया गया है। राज्य के किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता है। पूरी प्रतिबद्धता के साथ किसानों से संबंधित प्रत्येक योजना को पारदर्शिता के साथ उन तक पहुंचाएं। मुख्यमंत्री कृषि ऋण राहत योजना में किसी भी हाल में लापरवाही नहीं बरतें। चिन्हित पात्र किसानों को मुख्यमंत्री कृषि ऋण राहत योजना का लाभ अवश्य पहुंचायें। कृषि ऋण माफी के वैसे लाभुक जो छूटे हुए हैं उनकी वस्तुस्थिति एकत्र कर ऐसे सभी जरूरतमंद किसानों को लाभ पहुंचा कर जनतंजम करने का काम करें। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत वितरित किए गए पशुओं का बीमा अनिवार्य करें। कमेटी बनाकर पशु बीमा इंश्योरेंस में पहुंच रही बाधाओं को दूर करें। वैसे पशु बीमा कंपनी जिन्होंने लापरवाही बरती है उनपर कड़ी कानूनी कार्रवाई करें। वित्तीय वर्ष 2022.23 में मुख्यमंत्री पशु विकास योजना के तहत पशु बीमा हेतु राज्य सरकार ने 12 करोड़ रुपए का प्रीमियम भरा हैए परंतु पशु बीमा का लाभ राज्य के किसानों को नहीं मिल पा रहा है। पशु बीमा का लाभ अनिवार्य रूप से किसानों के मिले यह हर हाल में सुनिश्चित करें। खरीफ फसल के लिए बीज वितरण एवं फर्टिलाइजर सप्लाई का कार्य ससमय पूरा करें। वितरण कार्य में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखें। राज्य के प्रत्येक जिले में फर्टिलाइजर स्टॉकिस्ट बनाएं। यूरियाए डीएपी सहित अन्य फर्टिलाइजर की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

### पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की समीक्षा

# 505 गांवों के हर घर जल सर्टिफिकेशन की प्रक्रिया जल्द पूरी करें : हेमंत सोरेन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को जल जीवन मिशन के तहत इस माह के अंत तक ग्रामसभा करा कर शत प्रतिशत टैप वाटर से आच्छादित 505 गांवों के हर घर जल सर्टिफिकेशन की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया। इसके लिए स्पेशल ड्राइव चलाया जाये। भूमिगत जल के रिचार्ज और सभी तरह के जलाशयों के संरक्षण के लिए एक्शन प्लान तैयार करने का निर्देश दिया। जल की बबार्दी ना हो, इसके लिए सभी तरह के आवासीय परिसरों में वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था को प्रभावी बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाएं। विभाग की ओर से बताया गया कि जल जीवन मिशन के तहत 36 प्रतिशत घरों में नल से पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था हो चुकी है।

इधर, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने डीएमएफटी के अद्यतन कार्य प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने डीएमएफटी फंड का उपयोग प्रत्येक जिला शुद्ध पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, सड़क, आधारभूत संरचना सहित अन्य विकास योजनाओं के कार्य के लिए प्राथमिकता के तौर पर करने को कहा। डीएमएफटी फंड से जनहित की कई योजनाएं ली जा सकती हैं। सही योजना लेकर जरूरतमंद लोगों को अधिक से अधिक लाभ देने का प्रयास करें।

### सीएम हेमंत सोरेन ने 12 विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की

# सभी जिलों में 3 माह में सोलर पार्क योजना शुरू होगी

- सरकार की नीतियां प्रभावी तरीके से लागू हों
- ड्रीम प्रोजेक्ट्स के क्रियान्वयन में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं
- अधिकारियों के सहयोग से राज्य में विकास की नयी ऊंचाइयों को हासिल करेंगे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने 12 विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा के क्रम में सभी उपायुक्तों से कहा कि वे अपने-अपने जिले में एक ही जगह कम से कम 5 एकड़ जमीन उपलब्ध करायें। इस जमीन पर अगले 3 महीने के अंदर सोलर पार्क योजना शुरू की जायेगी। मुख्यमंत्री ने उपायुक्तों से सभी तरीके के सरकारी जमीनों का आईडेंटिफिकेशन करने के साथ वहां सरकार का बोर्ड लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना में 1 लाख एकड़ प्रति वर्ष का हम लोग लक्ष्य था लेकिन आप लोग इसे 25 हजार एकड़ प्रति वर्ष पर ला दिये। इस वर्ष किसी भी कीमत पर इस लक्ष्य को 50 हजार एकड़ पर ले जाना सुनिश्चित करें। प्रत्येक किसान पाठशाला में एक-एक नर्सरी प्रारंभ हो।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक राशन कार्डधारी परिवार के लिए दो-दो फलदार पौधे की व्यवस्था कीजिये। राशन डीलर के माध्यम से पूरे राज्य में इसे एक तिथि निर्धारित करके बंटवाइये। अभी तक पंचायत में एक खेल के मैदान का लक्ष्य पूरा नहीं हुआ है। अपनी कार्यशैली में सुधार लाइये। प्रत्येक पंचायत में 1-1 नये खेल का मैदान स्वीकृत कीजिये। अगली बार रिव्यु में प्रति पंचायत 2 खेल के मैदान की रिपोर्ट मिलनी चाहिए। प्रत्येक खेल के मैदान के चारों तरफ पौधा इसी बरसात में लगाने की व्यवस्था कीजिये, मनरेगा से प्रत्येक गाँव में सिद्धो-कान्हो क्लब बनाना था। उन्होंने कहा कि अभी तक राज्य भर में एक भी क्लब नहीं बन पाया है। अगले 3 महीने में प्रत्येक पंचायत में एक-एक क्लब बनायें। इन क्लबों को पोटो हो खेल के मैदान के देख रेख का जिम्मा दिया जाए एवं प्रति वर्ष खेल सामग्री के लिए कुछ राशि भी दी जायेगी।

दस वर्ष से हम लोग पंचायत भवन बना रहे हैं परन्तु अभी तक पूरा नहीं कर पाए हैं। अगले 3 महीने में जहाँ भवन स्वीकृत नहीं हुआ है वहाँ स्वीकृत कीजिये एवं बिजली, सोलर यूनिट, प्रज्ञा केंद्र, एप्रोच रोड, कंप्यूटर कि व्यवस्था सभी पंचायत भवनों में हो जानी चाहिए। हम पहले भी कहे हैं आप अपने-अपने जिले में खुद के प्रयास से 10 अच्छा प्रोजेक्ट प्रारंभ करवाइए। अपने जिले में कम से कम एक-एक यूनिट स्वीकृत कराइये। 15 दिन के अन्दर सभी आंगनबाड़ी भवनों को अगले 3 वर्ष में बनाने की कार्ययोजना हमारे समक्ष होनी चाहिए।

# तय समय में दाखिल खारिज के मामले निपटायें : मुख्यमंत्री

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को राजस्व भूमि सुधार एवं निबंधन विभाग की समीक्षा के क्रम में दाखिल खारिज के हजारों मामले के लंबित होने एवं निरस्त किए जाने को गंभीरता से लिया। उन्होंने कहा कि जब ऑनलाइन म्यूटेशन की व्यवस्था शुरू की गई है तो फिर दाखिल खारिज के मामलों के निष्पादन में विलंब होना चिंताजनक है। मुख्यमंत्री ने उपायुक्तों को निर्देश दिया कि वे ऑनलाइन म्यूटेशन सिस्टम की निगरानी के साथ उसकी नियमित समीक्षा करें। इस सिलसिले में अंचल अधिकारियों और राजस्व कर्मचारियों के साथ बैठक कर दाखिल खारिज के मामलों के लंबित और निरस्त किए जाने की वजह की जानकारी लें। अगर इसमें जानबूझकर लापरवाही बरती जा रही है, तो संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों पर कार्रवाई हो। तय समय सीमा में दाखिल खारिज के मामले निपटाए जाएं, यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**बिजली आपूर्ति और स्मार्ट मीटर को लेकर दिया निर्देश :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को ऊर्जा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा में कहा कि ऊर्जा विभाग द्वारा लागू की गई वन टाइम सेटेलमेंट स्कीम का अब तक 50, 185 उपभोक्ता लाभ ले चुके हैं। विभाग को बकाया बिजली बिल के रूप में 84.5 करोड़ रुपए की प्राप्ति हुई है। बकाया बिजली बिल की वसूली के लिए विभाग ने यह योजना शुरू की है।

# उरूग्वे पहुंचा सांसदों का मैत्रीय समूह, द्विपक्षीय चर्चा हुई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी के नेतृत्व में भारतीय सांसदों का मैत्रीय समूह ब्राजील के बाद उरूग्वे पहुंचा। इस दल में रांची के सांसद संजय सेठ भी शामिल हैं। उरूग्वे की राजधानी मोंटेवीडियो में भारत के राजदूत दिनेश भाटिया, मेयर मौरिसियो जूनिनो व प्रवासी भारतीयों ने मैत्रीय समूह का स्वागत किया। पहले दिन सदस्यों ने उरुग्वे के संसद भवन का भ्रमण किया। यहां संसद के अध्यक्ष सेबेस्टियन एंदुजर से लोकतांत्रिक विषयों पर विचार विमर्श हुआ। संसदीय दल ने उरूग्वे की उपराष्ट्रपति बीट्रिज आर्गिमोन से मुलाकात कर उन्हें इंडिया गेट का प्रतीक चिन्ह भेंट की। इस मुलाकात में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के नागरिकों और समाज से संबंधित जानकारियों का आदान-प्रदान किया। सांसद श्री सेठ ने बताया कि दोनों देशों के राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक सहित कई महत्वपूर्ण विषय पर विमर्श हुआ। भारत में मोदी सरकार की ओर से संचालित योजनाओं और नीतियों का गहरा सकारात्मक प्रभाव यहां के मंत्री परिषद समूह पर भी देखने को मिला। द्विपक्षीय संवाद के इस कार्यक्रम ने टीम को कई अनुभव दिये। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीति उनके आचार व्यवहार का असर इस भ्रमण में देखने को मिला।



# अभिषेक झा की जमानत याचिका पर सुनवाई टली

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने मनरेगा घोटाले में सस्पेंड आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा की अग्रिम जमानत याचिका की सुनवाई 23 जून तक के लिए टाल दी है। शुक्रवार 16 जून को जमानत याचिका को लेकर सुनवाई हुई। जिस पर न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की एक अवकाशकालीन पीठ ने अभिषेक झा को कोई अंतरिम संरक्षण देने से इनकार कर दिया।

## अभिषेक के वकील ने गंभीर बीमारियों से पीड़ित उनकी बेटी का दिया हवाला

अभिषेक झा की ओर से पेश वकील ने कहा कि वह एक व्यवसायी हैं और अग्रिम जमानत की मांग कर रहे हैं क्योंकि उनकी बेटी गंभीर बीमारियों से पीड़ित है। वकील ने कहा कि इस अदालत ने उनकी पत्नी को बेटी की देखभाल के लिए दो बार अंतरिम जमानत दी है। इस पर कोर्ट ने वकील से कहा कि इन गतिविधियों में शामिल होने से पहले आपको यह सब सोचना चाहिए था। हम आपको इस तरह के मामले में अग्रिम जमानत देने के पक्ष में नहीं हैं।

**कोर्ट का अंतरिम संरक्षण देने से इनकार :** शुक्रवार को न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की एक अवकाशकालीन पीठ ने झा को कोई अंतरिम संरक्षण देने से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा कि उनके खिलाफ आरोप गंभीर है और यह उचित होगा कि वह सरेंडर कर नियमित जमानत की मांग करें।

### जमशेदपुर के एडीएम और एसएसपी हाइकोर्ट में हुए उपस्थित, डीसी रहे अनुपस्थित

# डीसी को निर्देश, 19 जून को हाजिर होकर बतायें कि जमीन पर कब्जा दिलाने को लेकर क्या कार्रवाई हुई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पूर्वी सिंहभूम, परगना धालभूम, मानगो स्थित 3 कट्ठा से अधिक गिरवी पर रखी जमीन को एक्सिस बैंक द्वारा उसके खरीदार को जमीन का दखल नहीं दिलाने मामले में मकसूद आलम व अन्य की याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में शुक्रवार को हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट के आदेश के आलोक में जमशेदपुर के एडीएम (लॉ एंड ऑर्डर) एवं एसएसपी हाईकोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। वहीं डीसी ने प्रशासनिक कारणों का हवाला देते हुए उपस्थित होने से छूट का आग्रह किया था।



कोर्ट में कहा गया कि उपायुक्तों की राज्य स्तरीय बैठक होनी है। इस पर कोर्ट ने 19 जून को जमशेदपुर डीसी एवं एक्सिस बैंक मैनेजर, जमशेदपुर को सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया। साथ ही डीसी को कोर्ट में हाजिर होकर गिरवी रखी जमीन पर बैंक का कब्जा दिलाने को लेकर कार्रवाई के संबंध में अद्यतन स्थिति प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने मामले की सुनवाई की।

दरअसल, कोर्ट ने बीते गुरुवार को मामले की सुनवाई करते हुए जमशेदपुर उपायुक्त एवं एसएसपी जमशेदपुर को शुक्रवार को कोर्ट में सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया था।

**क्या है मामला :** मोहम्मद शाहिद खुशीर्दी ने एक्सिस बैंक लिमिटेड, शताब्दी टावर, सेंड लाइन रोड, जमशेदपुर से 47 लाख रुपए लोन लिया था। इसके बदले उसने पूर्वी सिंहभूम, परगना धालभूम, मानगो स्थित 3 कट्ठा से अधिक की एक जमीन को बैंक के पास गिरवी रखा था। शाहिद खुशीर्दी द्वारा लोन की राशि नहीं चुकाए जाने पर बैंक ने सरफैसी एक्ट के तहत इस पर कब्जा के लिए नोटिस जारी किया। साथ ही उपायुक्त, जमशेदपुर से गिरवी पर रखी गई इस जमीन पर कब्जा दिलाने के लिए आवेदन दिया। उपायुक्त ने इस आवेदन को स्वीकार कर पुलिस को इस जमीन पर बैंक का दखल कब्जा दिलाने को कहा। इसी बीच शाहिद खुशीर्दी ने ऋण वसूली अधिकरण में केस दायर कर दिया। इसी दौरान गिरवी पर रखी गई यह प्रॉपर्टी मोहम्मद मकसूद द्वारा करीब 68 लाख रुपए में खरीद ली गई। बैंक की ओर से उसे उस जमीन का सेल सर्टिफिकेट भी जारी कर दिया गया। इसी दौरान मोहम्मद शाहिद द्वारा ऋण वसूली अधिकरण में दाखिल किया गया केस खारिज हो गया। जिसके बाद एक माह के अंदर बैंक को गिरवी पर रखी गई इस जमीन का दखल कब्जा लेकर इसे खरीदार मकसूद को दिया जाना था लेकिन बैंक ने मकसूद को उनके द्वारा खरीदी गई उक्त जमीन पर दखल कब्जा नहीं दिलाया है। जिसके बाद मकसूद की ओर से हाईकोर्ट में रिट याचिका दाखिल कर इस जमीन पर कब्जा दिलवाने का आग्रह किया गया है।

## हाइकोर्ट में दलबदल मामले की सुनवाई 7 जुलाई को होगी, सिब्बल के बीमार रहने से सुनवाई टली

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** दलबदल मामले से संबंधित मामले में विस्तृत सुनवाई हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में 7 जुलाई को होगी। विधानसभा की ओर से वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल के बीमार रहने के कारण शुक्रवार को सुनवाई टल गई।

पिछली सुनवाई में कोर्ट ने दो बिंदुओं पर सुनवाई के लिए 7 जुलाई की तिथि निर्धारित की थी। जिनमें एक बिंदु में कहा गया है कि यदि कोई राजनीतिक दल अगर विपक्ष के नेता के लिए किसी का नाम देती है तो विधानसभा स्पीकर क्या सिर्फ इस आधार पर इस मामले को लंबित रख सकते हैं कि उनके खिलाफ दलबदल का केस चल रहा है। दूसरे बिंदु में कोर्ट ने कहा है कि क्या हाई कोर्ट को पावर है कि वह विधानसभा अध्यक्ष को विपक्ष के नेता बनाने के लिए निर्देश दे सकता है।

दरअसल, सूचना आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित राजकुमार की अवमानना याचिका, राज्य के 12 संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों के पद रिक्त रहने एवं अन्य दलबदल मामले पर हाईकोर्ट में सुनवाई हो रही है। खंडपीठ ने मामले की सुनवाई के लिए 7 जुलाई की तिथि निर्धारित की है।

# टीवीएनएल की दूसरी यूनिट शुरू भारी लोड शेडिंग से मिलेगी राहत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** 15 दिनों के बाद तेनुघाट थर्मल पावर स्टेशन की यूनिट नंबर दो से बिजली उत्पादन शुरू कर दिया गया है। यूनिट दो से 82 मेगावाट बिजली मिलने लगी। 1 जून को तेनुघाट की यूनिट नंबर दो मेंटेनेंस के लिए बंद की गयी थी। जिससे राजधानी रांची समेत अन्य जिलों में बिजली की किल्लत हुई। यूनिट बंद होने से राज्य में लगभग 180 मेगावाट बिजली की कमी देखी गयी। इस दौरान जेबीवीएनएल ने अतिरिक्त पैसे देकर पावर एक्सचेंज से बिजली खरीदी। जिसके बाद कुछ हद तक लोड शेडिंग रोका गया। लेकिन इसके बाद भी लोगों को घंटों पावर कट का सामना करना पड़ा। टीवीएनएल में मेंटनेंस के कारण जेबीवीएनएल को लगभग 200 मेगावाट अतिरिक्त बिजली खरीदनी पड़ी।

बता दें एक जून से टीवीएनएल की एक यूनिट से बिजली उत्पादन बंद कर दिया गया था। ऊर्जा संचरण निगम की ओर से इस दौरान बिहार शरीफ और पतरातू में लाइन मेंटनेंस का काम किया गया। जिसके लिए यूनिट बंद किया गया। मेंटनेंस कार्य पूरा होने के बाद फिर से बिजली उत्पादन शुरू किया गया। उत्पादन शुरू होने के बाद तेनुघाट से कुल 227 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया गया। प्लांट की कुल क्षमता 420 मेगावाट है। हालांकि राजधानी में अधिकांश बिजली कटौती लोकल फॉल्ट की वजह से हो रही है।


## भीषण गर्मी : आम लोगों के क्या कहने, जानवर को भी चाहिए ठंडक...



फोटो : समीर

## लालपुर में क्रॉकरी गोदाम में लगी आग दमकल की तीन गाड़ियों ने काबू पाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** राजधानी के लालपुर चौक के समीप शुक्रवार को दोपहर चार बजे के करीब एक क्रॉकरी गोदाम में आग लग गई। आग लगने के बाद वहां अफरा-तफरी मच गया। सूचना मिलने के बाद दमकल की गाड़ियां पहुंची और आग पर काबू पाया। आग पर काबू पाने में दमकलकर्मियों को काफी मशक्कत करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने भी आग को बुझाने में काफी मदद की। आग की सूचना पर लोगों की भीड़ भी जमा हो गई। लेकिन अग्निशामक के जवानों ने बहादुरी का परिचय देते हुए घंटो मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। गोदाम में लगी आग में दमकल की 3 गाड़ियां मौके पर रही।

मिली जानकारी के अनुसार यह क्रॉकरी का गोदाम मुकुल तनेजा का है, जो होटल आर्या के पास है। गोदाम में आग कैसे लगी, इस मामले में लालपुर पुलिस जांच कर रही है। हालांकि, आशंका जताई जा रही है कि शार्ट सर्किट के कारण आग लगी है।

## सीएमपीडीआइ ने अनुसंधान एवं विकास विषय पर हैकथॉन का किया आयोजन



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएमपीडीआई द्वारा आईआइटी-आईएसएम, धनबाद में दो-दिवसीय अनुसंधान एवं विकास पर हैकथॉन का आयोजन किया गया। कोयला मंत्रालय के निर्देश पर कोयला खनन क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास पर आयोजित हैकथॉन से संबंधित प्रस्तावों से परिचित कराते हेतु टेक्समिन के स्टार्ट-अप, सिम्फर-धनबाद और सीएमईआरआई-दुगार्पुर के वैज्ञानिकों और एनआईटी-दुगार्पुर के संकायों के साथ इंटरएक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। सीएमपीडीआई के मुख्य प्रबंधक (खनन) मिलन सेन एवं धीरज कुमार ने हैकथॉन पर प्रकाश डाला और 5 चिन्हित समस्या विवरणों पर प्रस्ताव प्रस्तुत करने की प्रक्रिया आदि के बारे में जानकारी दी। उन्होंने अनुसंधान एवं विकास पर हैकथॉन संबंधित अवधारणाओं और समाधानों को प्रस्तुत करने एवं अन्य संबंधित विवरणों के बारे में बताने वाले डेवलप एवं अपलोड किए गए माइक्रोसाइट से अवगत कराया।

सिम्फर-धनबाद के 50 से अधिक वैज्ञानिकों, सीएमईआरआई-दुगार्पुर और एनआईटी-दुगार्पुर के लगभग 35 वैज्ञानिकों/प्रोफेसर और 10 से अधिक स्टार्ट-अप ने इस एंटरएक्टिव सत्र में भाग लिया। इन इंटरएक्टिव सत्र में सिम्फर-धनबाद के निदेशक, आईआईटी-आईएसएम, धनबाद के उप निदेशक, एनआईटी-दुगार्पुर एवं सीमएईआरआई- दुगार्पुर के कार्यकारी निदेशक सहित इन संस्थानों व संगठनों के अन्य संकायों ने भाग लिया। सभी संस्थानों और स्टार्ट-अप के निदेशकों ने अनुसंधान एवं विकास पर इस हैकथॉन के लिए अधिकतम संख्या में प्रस्ताव प्रस्तुत करने का आश्वासन दिया।

### भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री बाबूभाई जबेलिया ने कहा

## भाजपा 24 घंटे जनसेवा के लिए तत्पर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को मंडी संपर्क अभियान में किसान मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री बाबूभाई जबेलिया पंडरा बाजार समिति पहुंचे। श्री बाबू भाई जबेलिया का श्रमिक एवं व्यापारियों ने स्वागत किया। इस अवसर पर किसान मोर्चा के अध्यक्ष पवन साहू, मंडी संपर्क अभियान के प्रमुख ललित नारायण ओझा आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री जबेलिया ने कहा कि भाजपा जनसेवा के लिये 24 घंटे तत्पर है। व्यापारी एवं श्रमिक साथियों के कल्याण के लिए भाजपा संकल्पित है। अन्य




राजनीतिक दल सिर्फ चुनाव में जनता को याद करती है। लेकिन भाजपा के लोग चुनाव में किये गये वायदों को पूरा कर उनके साथ खड़े दिखते हैं। पवन साहू ने सभी को 9090902024 पर मिस कॉल कराकर मोदी जी को संदेश दिलाने का काम किया।

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री एवं मंडी संपर्क प्रमुख ललित नारायण ओझा ने कहा कि पिछले 3 वर्षों में राज्य की मौजूदा सरकार ने जनता को बेहाल कर दिया है। इस राज्य में महिला सुरक्षित नहीं है। युवाओं के हाथ में रोजगार नहीं है। गरीब बड़ी संख्या में पलायन कर रहे हैं। राज्य में फिर से उग्रवादी संगठन पनप रहे हैं। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि झारखंड में फिर से लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भाजपा को भरपूर समर्थन करें। मौके पर अजय मुंडा, संजय जयसवाल, सुरेंद्र नाथ, रामाशंकर तिवारी, शुभम जयसवाल,अभय कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में संतोष सिंह,ध्रुव चिरासिया,दिनेश चौबे, बली राय, संजय यादव, शंकर यादव, सनोज महतो, पिंकी खलको, रीता मुंडा, गीता कुजूर, मथुरा राय, सतेंदर यादव, अखिलेश चौधरी, संजय साहू, ननखी राय, विकी साहू सहित अन्य ने भूमिका निभायी।

## रिनपास को मिला 18 करोड़ रु. का अनुदान




**रांची।** सर्वोच्च न्यायालय में दायर वाद संख्या 339/1986 के दिए गए आदेश के आलोक में रिनपास को वित्त वर्ष 2023-24 कुल 18 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाएगा। राशि के आवंटन के लिए आदेश अलग से निर्गत किया जाएगा। इस राशि का व्यय शासी परिषद के स्वीकृति के बाद ही किया जा सकेगा। इस राशि के निकासी और व्ययन पदाधिकारी रिनपास के निदेशक होंगे। वहीं इसके नियंत्री पदाधिकारी स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह होंगे। मेडिको सिटी के स्थापना के लिए रिनपास के 85.30 एकड़ भूमि का उपयोग किया जा रहा है। इसके लिए अब सरकार ने रिनपास को 18 करोड़ अनुदान राशि के भुगतान की स्वीकृति दी है।

## झाविमो के मुन्ना सिंह कांग्रेस में शामिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा आहूत कार्यक्रम आ अब लौट चलें के नीहित शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में झारखंड विकास मोर्चा के हजारीबाग के पूर्व प्रत्याशी मुन्ना सिंह अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ कांग्रेस का दामन थामा, जिसमें हजारीबाग प्रखंड के कई मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य, आदि शामिल थे। मौके पर हजारीबाग जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, जिला प्रभारी अजय सिंह, महासचिव राकेश सिन्हा, अमुल्य नीरज खलखो, राजीव रंजन प्रसाद, गजेन्द्र सिंह, अशोक सिंह, जय शंकर पाठक, राजेश सिन्हा सिन्नी, दिनेश लाल सिन्हा मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन महासचिव सह कार्यालय प्रभारी अमुल्य नीरज खलखो ने किया।




मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने तमाम नए सदस्यों का कांग्रेस परिवार में माला पहनाकर और कांग्रेस का पट्टा देकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आज बहुत ही खुशी का पल है कि सैकड़ों युवा और जनप्रतिनिधि कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर रहे है। उन्होंने कहा कि राहुल जी की भारत जोड़ो पदयात्रा देश को एक नई दिशा और दशा दे रहा है। यह उसी का परिणाम है कि युवाओं का झुकाव कांग्रेस के प्रति बढ़ा है। आज जिस प्रकार रोजगार के नाम पर मोदी सरकार नौ सालों से युवाओं को ठग रही थी। अब देश के युवा जाग गए हैं और जब जब युवा जागृत होता है तब तब सत्ता परिवर्तन होता है। आज युवाओं की भीड़ बताती है 2024 मोदी सरकार की हार का आगाज है।

मुन्ना सिंह ने कहा कि आज हम अपने घर में वापस लौटकर खुशी महसूस कर रहे हैं। राजेश ठाकुर का सशक्त नेतृत्व और कार्यकताओं के साथ उनका प्यार हमें कांग्रेस का दामन थामने को विवश किया। हम पूर्णरूपेन कांग्रेस पार्टी की सेवा बिना किसी स्वार्थ के करेंगे। पार्टी जहां चाहे, जिस काम में चाहे मुझे लगा सकती है। मैं पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करता रहूंगा।

पार्टी में शामिल होने वालों में गणेश मेहता, प्रमुख, पंचायत समिति सदस्य- मुकेश कुमार, मुन्ना मेहता, निलम देवी, सुरेश प्रसाद, ओम प्रकाश देव, बंसत रविदास, राजेन्द्र मेहता, उपप्रमुख हजारीबाग सदर- रविकांत सिंह, मो अखलाख-मुखिया कटकमसांडी, मो इम्तियाज आलम-मुखिय सदर, लडहन राम, पवन कुमार दव, गणेश बैठा, जीतू यादव, अनिता देवी, डॉ प्रदीप, अधिवक्ता सतीश, राजेन्द्र, सुरेश प्रसाद, बंसत कुमार सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सीएमपीडीआइ में शपथ के साथ स्वच्छता पखवाड़ा की हुई शुरुआत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएमपीडीआई सीएमडी मनोज कुमार ने 16 से 30 जून तक चलने वाले स्वच्छता पखवाड़ा की शुरूआत अपने कर्मियों को स्वच्छता शपथ दिलाकर किया। मौके पर सीएमपीडीआई के निदेशक एसके गोमास्ता, शंकर नागाचारी, अजय कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी सुमीत कुमार सिन्हा, मुख्यालय तथा क्षेत्रीय संस्थान-3, रांची के महाप्रबंधक व विभागाध्यक्षगण, अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।



सीएमपीडीआई में स्वच्छता पखवाडा. के दौरान सिंगलयूज प्लास्टिक को खत्म करने के लिए जागरूकता अभियान, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छ पेयजल आदि और स्वच्छता अभियान अपशिष्ट,कचरे का निपटान, सूचना का वितरण, शिक्षा और संचार (आईसीई) सामग्रियां जैसी गतिविधियां सम्पन्न होगी। लोगों के बीच स्वच्छता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रश्नोत्तरी, निबंध लेखन और ड्राइंग प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

## रवींद्र सिंह ने राज्य कृषि विपणन पार्षद के चेयरमैन का कार्यभार संभाला, कहा- बेहतर करने का करुंगा प्रयास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड राज्य कृषि विपणन पार्षद के नवनियुक्त अध्यक्ष रवीन्द्र सिंह शुक्रवार को इटकी रोड, आईटीआई बस स्टैंड स्थित कृषि विपणन कार्यालय में अपना पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के मौके पर उन्होंने कांग्रेस आलाकमान एवं प्रदेश कांग्रेस के नेताओं के प्रति अभार प्रकट करते हुए कहा कि राज्य के व्यापारियों के तमाम हितों को ध्यान में रखा जाएगा। राज्य के सभी कृषि बाजार में मुलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएगी। ताकि खरीदारों को और व्यापारियों को किसी प्रकार की कठिनाइयों का समाना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि मेरी प्राथमिकता यह होगी कि राज्य के सभी कृषि बाजार मॉडल बाजार के रूप में विकसित हो, किसानों को अधिक से अधिक लाभ मिले, यह कैसे सुनिश्चित हो इस दिशा में भी सार्थक रूप से पहल किया जाएगा।



**कार्यकर्ताओं को सम्मान देने का किया जा रहा है काम : राजेश ठाकुर**

मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि पिछले कई सरकार ने अपने कार्यकाल में बोर्ड निगम का गठन नहीं किया था। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गठबंधन की सरकार ने पहली बार पार्टी के लिए लंबे दिनों से संघर्ष करने वाले एक एक कार्यकताओं को सम्मान देने का काम किया जा रहा है। आने वाले दिनों में पूरी तरह से बोर्ड, निगम, आयोग, सीनेट और सिंडीकेट का गठन हो जायेगा।

**आनेवाले दिनों में मार्केटिंग बोर्ड नये स्वरूप में दिखेगा : बादल**

कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि सरकार सभी 28 बाजार समिति को बेहतर करेगी। आने वाले दिनों में मार्केटिंग बोर्ड नए स्वरूप में दिखेगा। मंत्री ने कहा कि मुझे उम्मीद है रविंद्र सिंह को जो जिम्मेवारी मिली है उसे वे ईमानदारी और मेहनत से निभायेंगे। मौके पर बन्धु तिर्की, कमलेश्वर प्रसाद सिंह, राकेश सिन्हा, अमुल्य नीरज खलखो, जयशंकर पाठक, राजीव रंजन प्रसाद, अशोक चौधरी, विनय सिन्हा दीपू, संजय लाल पासवान, अभिलाष साहु , गजेन्द्र सिंह, अमरेन्द्र सिंह, पूर्व विधायक ममता देवी, आभा सिन्हा, दिनेश लाल सिन्हा, विनिता पाठक, जगरनाथ साहु, राजेश चन्द्र राजू, संतोष सोनी, विभय शाहदेव आदि शामिल थे।

## पीएम प्रसाद को सिस्टा ने बधाई दी



**रांची।** सीएमपीडीआई-कोल इंडिया एससी/ एसटी एम्प्लाइज एसोसिएशन के सदस्यों ने शुक्रवार को सीसीएल सीएमडी पीएम प्रसाद को कोल इंडिया के चेयरमैन बनने पर बधाई दी और बुके देकर स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि उनके चेयरमैन बनने से कोल इंडिया में उत्पादन के साथ साथ कर्मियों का भी विकास होगा। इस मौके पर अध्यक्ष केएम डार्विन सिंह, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार रवि, उप सचिव अशोक रजक, कोषाध्यक्ष अजय लकड़ा, कार्यकारिणी सदस्य उमेश मुण्डा उपस्थित थे।

## सीसीएल में क्वीज प्रतियोगिता आयोजित



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीसीएल और एनआईपीएम रांची चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाऊस, रांची स्थित प्रकाश सभागार में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह क्विज प्रतियोगिता मानव संसाधन एवं अपनी कंपनी को जाने विषय पर आधारित था। जिसमें वैकल्पिक, मौखिक एवं रैपिड राउंड शामिल थे। कार्यक्रम में निदेशक (कार्मिक), हर्ष नाथ मिश्र ने विजयी प्रतिभागियों को बधाई देते हुये कहा कि यह एक ऐसा प्लेटफार्म है जो कर्मियों को अपने कंपनी के बारे में अधिक से अधिक जानने की उत्सुकता को बढ़ाता है और कर्मी भी उत्साह से ऐसे प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं।

इस प्रतियोगिता में सीसीएल मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों के अला अधिकारी (कार्मिक) ने भाग लिया। क्वीज का उद्देश्य वरीय अधिकारियों को कंपनी में प्रचलित एचआर नियमों तथा कोल इंडिया लिमिटेड से सम्बन्धित जानकारियों को और बढ़ाना था। प्रतियोगिता में कविता गुप्ता, मुख्यर प्रबंधक, (का. एवं औ.सं.) प्रथम स्थापन जबकि देवजानी मांडी, प्रबंधक (अधि. स्था,.) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा सभी प्रतिभागियों को सहभागिता के लिए समृति चिन्ह प्रदान किया गया। सभी प्रतिभागियों ने क्वीज की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रतियोताओं से कंपनी से जुड़े तथ्यों के पुनः स्मरण में मदद मिलती है साथ ही स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के भावना का भी विकास होता है।

कार्यक्रम में महाप्रबंधक (एचआरडी), पार्थो भटट्राचार्जी, विभागाध्यक्ष (कल्याण),रेखा पाण्डेय, मुख्यक प्रबंधक (कार्मिक),संजय, मुख्य प्रबंधक (कार्मिक), एस. जमाल, एवं अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मानव संसाधान विभाग की सराहनीय भूमिका रही।

# रांची के लोगों को देखने को मिल रहा जादूगर सिकंदर का नया जादू : हफीजुल हसन

## कला संस्कृति मंत्री ने किया जादू शो का उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के कचहरी रोड स्थित वेंडर मार्केट के ऊपर बने रॉयल हाइट वैंक्वेट हॉल में शुक्रवार की शाम को जादूगर सिकंदर के शो का शुभारंभ मुख्य अतिथि कला संस्कृति, अल्पसंख्यक कल्याण और खेल मंत्री हफीजुल हसन ने किया। श्री हसन और अतिथियों ने मंच पर जैसे ही दीप जलाकर जादू शो का शुभारंभ किया, प्रेक्षागृह तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजने लगा। जादूगर सिकंदर ने जादू के माध्यम से पुष्प हार पहनाकर एवं स्मृति चिह्न देकर सभी अतिथियों का सम्मान किया।

मौके पर श्री हसन ने जादूगर सिकंदर के दस सालों की त्याग, तपस्या, कला साधना और सामाजिक हित में चलाये जाने वाले उनके मैजिक विद मिशन की



भरपूर सराहना करते हुए कहा कि यह सब एक महान शख्सियत ही कर सकता है। उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों की बहुत कमी है। इसलिए इसे जरूर देखें और कलाकार को प्रोत्साहित करें।

तालियों की आवाज बंद होते ही हॉल में जादुई आवाजें गूंजने लगी। आवाज और प्रकाश का सम्मोहन से लोग पल भर में मोहित हो गये, तभी अचानक एक धमाके के साथ प्रकट हुए जादूगर सिकंदर और शुरू हो गया विश्व के महानतम शो मैन द्वारा उपस्थित दर्शकों को रोमांचित और आनंदित करने का दौर। पल-पल एक नया चमत्कार। कभी लड़की को मंच पर बुलाकर हवा में झुलाया, तो कभी सुंदर सी लड़की को खूंखार गोरिल्ला बनाकर सभी को हतप्रभ कर दिया। अफ्रीकी मैजिक यानि विशालकाय डायनासोर को देख कर तो ऐसा लगा कि खुली आंखों से सपना देख रहे हों। कई जन संदेशों से भरा था शो 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नशे से दूर रहे, अपराध ना करें, पाखंडी बाबाओं से सावधान रहें जैसे अनेक संदेश भरे करतब को दर्शकों ने बेहद सराहा। शनिवार से रोजाना ऐसे अचरज में डाल देने वाले कार्यक्रम दिखाये जायेंगे।

## अरगोड़ा थाने के मुंशी पर मारपीट का आरोप

**रांची।** राजधानी के अरगोड़ा थाना की पुलिस पर एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर घायल करने का आरोप लगा है। घटना गुरुवार रात की बतायी गयी है। आरोप है कि हरमू के रहने वाले विनोद सिन्हा के साथ पुलिस ने बेरहमी से मारपीट की है। जानकारी के मुताबिक, विनोद सिन्हा नशे में था। पुलिस द्वारा उसे पकड़ कर अरगोड़ा थाना लाया गया। इसी दौरान थाना के मुंशी से उसकी बहस होने लगी। इसके बाद उसकी पिटाई कर दी गई। इस मामले में सिटी एसपी ने कहा कि प्रथम द्दष्टया जानकारी मिली है कि व्यक्ति नशे में था और खुद को घायल कर लिया।

# रांची नगर निगम के राजस्व संग्रहण का मुख्य जरिया है राजस्व शाखा : शशि रंजन

## नगर निगम प्रशासक की अध्यक्षता में हुई राजस्व शाखा की समीक्षा बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची नगर निगम के प्रशासक शशि रंजन की अध्यक्षता में शुक्रवार को राजस्व शाखा की समीक्षा बैठक हुई। इसमें राजस्व शाखा के पदाधिकारी, कर संग्रहण के लिए कार्यरत एजेंसी के प्रतिनिधि एवं राज्य स्तर के पीएमयू के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

बैठक में प्रशासक ने कहा कि रांची नगर निगम की राजस्व शाखा निगम के राजस्व संग्रहण का मुख्य स्त्रोत है। इसके कारण ही निगम के बहुत सारे कार्य निगम मद से किये जाते हैं। इसलिए जरूरी है कि घृति कर के संग्रहण में पिछले साल की तुलना म्ं वृद्धि की जाये। उन्होंने कहा कि इस दिशा में 2-सी अर्थात कलेक्शन एंड कवरेज पर फोकस करने की जरुरत है और इसके लिए सभी लोगो को टीम बनाकर कार्य करना होगा। उन्होंने कर संग्रहण के लिए कार्यरत एजेंसी के प्रतिनिधियों को कहा कि इस वित्तीय वर्ष में ज्यादा से ज्यादा कर संग्रहण करने का लक्ष्य रखें तथा उस लक्ष्य को प्राप्त करना सुनिश्चित किया जाये।

बैठक में उन्होंने कई दिशा निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि



बड़े बकायेदारों की सूची तैयार कर हर हाल में 30 जून तक होल्डिंग टैक्स की वसूली की जाये एवं जिनके द्वारा भुगतान करने में रुचि नहीं दिखायी जाती है, उन्हें नोटिस निर्गत कर परिसर को सील करने की कार्रवाई की जाये। यह भी निर्देश दिया कि जिन घृतिधारकों के द्वारा विगत दो या दो से अधिक वर्षों से घृतिकर का भुगतान नहीं किया जा रहा है, वे 30 जून तक अपने पूर्व के बकाये राशि का भुगतान करना सुनिश्चित करें, अन्यथा उनकी बिजली एवं पानी का कनेक्शन काटने के लिए नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। इसके अलावा, शहर में जितने भी अन असेस्ड प्रॉपर्टी हैं, जो होल्डिंग टैक्स का भुगतान नहीं कर रहे हैं, वे 30 दिनों के अंदर निगम कार्यालय में स्वकर निर्धारण के लिए आवेदन समर्पित करें। अन असेस्ड प्रोपर्टी अगर पायी जाती है, तो निगम सुओ-मोटो असेसमेट करते हुए उनके कर का निर्धारण कर पेनाल्टी के साथ टैक्स की वसूली करेगा।

नगर प्रशासक ने एजेंसी के प्रतिनिधि को वार्डवार अन असेस्ड प्रॉपर्टी की सूची तैयार करने का निदेश दिया। घृति कर ससमय वसूल करने हेतु वार्डवार वृहत तौर पर प्रचार-प्रसार के साथ-साथ आमलोगों के बीच जागरूकता भी फैलायी जाये तथा जिन घृति धारकों ने अब तक अपने घृति की गणना (सेल्फ असेसमेंट) नहीं की है, उन्हें नोटिस निर्गत करने का निदेश दिया गया। इसके अलावा, रांची नगर निगम द्वारा होल्डिंग टैक्स भुगतान करने का प्रावधान किया गया है, जिसके तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 के ऑनलाइन भुगतान 30 जून तक पूरे वर्ष का टैक्स भुगतान करने पर 10% की छूट दी गयी है। ऑनलाइन भुगतान करने में आम नागरिकों को कोई परेशानी न हो इसके लिए सॉफ्टवेयर की त्रुटियों को सुधारने के लिए कहा गया। इसके अलावा यह भी निर्देश दिया कि सरकारी भवनों से बकाया राशि का भुगतान को उक्त को नोटिस निर्गत करते हुए राशि वसूल की जाये। इसके अलावा, फाइनल असेसमेंट मेमो जेनरेट हो जाने के उपरांत घृति का जियो टैग किया जाये। नगर प्रशासक ने कर संग्रहण के लिए कार्यरत एजेंसी मेसर्स श्री पब्लिकेशन को ट्रेड लाइसेंस की संख्या को बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि निगम क्षेत्र में कोई भी संस्थान बिना ट्रेड लाइसेंस के संचालित न हो। जितने संस्थानों के निर्गत लाइसेंस की वैलिडिटी समाप्त हो गयी है, उन्हें नोटिस निर्गत करने का निर्देश दिया। उपस्थित लोगो में उप प्रशासक रजनीश कुमार, राजस्व शााखा के पदाधिकारी, नगर प्रबंधक एजेंसी के प्रतिनिधि व अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## बहावलपुरी पंजाबी समाज एवं रोटरी क्लब का नि:शुल्क मेगा हेल्थ चेकअप कैंप कल

**रांची।** बहावलपुरी पंजाबी समाज एवं रोटरी क्लब रांची द्वारा 18 जून को कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुनानक भवन हॉल मे निशुल्क मेगा हेल्थ चेकअप कैंप आयोजित किया जा रहा है। सुबह 9:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक आयोजित इस कैंप में शहर के जाने-माने एवं प्रख्यात चिकित्सक स्त्री रोग, ईएनटी, मेडिसिन एवं कार्डियो, ईएनटी, शल्य चिकित्सा, नेत्र रोग, चर्म रोग, शिशु रोग, मूत्र एवं गुर्दा रोग, विकलांग एवं हड्डी रोग, प्लास्टिक सर्जरी, डायबिटीज (मधुमेह), कैंसर रोग एवं पैथोलॉजी से संबंधित परामर्श नि:शुल्क प्रदान करेंगे। इसके अलावा कैंप में ईसीजी, ब्लड ग्रुप, ब्लड शुगर, रक्तदान शिविर, आयुष्मान कार्ड शिविर एवं नि:शुल्क दवा वितरण की व्यवस्था भी की गई है। नेत्र रोग में चिन्हित लोगों को निशुल्क चश्मे भी संस्था द्वारा प्रदान किए जाएंगे। यह शिविर विवेकानंद हस्पताल के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कैंप की तैयारियों को लेकर डॉ सतीश मिढ़ा, ललित किंगर, अश्विनी सुखीजा, नरेश पपनेजा, किशोरी पपनेजा, कवलजीत मिढ़ा, मुकेश बजाज, मोहन खीरबाट, समीर काठपाल, सोनू पपनेजा, प्रमोद चुचरा, आशीष दुआ, हरीश नागपाल, राकेश बरेजा, कामराज खत्री व अन्य पूरी तत्परता से जुड़े हुए हैं।

# पाठ्यक्रम की गुणवत्ता पर ध्यान देने की जरूरत : डॉ बालागुरुस्वामी



## राज्यपाल के एकेडमिक एडवाइजर ने झारखंड राज्य खुला विवि का दौरा किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल-सह-कुलाधिपति के एकेडमिक एडवाइजर डॉ इ बालागुरुस्वामी ने शुक्रवार को झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय का दौरा किया। उनके साथ राज्यपाल के निजी सचिव रणधीर कुमार सिंह भी थे। डॉ बालागुरुस्वामी ने कहा कि शिक्षण संस्थानों में पाठ्यक्रम की गुणवत्ता पर बहुत ध्यान देने की जरूरत है। साथ ही, रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम को ज्यादा से ज्यादा चलाने की जरूरत है, जिससे सुदूरवर्ती इलाकों और ग्रामीण व आदिवासी क्षेत्रों में रहने वाले लोग ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित हो सकें।

एकेडमिक एडवाइजर ने झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय द्वारा किये जा रहे प्रयासों की काफी सरहना की। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद छोटे से अंतराल में जिस तरह से विश्वविद्यालय ने झारखंड के सुदूरवर्ती गांवों और आदिवासी बहुल इलाकों में अध्ययन केंद्र की स्थापना की है, वह काबिले तारीफ है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य का जीइआर राष्ट्रीय औसत के काफी नीचे है और इस औसत को राष्ट्रीय औसत तक पहुंचाने में झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय एक अहम भूमिका निभा रहा है। उम्मीद है कि आगे भी निभाता रहेगा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव, डॉ घनश्याम सिंह ने विश्वविद्यालय के कार्यकलापों का पीपीटी द्वारा प्रेजेंटेशन दिया और बताया कि कैसे विश्वविद्यालय सीमित संसाधनों के बावजदू सारे काम को पूर्णता के साथ करने की कोशिश कर रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ टीएन साहू ने राज्यपाल के एकेडमिक एडवाइजर का पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया और बताया कि झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय की क्या-क्या समस्याएं है। उन्होंने यह भी बताया कि किस तरह से इन समस्याओं का निदान हो सकता है।

# पारस अस्पताल में 9 वर्ष की बच्ची की किडनी बीमारी का हुआ सफल इलाज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पारस अस्पताल रांची में छत्तीसगढ़ से आयी 9 वर्ष की बच्ची की किडनी बीमारी का सफल इलाज किया गया। पारस हेल्थ अस्पताल के किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ एके बैद्य के मुताबिक, बहुत गंभीर स्थिति में वह बच्ची पारस अस्पताल में आयी थी। पहले मरीज को हेमोडायलिसिस पर रख कर स्वस्थ किया गया। बाद में बच्ची का पेरिटोनियल डायलिसिस (पेट का डायलिसिस) किया गया। इस बीमारी में बच्चे को हर आधे घंटे पर भोजन देना पड़ता है, क्योंकि शरीर में ग्लूकोज की मात्रा कम होती रहती है। उन्होंने बताया कि पारस अस्पताल में उपयुक्त और नियमित इलाज के बाद आज वह बच्ची बिलकुल स्वस्थ है तथा उसके माता-पिता भी बहुत खुश हैं।

डॉ बैद्य ने बताया कि बच्ची जब 5 साल की थी, तभी उसे ग्लाइकोजन स्टोरेज डीजीज नामक जानलेवा बीमारी हो गयी थी। यह



बीमारी लाखों में एक बच्चे को होता है।

किडनी रोग के इलाज में 20 वर्षों से ज्यादा का अनुभव रखने वाले पारस हेल्थ अस्पताल के किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ एके बैद्य बताते हैं कि किडनी से संबंधित दो तरह की समस्याएं होती हैं- एक्यूट किडनी फेल्योर और क्रॉनिक किडनी फेल्योर।

एक्यूट किडनी फेल्योर :

इसमें किसी कारण से किडनी अचानक काम करना बंद कर देता है। लेकिन, यदि सही तरीके से इलाज किया जाये, तो सामान्यत: 7 से 15 दिनों में किडनी वापस काम करने लगता है। इसमें मरीज को नियमित डायलिसिस पर नहीं रखना पड़ता है। लगभग 5 से 10 डायलिसिस की आवश्यकता पड़ सकती है। अधिकतम 20 दिनों में मरीज का किडनी फिर से काम करने लगता है।

क्रॉनिक किडनी फेल्योर :

यह काफी जानलेवा होता है। इस बीमारी में यदि किडनी एक बार काम करना बंद कर दिया, तो फिर वापस से वह कभी काम नहीं कर पाता है। इसके मरीज को जीवनपर्यंत (सप्ताह में दो बार के हिसाब से) डायलिसिस पर रखना पड़ता है। यह तब तक करना पड़ता है, जब तक कि उस मरीज का किडनी ट्रांस्प्लांट नहीं हो जाता है।

----

किडनी से संबंधित बीमारी में खास सलाह :

- 20 साल से ऊपर के सभी लोगों को किडनी की जांच करानी चाहिए।
- शरीर में कहीं भी किसी भी कारण से सूजन होने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।

## झारखंड अधिविद्य परिषद में की गयी तालाबंदी

**रांची।** कक्षा 11वीं में गलत तरीके से फेल हुए छात्रों की समस्याओं को देखते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद्, महानगर की ओर से शुक्रवार को झारखंड अधिविद्य परिषद के मुख्य द्वार को बंद कर घेराव किया गया। रांची विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व सचिव सौरव बोस ने अधिविद परिषद् के उप सचिव अरविद कुमार जी से बात करते हुए जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने को ले कर कहा। वहीं मौजूद महानगर मंत्री रोहित शेखर ने छात्रों के पक्ष को संबोधित करते हुए कहा कि अगर अविलंब समस्या का समाधान नही हुआ तो आने वाले मंगलवार को सभी छात्रों के साथ विद्यार्थी परिषद् मुख्य द्वार का घेराव कर अकादमिक परिषद को बंद करने का काम करेगी। झारखंड अकादमिक परिषद के उप सचिव अरविंद कुमार ने कहा कि प्रबंधक जल्द से जल्द एक समिति बना कर इस जटिल समस्या का समाधान करने का प्रयास करेगी और छात्रों के हित में उचित फैसला लेगी।

# हॉट एंड फ्रेश झारखंड होटल का कांके रोड में हुआ शुभारंभ



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के कांके रोड में मंगलवार को हॉट एंड फ्रेश झारखंड होटल का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन हॉट लिप्स के संचालक रंजन कुमार एवं उर्वशी कुमार ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि कांके रोड में रेस्टोरेंट तो बहुत हैं, पर आम लोगों के खान-पान के लिए एक अच्छे होटल की आवश्यकता थी, जो झारखंड हॉट एंड फ्रेश पूरा करेगा। होटल के संचालक मनोज कुमार ने बताया कि हमारे यहां नॉनवेज प्रेमियों के लिए अलग-अलग वैरायटी जैसे चिकन, मटन, मछली के कई स्वादिष्ट व्यंजन काफी किफायती दरों पर उपलब्ध हैं। साथ ही, हम हाइजीन पर भी खासा ध्यान देंगे। ग्राहकों को हमेशा फ्रेश और स्वादिष्ट खाना उपलब्ध कराना ही हमारे इस होटल को खोलने का मकसद है। आशा करते हैं कि ग्राहकों की उम्मीद पर हम खरे उतरेंगे। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में फूड डिलीवरी की भी सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी तथा शादी व पार्टियों का भी आर्डर लिया जायेगा।

## खबर एक नजर में

### मांडर, बेड़ो व चान्हो के आदिवासी अब हो गये हैं जागरूक : शिवा कच्छप

**रांची।** केन्द्रीय सरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष शिवा कच्छप ने कहा है कि ठग, जलसाज, भ्रष्ट और अपराधी तत्वों को आदिवासियों ने बहुत बर्दाश्त कर लिया और अफसोस की बात ये है कि कुछ आदिवासी भी उनसे मिले हुए हैं, लेकिन अब वैसे तत्वों की दाल गलने नहीं देंगे। क्योंकि झारखंड के खासकर मांडर, बेड़ो और चान्हो के आदिवासी अब जागरुक हो गए है। इसलिए ठग, जालसाज और भ्रटाचारी तत्व अपनी हरकतों से बाज आएं व संभल जाएं तो उनके लिए बेहतर होगा। श्री कच्छप ने कहा कि लंबे समय से आदिवासियों एवं मूलवासियों के भोलेपन का फायदा उठाया गया और इसका खामियाजा केवल और केवल आदिवासियों और मूलवासियों को ही उठाना पड़ा है। उन्होंने कहा कि ना केवल केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की लाभकारी योजनाओं में उसका फायदा दिलाने के नाम पर गरीब आदिवासियों से पैसे की अवैध वसूली की गयी बल्कि, सरना स्थल के सौंदर्यीकरण, मसना स्थल की घेराबंदी और धुमकुड़िया निर्माण के नाम पर भी कल्याण विभाग की योजनाओं का लाभ दिलाने का लालच देकर भ्रष्ट एवं अपराधी तत्वों ने न केवल लोगों से पैसे की वसूली की बल्कि दूसरी ओर, कल्याण विभाग से भी राशि की निकासी कर अपना उल्लू सीधा किया है।

### गुरु नानक सेवक जत्था का 23वां स्थापना दिवस आज

**रांची।** गुरु नानक सेवक जत्था के द्वारा शनिवार 17 जून को 23 वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा। इस मौके पर शनिवार को गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा,कृष्णा नगर कॉलोनी गुरुद्वारा साहिब में रोजाना सजने वाले सुबह 8 :30 बजे के दीवान में श्री जपुजी साहिब जी का सामूहिक पाठ किया जाएगा .अरदास, हुक्मनाना एवं कढ़ाह प्रसाद वितरण के साथ दीवान की समाप्ति सुबह 9 :30 बजे होगी। समाप्ति के उपरांत सत्संग सभा द्वारा साध संगत के लिए चाय नाश्ते का लंगर चलाया जाएगा। बताते चलें कि गुरु नानक सेवक जत्था की शुरूआत 17 जून,सन 2000 को हुई. इसकी प्रेरणा गुरुगोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व में पटना साहिब में शामिल होने गए मनीष मिढ़ा एवं साथी नवयुवकों को वहां विभिन्न सेवादारों के जत्थों को देखकर मिली।

### अन्नपूर्णा सेवा में 200 लोगों ने ग्रहण किया भोजन

**रांची।** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित पहाड़ी मंदिर रोड में स्थित श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा में आज स्व. धनवंती देवी की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र नीरज भट्ट, धीरज भट्ट, राजेश भट्ट, कुमार ऋषभ, सीमा राय, ममता राय, राजनंदिनी के द्वारा प्रायोजित था। इस अवसर पर भट्ट परिवार जनों ने स्व० धनवंती देवी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अन्नपूर्णा सेवा में 200 लोगो ने भोजन ग्रहण किया। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित पुरुलिया रोड स्थित स्वर्ण भूमि अन्नपूर्णा सेवा मे 240 लाभुकों ने भोजन प्राप्त किया।

### मधुकम मौजा में हुई अषाढ़ी पूजा

**रांची।** मधुकम मौजा में सरना धर्मावलंबियों के द्वारा मां पूजा( अषाढ़ी पूजा) शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। पूजा मधुकम मौजा के पाहन सोमरा तिर्की और पनभोरा राम टोप्पो की अगवाई में माता बहने अपने पारंपरिक परिधान और लोटा में जल भरकर ढोल नगाड़े के साथ सभी टोले,बरकोचा, सरदार कोचा, कुल्हु कोचा, रुगड़ी गढ़हा , पहान कोचा, नीचे कोचा, मिलन चौक, इरगु टोली, महुआ टोली, और टंगरा टोली के लोग भारी संख्या में शामिल हुए और पूरे गांव का भ्रमण करते हुए देवी मड़ई पहुंचे। पहान के द्वारा पूजा सरना विधि विधान के के साथ चाला धर्मेश सिंगबोंगा से गांव की सुख शांति, अच्छी फसल और अच्छी बारिश की कामना की गई।

# राज्य के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे सीए : रामेश्वर उरांव

## आइसीएआइ का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) नई दिल्ली की रिसर्च कमेटी के तत्वावधान में आईसीएआई की रांची शाखा के द्वारा शुक्रवार को कन्वेंशन सेंटर सीसीएल रांची में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन सिंथेसिस- चेंज, कंटीन्यूटी, ग्रोथ का प्रथम दिन संपन्न हुआ। इस सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव तथा सीए पवन कुमार मिश्रा, निदेशक वित्त, सीसीएल, रांची द्वारा संयुक्त रुप से किया गया। इस राष्ट्रीय सम्मेलन में सीए बिरादरी, सीसीएल और अन्य कॉर्पोरेट प्रतिनिधियों के 600 से अधिक सदस्यों शामिल हुए।

झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने बतौर मुख्य अतिथि सम्मेलन को संबोधित करते हुए इस बात पर प्रकाश डाला कि सीए किस तरह झारखंड राज्य के आर्थिक एवं संपूर्ण विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि चार्टर्ड एकाउंटेंट अपनी सेवाओं के माध्यम से अर्थव्यवस्था को चलाते हैं।

प्रथम सत्र सीए (डॉ.) अनुज गोयल, सेंट्रल काउंसिल मेंबर, आईसीएआई द्वारा प्रस्तुत किया गया । सीए (डॉ.) अनुज गोयल ने रिसर्च में सीए के लिए उपलब्ध नए रास्ते पर बात की। बताया कि किस तरह चार्टर्ड एकाउंटेंट रिसर्च के क्षेत्र में योगदान दे सकते हैं और व्यवसायों को बढ़ने और अंतर्राष्ट्रीय प्रथाओं के अनुकूल बनने में मदद कर सकते हैं। यह भी बताया गया कि आईसीएआई ने आईसीएआई रिसर्च प्रोजेक्ट स्कीम, आईसीएआई डॉक्टोरल स्कॉलरशिप स्कीम शुरू करके कई पहल की हैं, इसके अलावा आईसीएआई अनुसंधान के क्षेत्र में विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों के साथ सहयोग कर रहा है।

दूसरे सत्र की चर्चा सीए दिलीप बी. देसाई ने की। जिसमें प्रतिनिधियों को व्यावसायिक परिदृश्य में नवाचारों के बारे विस्तृत जानकारी दी गयी। तीसरे सत्र सीए गौरव गुप्ता द्वारा लिया गया जहां जीएसटी अपील में विचार किए जाने वाले प्रमुख पहलुओं के साथ जीएसटी में हो रहे हालिया अपडेट पर विस्तृत जानकारी दी। यह भी बताया गया कि सम्मेलन परिवर्तन, निरंतरता और विकास के विषय पर केंद्रित है। इस विषय को वर्तमान युग में प्रसांगिक बताया व कहा कि जहां व्यवसाय अधिक गतिशील और तकनीकी सक्षम हो गए हैं और वर्तमान परिदृश्य में उत्पन्न होने वाली चुनौतियों के लिए पेशेवरों की ओर से अभिनव समाधानों की आवश्यकता है।

कार्यक्रम का समापन स्टैंडअप कॉमेडियन अपूर्व गुप्ता द्वारा प्रतिनिधियों के लिए मनोरंजन कार्यक्रमों के साथ हुआ। मौके पर टीम त्रिताल द्वारा लाइव म्यूजिक परफॉर्मेंस के बाद गाला डिनर किया गया। उपस्थित लोगो में सीआईआरसी के अध्यक्ष सीए किशोर एच. बर्दिया, क्षेत्रीय परिषद सदस्य सीए मनीषा बियानी, सीए अभिषेक पांडे, रांची शाखा के अध्यक्ष सीए पंकज मक्कड़, पूर्व अध्यक्ष सीए प्रभात कुमार, उपाध्यक्ष सीए श्रद्धा बागला, सचिव सीए निशांत मोदी, कार्यकारी सदस्य सीए हरेंद्र भारती, सीए अभिषेक केडिया, सीए उमेश कुमार समेत नेशनल कांफ्रेंस के संयोजक सीए विवेक शर्मा आदि शामिल थे। सम्मेलन के दूसरे व अंतिम दिन शनिवार को अन्य प्रतिष्ठित वक्ताओं द्वारा विभिन्न अन्य प्रासंगिक विषयों पर प्रतिनिधियों को प्रबुद्ध करते हुए फिर से शुरू किया जाएगा।

## राजीव रंजन बने गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजू गिरी उपाध्यक्ष

**रांची।** कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता राजीव रंजन को झारखंड गो सेवा आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, पूर्वी सिंहभूम के राजू गिरी को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। झारखंड गो सेवा आयोग अधिनियम-2005 की धारा-3 और धारा-9 का प्रयोग करते हुए दोनों निर्णय लिये गये हैं। इस संबंध में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबुबकर सिद्दीकी ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार इसे तत्काल प्रभाव से लागू माना जायेगा। झारखंड प्रादेशिक गोशाला संघ के संयुक्त सचिव प्रमोद सारस्वत ने दोनों का बधाई दी है।

स्पीड न्यूज

## घायल के परिजन को मिली मुआवजा राशि

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के गाड़ाडीह गांव के समीप गुरुवार शाम हाथी के हमले से 50 वर्षीय बुधेश्वर महतो गम्भीर रूप से घायल हुये थे। शुक्रवार को वन विभाग के वनपाल दिलीप मुंडा ने घायल के बेटे संजय महतो को इलाज के लिये अग्रिम मुआवजा 5 हजार रुपये दिये। बाकी की राशि कागजी करवाई के बाद देने का आश्वासन दिये। मौके पर हाथी मित्र तापस कर्मकार, रसोराज नागसेन, उप प्रमुख प्रतिनिधि निशिकान्त गोंझु आदि मौजूद थे।

## मांडर : सर्पदंश से बालक की मौत

**मांडर।** थाना क्षेत्र के मांडर बस्ती में गुरुवार रात सात वर्षीय बालक को सांप काटने से मौत हो गाई। बताया जाता है मांडर निवासी इमरान अंसारी के सात वर्षीय पुत्र अहद अंसारी गर्मी के कारण अपने माता पिता के साथ जमीन में लगे बिस्तर में सो रहा था। इसी दौरान सांप ने उसे काट लिया। रात के करीब तीन बजे पेट दर्द कहकर उसके चिल्लाने पर जागे परिवार के लोग उसे अस्पताल ले गये, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। अस्पताल में जांच के दौरान पता चला कि अहद को सांप ने काटा था।

## अलग-अलग मामले के दो आरोपियों को जेल

**मांडर।** पुलिस ने दो अलग-अलग मामले के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार मांडर थाना कांड संख्या 69/ 2023 धारा 306 भादवि के प्राथमिकी अभियुक्त मंगु उरांव पिता छिप्पू उरांव ग्राम नवदी सिलागांई थाना चान्हो जिला रांची एवं मांडर थाना कांड संख्या 92/2023 धारा 379 भादवि के अप्राथमिकी अभियुक्त इमरान अंसारी उर्फ मड़वा पिता कयूमउद्दीन अंसारी उर्फ हजुआ ग्राम बरगडी थाना मांडर जिला रांची को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

## राहे-सोनाहातू में मना रजो पर्व

**सोनाहातू/ राहे।** दोनों प्रखंड में शुक्रवार को उल्लास के साथ रजो पर्व मनाया गया। महिलाओं ने घर के नकारात्मक विचारोंएके साथ घर मे नकारात्मक प्रभाव देने वाले गंदगी को हंडी में रख कर गांव के बाहर फेंक आये। इस परम्परा को दुलमीएनावागांव कटियाडीहए सेरेंगहातूएसहित कई गांव के महिलाओं ने किया। मान्यता है कि इस परम्परा को करने से घर मे सकारात्मक ऊर्जा बहाल होती है तथा घर सदस्यों को बीमारी छू नही सकती। इधर इन गांवों में ग्रामदेवता की पूजन किये और बकरे आदि की बलि देकर अच्छी फसल होने की मन्नत मांगी।

## तैलिक महासभा के नये अध्यक्ष का चुनाव 18 जून को

**कांके।** झारखंड तैलिक साहू महासभा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 18 जून को मुकेश कश्यप की अध्यक्षता में हरमू स्थित स्वागतम बैंकट हॉल में होगी। चुनावी प्रक्रिया के तहत नए अध्यक्ष का चुनाव भी होगा। इस बैठक में अखिल भारतीय तैलिक साहु महासभा झारखंड इकाई के सभी जिलाध्यक्ष प्रदेश कमेटी के सदस्य सहित प्रदेश के डेलिगेट मौजूद रहेंगे। चुनाव पर्यवेक्षक सह मुख्य अतिथि के रुप मे संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री रामलाल गुप्ता मौजूद रहेंगे। चुनाव इनकी देखरेख में संपन्न होगा। झारखंड प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष मदन कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि संगठन को धारदार बनाने हेतु ब्लू प्रिंट तैयार किया गया है।

# जलमीनार निर्माण के लिए गड्ढा खोद भागा संवेदक नाराज ग्रामीणों ने डेकची-बाल्टी के साथ किया प्रदर्शन

### बोरिंग कराया घर-घर, नल भी लगाया, नहीं मिला पानी

खबर मन्त्र संवाददाता



डेकची-बाल्टी लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव हेंदेबिल्ली में हर घर नल जल योजना के तहत घर-घर नल लगा और जलमीनार का गढा कर भाग गया जलमीनार नाराज ग्रामीण अब पानी के लिए प्रदर्शन कर रहे हैं। संवेदक रॉयल एसोसिएट द्वारा दिसंबर मांह में ही निर्माण कार्य शुरू किया गया था। निर्माण पूरा नहीं होने से गांव वालों को पेयजल नहीं मिला। विभाग व जनप्रतिनिधि के प्रति ग्रामीणों में काफी नाराजगी है। गांव के रामकुमार सिंह, राजकिशोर महतो व भुनेश्वर बेदिया सहित महिलाओं ने बताया कि दिसंबर माह में ही हर घर जन जल योजना के तहत बस्ती में अगल-बगल दो डीप बोरिंग किया गया। बिना गड्ढा किए नल का पाइप बिछाये गए। दर्जनों घर में नल लगाया दिया गया। जलमीनार निर्माण के लिए गड्ढा भी खोदा गया, लेकिन न जलमीनार का निर्माण हुआ और न ही किसी घर में एक बूंद पानी पहुंचा। बस्ती में पानी की काफी समस्या है। पूर्व में बने जलमीनार भी भ्रस्टाचार का भेंट चढ चूकी है। दोबारा निर्माण कार्य शुरू हुआ तो बस्ती वालों को पानी मिलने की आस जगी थी। अब गांव वालों को बूंद-बूंद पानी के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

> संवेदक के भाग जाने से निर्माण कार्य अधूरा रह गया। रॉयल एसोसिएट द्वारा हर घर नल जल योजना का निर्माण कार्य करना है। कार्य अधूरा है। इसकी शिकायत जिला में कर दी गई है।
> **प्रभुशंकर राम, जेई पीएचईडी।**

रामकुमार सिंह व राजकिशोर महतो के साथ प्रदर्शन करने में हुलसी देवी, बसंती देवी, झुनी देवी, कुलो देवी, सरिता कुमारी, पूनम देवी, फुलो देवी, सुरोपति देवी, सुषमी देवी, तारालाल यादव, रामचरण यादव, भुनेश्वर बेदिया, संदीप बेदिया, देवनंदन बेदिया, रामा बेदिया, जयकिशुन महतो, बेदिया सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि मुख्यालय से गांव काफी दूर है। इस लिए हम परेशान हैं। गर्मी भी ज्यादा है इसलिए गांव में प्रदर्शन किया गया। गांव का कुआं-तालाब सुख गए हैं। चापानल से पानी निकलता हैं। थोड़ी देर बाद पानी नही निकलती है। गांव के लोग पानी के लिए संघर्षरत हैं।

## अनगड़ा के बीसा में मंडा पूजा का आयोजन

**अनगड़ा।** प्रखंड के बीसा शिव मंदिर में एक दिवसीय मंडा पूजा का आयोजन किया गया। इस मंडा पूजा में 15 भोक्ता और 15 सोक्ताईन शामिल हुए। मुख्य अतिथि के रूप मे भाजपा रांची ग्रामीण के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार एवं विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान उमेश बड़ाईक, उप मुखिया संजय भोक्ता मौजूद थे। मौके पर जैलेंद्र कुमार ने कहा कि अगले बार यहां नौ दिवसीय मंडा पूजा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें झूलन मेला समेत कई प्रकार के कार्यक्रम होंगे।कमेटी के अध्यक्ष दिलीप पाहन ने बताया यहां बनाए जा रहे मंदिर निर्माण का कार्य सितंबर माह तक पूरा कर लिया जाएगा।

# सड़क हादसे के बाद पहुंच पथ को जाम करना पड़ा महंगा, पांच पर एफआइआर

- राहगीरों को हुई परेशानी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** बिजुलिया में 15 जून की सुबह पांच बजे मां सावित्री बस की चपेट में आने से 30 वर्षीय बिरसा उर्फ मंगरा की मौत के बाद भाजपा नेत्री सुमन मिश्र समेत पांच लोगों को पीड़ित परिवार के लिये प्रशासन से ढाई और बस मालिक से दस लाख मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम करना महंगा पड़ा। सीआई संतोष उरांव ने रातू थाने में भादवि की धारा 143, 145, 147, 148, 149, 151, 152, 109, 341, 323, 342, 353 व 506 के तहत कांड संख्या 242/23 दर्ज कराया है। एएसआई महेंद्र कुमार इसके आईओ हैं।

### बनाये गये हैं अभियुक्त

पिस्का मोड़ स्थित उपहार सिनेमा हॉल के नजदीक रहने वाली सुमन मिश्र, उनके पुत्र विशाल मिश्र, दलादिली के सोमरा उरांव की पत्नी और सुमन मिश्र के स्कार्पियो चालक अभियुक्त बनाये गये हैं। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

### यह है आरोप

सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के उद्देश्य से ग्रामीणों को उकसाने, हरवे-हथियार से लैस होकर ब्राम्बे-सिमलिया पथ को 4 घंटे तक बाधित करने व विधि-व्यवस्था की समस्या खड़ी कर राहगीरों को परेशान किये जाने आदि।

# तमाड़: 195 किलो डोडा जब्त, एक गिरफ्तार

- वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस को मिली सफलता

खबर मन्त्र संवाददाता

**तमाड़।** बुंडू अनुमंडल के तमाड़ थाना क्षेत्र के मरधान मोड़ पर वाहन चेकिंग के दौरान रांची पुलिस ने 195 किलो अवैध डोडा लदे पिकअप वाहन समेत एक युवक को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि बुंडू डीएसपी अजय कुमार के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में इस खेप को पकड़ा। हालांकि इस दौरान वाहन चालक ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस के जवानों ने खदेड़कर उसे पकड़ा। ड्राइवर की पहचान बोकारो के चास थाना क्षेत्र निवासी अरविन्द कुमार के रूप में हुई। गाड़ी में लदे 195 किलो डोडा का अनुमानित बाजार मूल्य दो लाख रुपया बताया जा रहा है।

### जड़ी-बूटी लदा समझ डोडा ला रहा था चालक

ग्रामीण एसपी ने बताया कि वाहन चालक, जो वाहन का मालिक भी है उसे बोकारो के किसी व्यक्ति ने ज्यादा किराया देने का लालच देकर जड़ी बूटी लाने के लिए कहा था। ज्यादा भाड़ा मिलने पर वह ज्यादा पूछताछ ना कर डोडा लेने पहुंच गया जिसके बाद पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर उसे वाहन चेकिंग के दौरान पकड़ा गया। ग्रामीण एसपी ने बताया कि इस मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। पुलिस उस व्यक्ति की भी तलाश कर रही है, जिसने यह लालच दिया था।

## इटकी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक में चर्चा

**इटकी।** रथ यात्रा मेला और बकरीद त्योहार को लेकर शुक्रवार को थाना परिसर में शांति समिति की एक बैठक हुई। बैठक में मेला में छेड़खानी की घटनाओं पर नजर रखने व महिला पुलिस की तैनाती पर आवश्यकता जतायी गयी। रथयात्रा के दौरान शांति समिति के सदस्यों को शामिल रहने व शांतिपूर्ण वातावरण में मेला संपन्न कराने सहित कई अन्य विषयों पर चर्चा की गयी।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को भेजा बाल सुधार गृह

### पोक्सो एक्ट में मामला दर्ज

- मेडिकल के बाद नाबालिग का 164 के तहत बयान दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता

**लापुंग।** लापुंग थाना क्षेत्र में एक नाबालिग युवती से नाबालिग युवक के द्वारा दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। लापुंग थाना क्षेत्र के एक गांव में वहशी नाबालिग युवक ने एक नाबालिग लड़की के साथ पहले छेड़छाड़ किया और बाद में घर में अकेले पाकर नाबालिग लड़की को पैरों से फंसाकर जबरन उसके आंतरिक वस्त्र उतार कर उसके साथ दुष्कर्म किया। वहशी दरिंदे ने भुक्तभोगी लड़की को घटना के बाद कहा कि तुम्हारे दीदी और भैया मेरा कुछ नही कर सकते हैं। उन्हें कह देना मैं उनसे नहीं डरता हूं। तभी घटनास्थल के आसपास शोर-शराबे के कारण लोग जुटने लगे तभी युवक वहां से भाग निकला। इस संबंध में नाबालिग भुक्तभोगी लड़की के बयान पर लापुंग थाना में मामला दर्ज किया गया है। मामले की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी सुकुमार हेम्ब्रम ने लापुंग थाना में पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी नाबालिग युवक को बाल सुधार गृह भेज दिया।

### कर्रा से भटक कर पहुंची थी लापुंग

भुक्तभोगी लड़की का मेडिकल जांच कराने के बाद 164 के तहत मजिस्ट्रेट के सामने बयान रिकॉर्ड किया गया। बताया जाता है कि भुक्तभोगी लड़की कर्रा थाना क्षेत्र की रहने वाली है और भटककर लापुंग पहुंच गई थी। एक व्यक्ति ने उसपर दया करते हुए उसे अपने यहां काम पर रख लिया था और उसे अपने घर में आश्रय दिया था। बताया जाता है कि नाबालिग युवक लड़की का पीछा करता था और पिछले दिनों रात में 9 .30 बजे उसे अकेले पाकर उसके घर पर नाबालिग युवक घुस गया और छेड़छाड़ करने के बाद नाबालिग की अस्मत लूट ली। पुलिस ने नाबालिग युवक को निरूद्ध कर उसे बाल सुधार गृह भेज दिया

# डकरा : लावारिश महिला को भेजा गया माहेर आश्रम

**खलारी।** डकरा सेंट्रल हॉस्पिटल से लावारिस महिला को ह्यूमन राइट्स इक्वालिटी फाउंडेशन टीम लापता हेल्प डेस्क डकरा खलारी के द्वारा एम्बुलेंस के माध्यम से बिजूपड़ा के माहेर आश्रम में संरक्षित आश्रय कराया। बताना चाहते है कि 9 जून को महिला लावारिस स्थिति में केडी एच सरना क्लब के पास मिली थी। भटक रही महिला की सूचना स्थानीय मुखिया ललिता देवी द्वारा खलारी पुलिस को दिया गया। थाना प्रभारी फरीद आलम के तत्काल पहल करते हुए महिला को डकरा हॉस्पिटल में रखा गया था, जो कि महिला जख्मी और कमजोर हालात में मिली थी। डकरा हॉस्पिटल में बेहतर उपचार शुरू किया गया। उसके बाद आश्रम भेजा गया।



# गौ माता की सेवा से जीवन में आयेगी खुशहाली

## रातू में श्रीराम कथा और महालक्ष्मी नारायण यज्ञ का समापन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** राजकिला स्थित बगीचा में आयोजित श्रीराम कथा और लक्ष्मी नारायण महायज्ञ समाप्त हो गया। पांच दिनों तक यहां भक्ति का माहौल रहा। महिलाएं उत्साहित दिखी। हवन व आरती के बाद भंडारे में भारी भीड़ उमड़ी। वहींए दिन के दस से तीन बजे तक संत गोपाल मणि महाराज द्वारा श्रीराम कथा पर प्रवचन किया गया। उन्होंने कहा कि श्रीराम कथा, गौ कथा के बिना अधूरी है। इसकी सेवा से इससे व्यक्ति के जीवन में खुशहाली आती है। श्री गोपालमणि ने गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने के लिये प्रचार-प्रसार पर जोर देते हुये 20 नवंबर को दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। इस दौरान भक्ति गीत पर लोग झुमते रहे। इसके उपरांत गोपालमणि महाराज ने यज्ञ स्थल से टाउनघर तक गौ रक्षा के लिये संकल्प यात्रा भी की।

### इन्होंने निभायी भूमिका

माधुरी मंजरी, अजय नाथ शाहदेव, निर्मला भगत, भरत कांसी, रामधीर तिवारी, महावीर विश्वकर्मा, बाबू साहु, मोहन साहु, सरिता केशरी, कैलाश बैठा, पुष्पा देवी, करुणा तिवारी, सूरज साहु, किरण देवी, श्याम किशोर तिवारी, प्रतिमा तिवारी, शिवनरायण प्रजापति, गीता देवी, मीरा देवी, प्रकाश बैठा, जीवन मिर्धा, उमर अली, सत्यनारायण यादव, संजय साहु, अंबिका प्रसाद, अरुण गुप्ता, राजू प्रसाद, गुड्डू साहु, विजय सिंह, तुलसी महतो, मुखराम सिंह, हजारी, सुबोध साहू, प्रकाश गुप्ता व ममता चौहान आदि।

### सुरक्षा के थे कड़े प्रबंध

पियुष पाठक ने आरती की तर्ज पर हनुमान चालीसा का पाठ किया। जगराता में विनय मिश्रा व प्रयागराज की टीम ने जीवंत झांकी प्रस्तुत किये। भक्ति गीत-संगीत से मनोरंजन किया। लोगों ने इसे खूब सराहा। कलाकारों पर धन की बारिश भी हुयी। सुरक्षा के कड़े प्रबंध थे। इसकी कमान डीएसपी प्रवीण सिंह और थानेदार सपन महथा ने संभाली।

## औरंगाबाद के जेवर दुकान में लूट कांड का खुलासा

**रातू।** रातू और बिहार पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में औरंगाबाद नगर थाना कांड संख्या 388/23 का खुलासा करते हुये काठीटांड़ रानी बागीचा रोड नंबर-1 निवासी नंदलाल साहू के मकान में बतौर किरायेदार रूपेश कुमार विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसकी निशानदेही पर कमड़े के एक घर में छापेमारी की गयी। इस दौरान देशी पिस्टल, कट्टा और भारी मात्रा में जिंदा कारतूस बरामद किये गये हैं। आरोपी ने यह आग्नेयास्त्र गिरोह के सरगना पटना मीठापुर के अरुण सिंह का होने की बात स्वीकार कर ली है। वह गढ़वा जिले के भवनाथपुर सिंदुरिया का रहने वाला है। थाना प्रभारी शशि कुमार राणा ने बताया कि रूपेश पेशेवर अपराधी है। घटना को अंजाम देने के बाद यह गिरोह विभिन्न ठिकानों को अपना आशियाना बना कर परिवार के साथ रहता है, ताकि किसी को उन पर कोई शक न हो सके। उन्होंने बताया कि अरुण सिंह फरार है। छापेमारी में बिहार पुलिस के अलावा रातू थाने के एसआई शेखर सिंह, एएसआई महेंद्र कुमार व पुलिस कर्मी आदि शामिल थे।

एक नजर में

## जमीन विवाद में मारपीट, तीन घायल

**ठाकुरगांव।** पिठोरिया थाना क्षेत्र के काटमकुली गांव में जमीन विवाद में एक पक्ष के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में दो ग्रामीणों का इलाज रिम्स में चल रहा है जहां उनकी स्थिति गंभीर है। मामले को लेकर पीड़ित दिनेश साहु ने बारह नामजद आरोपियों के विरुद्ध थाना में मामला दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार गांव के बलराम साहु, अशोक साहु व दिनेश साहू के पुश्तैनी जमीन में दूसरे पक्ष के लोगों से विवाद चल रहा था। इसी बीच दूसरे पक्ष के बसंत साहु, रोहित साहु, जगन साहु, प्रदीप साहु, राजेन्द्र साहु, दीपक साहु, सुजीत साहु, कृष्णा साहु, खुर्शीद अंसारी, आजाद अंसारी, तबरेज अंसारी व अख्तर अंसारी ने प्रथम पक्ष के तीनों लोगों को खेत मे हरवे हथियार से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजनों द्वारा घायलों को इलाज के लिए रिम्स में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति गंभीर है। मामले पर थाना प्रभारी अभय कुमार ने कहा कि मामला दर्ज किया गया है। पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।


**सार्वजनिक विज्ञप्ति**

दक्षिण पूर्व रेलवे के नीचे उल्लेखित अनुभाग के अंतर्गत सम्पूर्ण हो चुके अनुभाग में स्थित रेलवे लाइनों तथा परिसरों के सभी प्रयोगकर्त्ताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि अनुभाग के समक्ष वर्णित निर्दिष्ट तारीख को अथवा उसके उपरांत 25000 वोल्ट्स, 50 एचजेड, एसी ओवरहेड ट्रैक्शन तारों में विद्युत प्रवाहित कर दिया जाएगा। उक्त तारीख को तथा से ओवरहेड ट्रैक्शन लाइन को सब समय के लिए विद्युत प्रवाहित माना जाएगा और कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति उक्त ओवरहेड लाइन के निकट न जाएं और न ही उसके करीब कार्य करें। **अनुभागों/यार्डों के नाम:** दक्षिण पूर्व रेलवे में 132/27केवी के तृतीय बे, 30/42एमवीए ट्रैक्शन ट्रांसफॉर्मर सहित फीडर लाइन के साथ सहायक उपकरणों के प्रावधान द्वारा मुरी में क्षमता वृद्धि के संबंध में मुरी टीएसएस (हावड़ा से किमी: 355) से पुनदाग फीडिंग पोस्ट (हावड़ा से किमी: 390) तक 25केवी ओएचई फीडर लाइन का ऊर्जितकरण। **ओएचई की लंबाई किमी में (लगभग):** 35 किमी। **रेलवे:** दक्षिण पूर्व रेलवे। **मंडल:** आद्रा। **ऊर्जितकरण की अनुमानित तारीख:** 19.06.2023.

(PR-299) मंडल विद्युत अभियंता (निर्माण), राँची

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

**कार्यालय:- जिला अभियंता, लातेहार**

पुर्न अल्पकालीन ई-निविदा आंमत्रण सूचना

ई0-संख्या- DOPR/DE/ZP/Latehar- 05/2022-23 (2nd Call)

1. कार्य का नाम :-

| क्र | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | NIT रेफरेन्स संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड महुआडांड अन्तर्गत पलामू डाक बंगला, नेतरहाट का मरम्मति / जिर्णोद्धार कार्य। | 1,41,46,200.00 | 2,83,000.00 | 10,000.00 | 12 माह | 01/2022-23 DOPR/DE/ZP/LATEHAR |
| 2 | प्रखण्ड महुआडांड अन्तर्गत दो मंजिला गेस्ट हाउस, नेतरहाट का मरम्मति / जिर्णोद्धार कार्य। | 1,28,19,000.00 | 2,56,500.00 | 10,000.00 | 12 माह | 02/2022-23 DOPR/DE/ZP/LATEHAR |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :- 22.06.2023
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :-28.06.2023, 5.00 बजे अपराह्न तक।
4. जिला अभियंता, कार्यालय लातेहार में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र (मूल प्रति) एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की जमा करने की तिथि एवं समय :- 01.07.2023 अपराह्न 3:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 03.07.2023 अपराह्न 02:00 बजे।
6. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:- जिला अभियंता, लातेहार।
8. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या- 6205276661 / 7488190211
9. निविदा शुल्क :- किसी भी भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निर्गत मूल बैंक ड्राफ्ट के रूप में **Secretary, Zila Parishad, Latehar** के पक्ष में लातेहार में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
10. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा। अन्य किसी बैंक शाखा से निर्गत बैंक ड्राफ्ट स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
11. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
12. संवेदक को Ucan Certificate संलग्न करना अनिवार्य है।
13. उक्त निविदा में BCD/ जिला परिषद, लातेहार में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
14. विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है।

PR.NO.300236 Rural Development(23-24):D — जिला अभियंता, लातेहार।

**e-Procurement Cell**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI**
**(Behind State Guest House Morhabadi)**
**Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008**

**VERY SHORT TERM E- QUOTATION INVITATION NOTICE**
**Quotation Reference No : BCD/Bld. Div.No.- 1 - 03/2023-24**

Sealed Quotations are invited for the work **Audio Video Work at Conference Hall State Drugs Control Directorate in N.H.M Campus, Namkum, Ranchi** for all Materials from Reputed Shop Keepers/ Manufacturers/Suppliers/Retailers/Distributors and Registered B.C.D. Contractors for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

**Terms and Condition**
1. The quotationer shall furnish Pan,GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.

नोट :-
(1) वेबसाईट में ई-कोटेशन प्रकाशन की तिथि : 17.06.2023 के अपराह्न 3:00 बजे।
(2) वेबसाईट में ई-कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथि : 26.06.2023 के पूर्वाह्न 1:00 बजे तक।
(3) ई-कोटेशन अपलोडेड का हार्ड कॉपी जमा करने तिथि : 26.06.2023 के पूर्वाह्न 3:00 बजे तक।
(4) ई-कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय 26.06.2023 अपराह्न 3:30 बजे।
(5) ई-कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या-1, राँची।
(6) ई-कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 : 0651-2360121
(7) कोटेशनदाता को यू-केन रजिस्ट्रेशन की फोटोकॉपी अपलोड करना अनिवार्य है।

नोट :- जो कोटेशनदाता कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या-1, राँची के कार्यालय में हार्ड कॉपी जमा करेंगे उन्हीं का रेट खोला जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer
Building Construction Department,
Building Division No.-1, Ranchi

PR.NO.300244 Building(23-24):D

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**SOIL INVESTIGATION DIVISION, ADVANCE PLANNING,**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT,RANCHI**
**Nirupan Bhawan, 3rd Floor, Room No. 401,56-Set,Doranda,Ranchi-834002**

**e-Procurement (Very Short Tender Notice)**
**Letter of Invitation (LOI) No.-02/2023-24, 1st Call**
**e-Tender Ref No:– RCD/SID/AP/RAN/02/2023-24** **Date:-15.06.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report (DPR) of Hata- Chaibasa (NH-220) Railway Crossing to Bara Chiru Road and Power Grid Link Road including Replacement of Culverts and Bridges, Proposal for Construction of new Culverts, Bridges, ROB's, RUB's, Complete Land Acquisition Proposal including Ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal, Forest Diversion Proposal and Proposal of Utility Shifting in details etc. as required by the Department (If any) under Road Division Chaibasa in the State of Jharkhand. ***Empanelled consultant with RCD under category-I vide letter No. 3063(S) WE Dated 22.08.2022 are allowed to Bid.** |
| 2 | Tentative Length | 11.18 Km |
| 3 | Period of Completion of Work | 30 Days |
| 4 | Cost of Tender documents | Demand Draft/Banker Cheque of any Scheduled Bank (non-refundable fee) of Rs 5,000/- (Five Thousand) only. EMD:- 2 % of the quoted amount (Net of GST) in the form of current issue of NSC, Fixed Deposits of a Scheduled Bank (all the above mentioned form of Security deposits money issued within the State of Jharkhand) and Bank Guarantee issued by any Scheduled bank anywhere in India duly pledge in favour of Executive Engineer, Soil Investigation Division, Advance Planning, Road Construction Department, Ranchi for a period of 45 days beyond the validity of Bid. |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 19.06.2023 10:30 AM |
| 7 | Last Date/Time of Bid Submission | 27.06.2023 12:00 PM |
| 8 | Last Date/Time of Submission of Tender Fee & EMD | 27.06.2023 12:00 PM |
| 9 | Date and Time of Bid opening | 28.06.2023 12:30 PM |
| 10 | Bid validity | 45 days |
| 11 | Bid Submission Address | Chief Engineer (Communication), Road Construction Department, 1st Floor, Engineer Hostel No.-2, Dhurwa, Ranchi-834004 |
| 12 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Soil Investigation Division, Advance Planning, RCD, Ranchi Mob-9905660677. |

Note:- Only e-Tender shall be accepted.

Sd./-
Executive Engineer,
Soil Investigation Division, Advance Planning,
Road Construction Department, Ranchi.

PR 300291 Road(23-24)#D

# चक्रवात से तबाही

अरब सागर में उठा बिपरजॉय तूफान गुजरात के कच्छ जिले के जखौ पोर्ट से टकरा चुका है। तूफान के बढ़ते प्रभाव के कारण द्वारका, जामनगर, भुज और राजकोट सहित तटीय जिलों में लगातार बारिश हो रही है। बुधवार दोपहर से सौराष्ट्र के कई इलाकों में तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। सौराष्ट्र के कच्छ के 65 गांवों में बिजली कटौती हुई हैं। कोई 12020 बिजली के खंभे क्षतिग्रस्त हो गए हैं। जामनगर ग्रामीण क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित है। अब तक 47 हजार से अधिक नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा चुका हैं। बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए तत्काल 597 टीमें तैयार की गई हैं। अनुमान है कि तूफान के चलते 8 जिलों के 442 निचले गांव बाढ़-बारिश से प्रभावित हो सकते हैं। अकेले कच्छ में करीब 34,300 लोगों को निकाला गया है। इसके बाद जामनगर में 10,000, मोरबी में 9,243, राजकोट में 6,089, देवभूमि द्वारका में 5,035, जूनागढ़ में 4,604, पोरबंदर जिले में 3,469, गिर सोमनाथ जिले में 1,605, लोगों को शिफ्ट किया गया है।

स्टेट इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर (एसईओसी) के मुताबिक, पिछले 24 घंटों में सौराष्ट्र और कच्छ जिलों के 54 तालुकों में 10 मिमी से अधिक बारिश हुई है। देवभूमि द्वारका, राजकोट, जामनगर, पोरबंदर और जूनागढ़ जिलों में विशेष रूप से भारी बारिश देखी गई। केन्द्र और राज्य की ओर से एक लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। चक्रवाप राजस्थान की ओर बढ़ चुका है लेकिन दो लोगों की मौत और 22 लोगों के धायल होने की सूचना प्रशासन के लिये सकून का विषय है। राजस्थान में चक्रवात का असर कम हो गया है लेकिन राजस्थान में भी सावधानी बरती जा रही है। शेष मूल्यांकन अभी शेष है।

# अगंभीर राजनीति

देश एक वैसे दौर से गुजर रहा है जहां अगंभीर राजनीति लगातार वट वृक्ष का रूप लेती जा रही है। देश के हित में लिये गये निर्णयों पर भी ऐसा विवाद किया जा रहा है जैसे देश कुछ खास लोगों का है और वे ही इस देश की चिंता करते हैं। यूक्रेन के युद्ध और महंगाई से प्रभावित दुनिया को कोरोना के चार लहर का असर झेलना पड़ रहा है ऐसे में भारत इसके प्रभाव से बचा रहेगा ऐसा मानना मूर्खता है। ऐसे में हर कदम उठाने के पहले चिंता और चिंतन की आवश्यकता है। लेकिन देश की चुनावी राजनीति और सिर्फ चुनाव जीतने के लिये की गयी अगंभीर राजनीति से आम लोगों विशेषकर युवाओं को भारी भ्रम की स्थिति पैदा हो रही है। इस स्थिति का लाभ देश के असमाजिक तत्व भी उठा रहें है जैसा देखने में आ रहा है। देश में युवाओं के रोजगार के लिये लाई गयी अंग्निपथ योजना का विरोध हो या रेल परीक्षा परिणाम के विरोध का मसला विरोध में हिंसा और आगजनी के साथ रेल जलाने का अपराध क्षम्य नहीं है। उदारीकरण के तीस साल बाद हम निजी नौकरियों को लेकर गंभीर न होकर सरकारी नौकरियों के प्रति आग्रह कम नहीं हो रहा है। विशेषकर बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश सहित हिंदी पट्टी के राज्यों में सरकारी नौकरी एक सम्मान और आर्थिक संपन्नता का परिचायक है। जबकि हमारे देश में 55 लाख युवा आइटी और स्टॉर्ट अप से बेहतर जॉब कर रहें है और बेहतर जॉब दे भी रहें हैं। यह भी सच है कि सरकारी सेवा सीमित है और उसे एक सीमा से अधिक बढ़ाया जाना संभव नहीं है। निजी क्षेत्र के तेज विकास से देश आर्थिक महाशक्ति बन सकता है और इसी दिशा में हर राजनेता को बल देना चाहिए। लेकिन भ्रम और राजनीतिक लाभ के लिये किसी ब्यानबाजी से बचाना चाहिए। सरकार और प्रतिपक्ष दोनों को विकास को लेकर एक मत होना चाहिए।

# दक्षिण और उत्तर का गहराता अंतर


**आठ** नवंबर, 2016 को हुई नोटबंदी के कुछ दिन बाद दक्षिण भारत के दो राज्यों की कुछ दिनों की यात्रा ने मुझे यह बात अच्छी तरह याद दिला दी थी कि कैसे दक्षिण भारत के राज्य उत्तर के राज्यों से अलग हैं। वहां बैंकों के बाहर पुराने नोट बदलने की कोई कतार नहीं दिख रही थी। क्रेडिट या डेबिट कार्ड के जरिये या वॉलेट भुगतान अथवा ऑनलाइन लेनदेन अपेक्षाकृत आसान था। दुकानदार भी इस बात पर जोर नहीं देते थे कि हम कुछ खरीदने के बदले नकद राशि ही दें। टूर ऑपरेटर भी बिना किसी अतिरिक्त भुगतान के पुराने नोट लेने को तैयार थे। अपेक्षाकृत शांति थी और जीवन सहज और तनावमुक्त नजर आ रहा था।

यह सिलसिला उत्तर भारत के शहरों और कस्बों के एकदम उलट था। न केवल राजधानी नई दिल्ली बल्कि उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार और यहां तक कि गुजरात के कई इलाकों में भी बैंकों के बाहर लोग लंबी कतार लगाये पुराने नोट बदलने की कोशिश में खड़े थे। इन जगहों के कारोबारी भी ऑनलाइन भुगतान लेने के इच्छुक नहीं थे और नकदी पर जोर दे रहे थे। कुल मिलाकर असहज करने वाला माहौल था।

2020 और 2021 में किसानों द्वारा तीन कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन करने पर भी ऐसा ही घटनाक्रम हुआ। पहले माना जा रहा था कि इन कृषि कानूनों का विरोध देशव्यापी है और पूरे देश के किसान इन कानूनों को लेकर परेशान हैं। लेकिन महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में कुछ शुरूआती विरोध के बाद किसान आंदोलन जल्दी ही पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और बिहार के किसानों का आंदोलन बनकर रह गया।

दक्षिण भारत के किसानों ने इन नये कानूनों की अनदेखी की। एक बार फिर दक्षिण के राज्यों ने केंद्र के नीतिगत फैसले पर उत्तर के राज्यों की तुलना में अलग ढंग से प्रतिक्रिया दी।

पिछले कुछ दिनों से मोदी सरकार की सैनिक भर्ती योजना अग्निपथ को लेकर भी विरोध का सिलसिला मोटे तौर पर उत्तर भारत में ही केंद्रित है। तेलंगाना में कुछ घटनाएं हुईं लेकिन बाद के दिनों में विरोध मोटे तौर पर उत्तर भारत में सीमित रहा। इससे पता चलता है कि कैसे केंद्र की अहम नीतिगत पहलों को लेकर दक्षिण भारत का रुख उत्तर से एकदम अलग है।





-ए के भट्टाचार्य

> दक्षिण के कई राज्यों में आबादी की कृषि पर निर्भरता कम हुई है। इसके चलते विनिर्माण को गति मिली और इन राज्यों में तकनीक सक्षम सेवा क्षेत्र में भी मजबूती आई। शिक्षा के प्रसार, स्वास्थ्य सेवाओं और बुनियादी ढांचे में सुधार हुआ। इन क्षेत्रों में दक्षिण के राज्य उत्तर के राज्यों से काफी आगे हैं। इसके विपरीत दक्षिण भारत के राज्यों का राष्ट्रीय राजनीति में वह कद नहीं है जो उत्तर और पश्चिम के राज्यों का है।

पुराने लोग याद करेंगे यह कोई नया रुझान नहीं है। जून 1975 में जब इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाया तब भी

दक्षिण भारत के राज्यों का रुख उत्तर के राज्यों से एकदम अलग था। ऐसी तमाम अन्य घटनाएं भी मिलेंगी जहां केंद्र की अहम आर्थिक या राजनीतिक पहलों पर इस तरह की प्रतिक्रिया देखने को मिली। परंतु इस सवाल का जवाब आवश्यक है कि दक्षिण भारत की प्रतिक्रिया उत्तर से अलग क्यों रहती है और क्या यह देश के संचालन ढांचे में किसी गहरी खामी की ओर इशारा करता है।

आर्थिक दृष्टि से देखें तो दक्षिण भारत उत्तर और पूर्वी भारत की तुलना में बेहतर गति से विकास कर रहा है। दक्षिण के अधिकांश राज्यों में औसत आबादी वृद्धि उत्तर के राज्यों खासकर उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश की तुलना में कम रही है।

इस वजह से दक्षिण के राज्यों की प्रति व्यक्ति आय भी अपेक्षाकृत बेहतर रही।

दक्षिण के कई राज्यों में आबादी की कृषि पर निर्भरता कम हुई है। इसके चलते विनिर्माण को गति मिली और इन राज्यों में तकनीक सक्षम सेवा क्षेत्र में भी मजबूती आई। शिक्षा के प्रसार, स्वास्थ्य सेवाओं और बुनियादी ढांचे में सुधार हुआ। इन क्षेत्रों में दक्षिण के राज्य उत्तर के राज्यों से काफी आगे हैं। इसके विपरीत दक्षिण भारत के राज्यों का राष्ट्रीय राजनीति में वह कद नहीं है जो उत्तर और पश्चिम के राज्यों का है। अगर 2026 के बाद निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन दोबारा हुआ तो दक्षिण भारत की स्थिति और बिगड़ सकती है। 2002 में हुए संविधान संशोधन के मुताबिक 2026 तक ऐसा किया जाना है। स्पष्ट है कि राष्ट्रीय राजनीति में उत्तर भारत के राज्यों की दावेदारी मजबूत होगी क्योंकि संसद के दोनों सदनों में उनके प्रतिनिधि अधिक होंगे। वहीं दक्षिण के राज्यों की हैसियत कम होगी।

एक राष्ट्रीय दल देश की सरकार चला रहा है लेकिन दक्षिण में उसकी सरकार केवल एक ही अहम राज्य में है। यह तथ्य परेशान करने वाला है और इस बात को रेखांकित करता है कि दक्षिण के राज्यों की चुनावी और राजनीतिक अहमियत कम हो रही है।

उत्तर और दक्षिण भारत की राजनीति में आ रही इस विसंगति का भारत के भविष्य पर भी बुरा असर पड़ सकता है। आर्थिक नजरिये से देखा जाए तो देश के दक्षिणी इलाकों के राज्यों का शेष भारत के बढ़ते बाजार में काफी अहम योगदान हो सकता है। लेकिन दक्षिण भारत के राज्यों की घटती राजनीतिक महत्ता वहां के क्षेत्रीय दलों के लिए भावनात्मक मुद्दा हो सकती है। उत्तर भारत के राज्यों की बढ़ती निर्वाचन शक्ति आगे चलकर इसे और

अधिक चुनौती देगी। दक्षिण के राज्य पहले ही वित्त आयोगों द्वारा केंद्रीय संसाधनों के राज्यों के आवंटन में आबादी और विकास मानकों को आधार बनाने का विरोध कर रहे हैं। इन मानकों के चलते उत्तर भारत के राज्यों को केंद्रीय संसाधनों में अपेक्षाकृत अधिक हिस्सा मिल रहा है। दक्षिण भारत के राज्यों को यह भी लगता है कि वे वस्तु एवं सेवा कर के नये ढांचे में भी मात खा रहे हैं। इस व्यवस्था में खपत करने वाले राज्य को अधिक कर मिलने की प्रवृत्ति है जबकि उन वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन करने वाले राज्यों के हिस्से कम कर आता है। दक्षिण भारत के राज्य इस बात को लेकर भी नाराज हो सकते हैं। यह बात महत्त्वपूर्ण है कि केंद्र सरकार दक्षिण भारत की उत्तर भारत के साथ लगातार बढ़ती इस दूरी पर ध्यान दे। बहुत संभव है कि यह एक अभी शुरू हुई बड़ी समस्या को हल करने के लिए सही समय हो। नीतिगत पहलों तथा सकारात्मक हस्तक्षेपों के माध्यम से इसे जितनी जल्दी हल किया जाएगा, उतना ही अच्छा होगा। यदि ऐसा किया जाता है तो आने वाले दिनों में देश के संचालन ढांचे के लिए बेहतर बात होगी।

## खास बात

# जलता मणिपुर

**सियाराम पांडेय 'शांत'**

**आजकल** राजनीतिक दल हिंसा को शांत करने से अधिक उसे भड़काने में रुचि ले रहे हैं। जिस मैतेई समुदाय पर सशस्त्र हमले हो रहे हैं, उसमें सर्वाधिक हिंदू हैं और कुछ मुस्लिम हैं जबकि हमलावर समुदाय नगा और कुकी ईसाई धर्म में आस्था रखते हैं। मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने के सरकार के प्रस्ताव के चलते इस संघर्ष ने तूल पकड़ा है। नगा और कुकी समुदाय के लोगों को लगता है कि अगर मैतेई को भी अनुसूचित जनजाति में शामिल कर लिया गया तो आरक्षण के तहत मिलने वाले उनके अपने लाभ में विभाजन की स्थिति बनेगी जो उनके समुदाय के लिए मुफीद नहीं है। 30-35 लाख की जनसंख्या वाले मणिपुर में तीन मुख्य समुदाय हैं; मैतई, नगा और कुकी। जनसंख्या में भी मैतई ज्यादा हैं और राज्य में उनका राजनीतिक वर्चस्व भी अधिक है। मणिपुर विधानसभा की कुल 60 सीटों में से 40 विधायक मैतई समुदाय से हैं। शेष 20 नगा और कुकी जनजाति से आते हैं। राज्य के 12 मुख्यमंत्रियों में से दो मैतेई समुदाय के थे। इसके बाद भी मैतेई समुदाय पर हमले समझ से परे हैं।

मणिपुर के मैतेई बहुल कांगपोकी जिले के खामेलोक गांव और इंफाल पूर्वी जिले में हथियारबंद लोगों के हालिया हमले में 12 लोगों का काल कवलित होना और 30 लोगों का घायल होना इस बात का संकेत है कि अधिकारों की जंग में अपना आपा खो चुके कुकी और नगा समुदाय के लोगों के लिए सरकार के निर्देश और कायदे-कानून मायने नहीं रखते। अपनी सुविधा के संतुलन के लिए वे किसी भी हद तक जा सकते हैं।

खामेलोक गांव में कुकी समुदाय के लोगों ने एक रात पहले भी हथियार बंद हमला कर नौ लोगों को घायल कर दिया था। ड्रोन से मैतेई समुदाय के लोगों की लोकेशन जानकर रात के वक्त उन पर उस समय हमले करना जब वे सो रहे हों, कायरता भी है और मानवाधिकारों का हनन भी। एक दिन पहले भी मणिपुर राज्य के बिष्णुपुर जिले के फोगा कचाओ इखाई गांव में कुकी समुदाय के लोगों की ज्यादती देखने को मिली थी। मैतेई इलाकों में बंकर बनाने की कुकी समुदाय की कोशिश की।

# विश्व शांति के लिये योग

## विचार-प्रवाह

**डॉ संजय द्विवेदी**

**दुनिया** में मनुष्य आज बहुत अशांत है। उसके मन में शांति नहीं है। इसलिए सर्वत्र हिंसा, आतंकवाद और अशांति का वातावरण है। ऐसे कठिन समय में योग का अनुगमन और अभ्यास विश्वशांति का कारण बन सकता है। मनुष्य का अगर अपने मन पर नियंत्रण हो। उसे चेतना के तल पर शांति अनुभव हो दुनिया में हो रहे तमाम टकराव टाले जा सकते हैं। वैसे भी कहा जाता है कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन-मस्तिष्क निवास करता है। योग जहां आपके तन को शक्ति देता है वहीं जब आप प्राणायाम की ओर बढ़ते हैं तो वह आपके मन का भी समाधान करता है। मन की शांति के लिए आपको जंगलों में जाने की जरूरत नहीं है। योग आपको आपके आवास पर ही अद्भुत शांति का अनुभव देता है। एकाग्र मन और संतुलित सांसें दरअसल बहुत कुछ साध लेती हैं।

योग दिवस के बहाने यह अवसर एक उत्सव में बदल गया है। योग दिवस के मौके पर हर साल कुछ रिकॉर्ड बन रहे हैं। योग को लेकर देश में उत्साह का वातावरण है। हर आयु वर्ग के लोग अब इस गतिविधि में हिस्सा ले रहे हैं। देश के संत समाज और योगियों ने इस अद्भुत ज्ञान को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए सार्थक प्रयत्न किए हैं।

इसके लोकव्यापीकरण में बाबा रामदेव सबसे चमकदार नाम हैं किंतु उनके अलावा भी विधिध धाराओं से जुड़े संत और धर्मगुरु भी इस विद्या को प्रचारित और प्रोत्साहित करने में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। इसी तरह देश भर के सामाजिक संगठन, विद्यालय और राज्य सरकारें भी इस गतिविधि को प्रोत्साहित कर रही हैं।

**अब** श्री अयोध्या जी के साथ कोई अन्याय नहीं कर सकता है।अयोध्या जी के गौरव और वैभव के साथ किसी को खिलवाड़ करने की छूट नहीं देंगे।

**-योगी आदित्यनाथ सीएम यूपी**

## आपके ट्वीट

**कर्नाटक** में हर महिला के लिए बस यात्रा निशुल्क - एक और गारंटी हुई पूरी !महिलाओं का सशक्तिकरण और आर्थिक बचत - हमारी ज़िम्मेदारी, उनका अधिकार, पूरा करेगी कांग्रेस सरकार।

**– राहुल गांधी**





**सुधारों** को लागू करने में मध्य प्रदेश की सक्रियता देखकर अच्छा लगा। इससे जहां लोगों को बहुत मदद मिलेगी, वहीं राज्य का भी तेजी से विकास होगा।

**– नरेन्द्र मोदी**

# योग शारीरिक और मानसिक रोगों से बचाती है

**जगदीस सिंह अमृत**

**एक स्वस्थ** जीवन शैली अपनाने के महत्व को रेखांकित किया है। वर्ष 2014 में हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इस प्रस्ताव के रखे जाने के बाद, इसे संयुक्त राष्ट्र संघ के सदस्य देशों द्वारा 90 दिनों से भी कम समय में लागू किया गया और दूसरा कारण यह कि इसके सह-प्रायोजक के रूप में 177 राष्ट्र शामिल हुए थे जो किसी भी आम सभा के प्रस्ताव के लिए अब तक की सबसे अधिक संख्या है। कोरोना काल में योग को आत्मसात करने का वक्त योग की प्रथाओं और अवधारणाओं की उत्पत्ति भारत में हमारी प्राचीन सभ्यता की शुरूआत के साथ हुई थी। हमारे महान संतों और ऋषियों ने शक्तिशाली योग विज्ञान को दुनिया के विभिन्न हिस्सों में पहुंचाया और इसे आम आदमी के लिए सुलभ बनाया। यह सर्वाधिक आश्चर्यजनक अभ्यासों में से एक है जो मन, आत्मा और शरीर को सुव्यवस्थित करता है और मन की शुद्धता चाहने वालों के लिए पारितोषिक का काम करता है। योग उन व्यक्तियों के लिए एक आवश्यक उपकरण की तरह है जो दैनिक जीवन में तनाव का सामना कर रहे हैं और साथ ही, अपनी गतिशीलता को सुधारने और अन्य शारीरिक व्याधियों को कम करने के लिए प्रयासरत हैं। कोविड-19 ने मानवता के लिए सबसे बड़ा संकट पैदा कर दिया है। इस महामारी ने मानव जीवन को काफी नुकसान पहुंचाया है और जन-स्वास्थ्य के लिए अभूतपूर्व चुनौतियां पैदा की हैं। अभी जो स्थिति बनी हुई है, उसके कारण हम सभी अपने

## योग

घरों में ही रहने को मजबूर हैं और हमें लगातार संक्रमण के खतरे का डर सता रहा है और इसलिए हमारी चिंता भी बढ़ती जा रही है। इतने लंबे समय तक एक जगह बंधकर रहने की स्थिति ने हमारी अन्य शारीरिक बीमारियों के लिए ईंधन का काम किया है और हमारे मानसिक तनाव और चिंता में वृद्धि की है। सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए उत्पन्न हुए इस संकट ने प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने के और इसलिए एक स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के महत्व को रेखांकित किया है। प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने में योग की प्रभावशीलता कई अध्ययनों से साबित हो चुकी है। योग शारीरिक व्यायाम, सांस लेने के अभ्यास और एकाग्रता की बेहतरी का एक संयोजन है जिससे शरीर और दिमाग सुदृढ़ बनते हैं और हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होती है। योग आसन कई प्रकार के हैं, जिनमें शवासन और शसाकासन से तनाव कम होता है और प्रतिरक्षा प्रणाली की रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़ती है। प्राणायाम जैसे श्वसन अभ्यास से हमारा श्वसन तंत्र मजबूत बनता है और फेफड़ों की कार्यक्षमता बढ़ती है। त्रिकोणासन से रक्त के संचरण में सुधार होता है और सभी अंगों का इष्टतम कामकाज सुनिश्चित होता है, इसलिए योग का अभ्यास न केवल प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने में सहायक है बल्कि यह मानव शरीर के समग्र स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक है। कोविड-19 के हल्के लक्षणों वाले जिन रोगियों को घर पर पृथकवास में रहने की सलाह दी गई है, उन्हें इस घातक वायरस से लड़ने के लिए योग-आसन और सांस लेने का व्यायाम करना चाहिए। चूंकि यह वायरस सीधे फेफड़ों पर असर डालता है, इसलिए श्वसन प्रणाली को मजबूत बनाए रखना अनिवार्य हो जाता है। सुझाए गए योगासन संतृप्ति के आदर्श स्तर को प्राप्त करने और फेफड़ों की कार्यप्रणाली को बहाल करने में मददगार हैं। योग का अभ्यास करने की सलाह न केवल कोविड पॉजिटिव मरीजों को बल्कि वायरस से ठीक हो चुके मरीजों को भी दी जा रही है। यौगिक श्वसन, शुरूआती स्तर के योगासनों और एकाग्रता से मानसिक शांति मिलती है और उन रोगियों के पूरे शरीर में शांति एवं ठंड का आभास होता है।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### सजगता जरूरी

**रेलवे** को सुरक्षा कवच उपकरण प्रत्येक ट्रेन में लगवाने को प्रमुखता देनी चाहिए। रेलवे का आवंटित बजट रेल यात्रियों की सुख-सुविधा के अनुरूप, रेल ट्रैक की मरम्मत आदि पर खर्च किया जाना चाहिए। वहीं तकनीकी अधिकारियों को सिग्नल सूचक नियंत्रण प्रणाली का समय-समय पर निरीक्षण करते रहना चाहिए। सभी पद भी भरे जाने चाहिए।

**–अनिल कौशिक,रांची**

### शानदार उपलब्धि

**जापान** में भारत की जूनियर महिला हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में दक्षिण कोरिया को हराकर इस वर्ष होने वाले जूनियर विश्व महिला हॉकी कप के लिए सीधा प्रवेश किया है। यह हम सभी भारतीयों के लिए गर्व का विषय है। संबंधित राज्य सरकारें भी अपने अपने खिलाड़ियों को नगद राशि की घोषणा करती हैं तो खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ेगा।

**– विनोद कुमार, हजारीबाग**

# बिजली बने लेकिन पर्यावरण का नुकसान न हो

**भरत झुनझुनवाला**

**आज** सम्पूर्ण विश्व बाढ़, तूफान, सूखा और कोविड जैसी समस्याओं से ग्रसित है। ये समस्याएं कहीं न कहीं मनुष्य द्वारा पर्यावरण में अत्यधिक दखल देने के कारण उत्पन्न हुई दिखती हैं। इस दखल का एक प्रमुख कारण बिजली का उत्पादन है। थर्मल पावर को बनाने के लिए बड़े क्षेत्रों में जंगलों को काट कर कोयले का खनन किया जा रहा है। इससे वनस्पति और पशु प्रभावित हो रहे हैं। जलविद्युत के उत्पादन के लिए नदियों को अवरोधित किया जा रहा है और मछलियों की जीविका दूभर हो रही है। लेकिन मनुष्य को बिजली की आवश्यकता भी है। अक्सर किसी देश के नागरिकों के जीवन स्तर को प्रति व्यक्ति बिजली की खपत से आंका जाता है। अतएव ऐसा रास्ता निकालना है कि हम बिजली का उत्पादन कर सकें और पर्यावरण के दुष्प्रभावों को भी सीमित कर सकें।

अपने देश में बिजली उत्पादन के तीन प्रमुख स्रोत हैं। पहला है थर्मल यानी कोयले से निर्मित बिजली। इसमें प्रमुख समस्या यह है कि अपने देश में कोयला सीमित मात्रा में ही उपलब्ध है। हमें दूसरे देशों से कोयला भारी मात्रा में आयात करना पड़ रहा है। यदि कोयला आयात करके हम अपने जंगलों को बचा भी लें तो आस्ट्रेलिया जैसे निर्यातक देशों में जंगलों के कटने और कोयले के खनन से जो पर्यावरणीय दुष्प्रभाव होंगे वे हमें भी प्रभावित करेंगे ही। कोयले को जलाने में कार्बन का

## पर्यावरण

उत्सर्जन भारी मात्रा में होता है, जिसके कारण धरती का तापमान बढ़ रहा है और तूफान, सूखा एवं बाढ़ जैसी आपदाएं उत्तरोत्तर बढ़ती ही जा रही हैं। बिजली उत्पादन का दूसरा स्रोत जल विद्युत अथवा हाइड्रोपावर है। इस विधि को एक साफ सुथरी तकनीक कहा जाता है चूंकि इससे कार्बन उत्सर्जन कम होता है। थर्मल पावर में एक यूनिट बिजली बनाने में लगभग 900 ग्राम कार्बन का उत्सर्जन होता है जबकि जल विद्युत परियोजनाओं को स्थापित करने में जो सीमेंट और लोहा आदि का उपयोग होता है, उसको बनाने में लगभग 300 ग्राम कार्बन प्रति यूनिट का उत्सर्जन होता है। जलविद्युत में कार्बन उत्सर्जन में शुद्ध कमी 600 ग्राम प्रति यूनिट आती है जो कि महत्वपूर्ण है। लेकिन जलविद्युत बनाने में दूसरे तमाम पर्यावरणीय दुष्प्रभाव पड़ते हैं। जैसे सुरंग को बनाने में विस्फोट किये जाते हैं, जिससे जलस्रोत सूखते हैं और भूस्खलन होता है। बैराज बनाने से मछलियों का आवागमन बाधित होता और जलीय जैव विविधिता नष्ट होती है। बड़े बांधों में सेडीमेंट जमा हो जाता है और सेडीमेंट के न पहुंचने के कारण गंगासागर जैसे हमारे तटीय क्षेत्र समुद्र की गोद में समाने की दिशा में हैं। पानी को टर्बाइन में माथे जाने से उसकी गुणवत्ता में कमी आती है। इस प्रकार थर्मल और हाइड्रो दोनों ही स्रोतों की पर्यावरणीय समस्या है। सौर ऊर्जा को आगे बढ़ाने से इन दोनों के बीच रास्ता निकल सकता है। भारत सरकार ने इस दिशा में सराहनीय कदम उठाये हैं। अपने देश में सौर ऊर्जा का उत्पादन तेजी से बढ़ रहा है। विशेष यह कि सौर ऊर्जा से उत्पादित बिजली का दाम लगभग तीन रुपये प्रति यूनिट आता है जबकि थर्मल बिजली का छह रुपये और जलविद्युत का आठ रुपये प्रति यूनिट। इसलिए सौर ऊर्जा हमारे लिए हर तरह से उपयुक्त है। यह सस्ती भी है और इसके पर्यावरणीय दुष्प्रभाव भी तुलना में कम हैं। लेकिन सौर ऊर्जा में समस्या यह है कि यह केवल दिन के समय में बनती है। रात में और बरसात के समय बादलों के आने-जाने के कारण इसका उत्पादन अनिश्चित रहता है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### रिम्स के प्रभारी निदेशक का स्वागत



**रामगढ़।** भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता के नेतृत्व में महामंत्री खिरोधर साहू,मंत्री सह मुखिया राजेंद्र कुशवाहा एवं भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी ने गुरूवार को सदर हॉस्पिटल जाकर रिम्स के नवनियुक्त प्रभारी निदेशक डॉ राजीव गुप्ता को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करते हुए उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। प्रवीण मेहता ने कहा कि रामगढ़ सदर हॉस्पिटल में सेवा दे चुके डॉ राजीव कुमार गुप्ता को रिम्स का प्रभारी निदेशक नियुक्त करना पूरे रामगढ़ वासियों के लिए हर्ष का विषय है साथ हीं हम आशा करते हैं की रिम्स को नए और अनुभवी निदेशक मिलने के बाद अब वहां के मरीजों और अस्पताल की स्थिति में सुधार आएगी।

### कमेटी गठन का विवाद गहराया

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** इच्छा पुरन बाला जी हनुमान मंदिर सह खोपड़ीया बाबा मंदिर कमेटी को लेकर मंदिर संचालन समिति के संयोजक सुरेश उपाध्याय ने छपी खबर का खंडन किया है। उन्होंने भुरकुंडा ओपी के साथ-साथ जिले के वरीय प्रशासनिक पदाधिकारियों को आवेदन की प्रतिलिपि प्रेषित की है। आवेदन में कहा गया है कि कुछ लोगों द्वारा पुरानी कमेटी को बिना सूचना दिए नई कमेटी का गठन कर धर्मशाला में ताला बंद कर दिया गया है। जिसके कारण सभी सामाजिक, धार्मिक, अध्यात्मिक गतिविधियां, निर्माण एवं सुंदरीकरण, हनुमान मंदिर प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा यज्ञ वगैरह पूरी तरह से बाधित हो गया है। पत्र में कहा गया है कि पूर्व की कमेटी को क्यों भंग किया गया और नई कमेटी में नए लोग पुराने सदस्यों के अनुपस्थिति में कमेटी का गठन अपनी मर्जी से किया है।

### कोफिमयू के क्षेत्रीय सचिव को पितृशोक

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कोल फील्ड मजदूर यूनियन के बरका सयाल क्षेत्रीय सचिव अशोक गुप्ता के पिता मुरली साव का शुक्रवार को अकास्मिक निधन हो गया। उनके निधन पर पटेलनगर में शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा मे दिवंगत आत्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। मुरली साव भुरकुंडा कोलियरी सीएचपी में बेल्ट ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थे। सेवानिवृति के बाद वे अपने पैतृक गांव बलिया युपी में रह रहे थे। शोक संवेदना प्रकट करने वालों में युनियन के केंद्रीय सचिव उदय कुमार सिंह, रामाकांत दुबे, पप्पू सिंह, सुधीर कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, मनोज राम, एसएम राजकुमार, रामदेव महतो, संतोष यादव, मंजीत रंजन, हरिशंकर पांडेय सहित अन्य लोग शामिल थे।

### पानी की किल्लत दूर हो : डॉ आशीष

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सरकार द्वारा नल जल योजना के तहत बन रहे टंकी का निर्माण अभी तक नहीं होने से केके कोलियरी में पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है। पिछले 6 माह से पेयजलापूर्ति को ले केके कोलियरी में त्राहिमाम मचा हुआ है। इस भीष्ण गर्मी में झारखंड सरकार की जल नल योजना पूरी तरह से फेल हो चुकी है। लोग पानी की समस्या से त्राहिमाम हैं। उक्त बातें कोल माइंस वर्कर्स यूनियन के बरका-सयाल क्षेत्रीय सचिव सह ऑल झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार ने प्रेस बयान जारी कर कही। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र प्रेषित कर पतरातू प्रखंड अंतर्गत सीसीएल सौंदा एके कोलियरी पंचायत के नकारी कॉलोनी, सेंट्रल सौंदा, सयाल पंचायत को जल नल योजना के तहत सुचारू रूप से पेयजलापूर्ति कराने की मांग की है।

### कोनार नदी पर बन रहे पुल में घटिया निर्माण सामग्री इस्तेमाल का आरोप



**दारू।** दारू खैरिका और गड्या को जोड़ने वाली गड्या कोनार नदी पर करोड़ो की लागत से पुल का निर्माण किया जा रहा है। इस पुल के निर्माण में घटिया सामाग्री और मिट्टी मिले बालू के प्रयोग का आरोप लगाकर गड्या और अम्बादोहर के ग्रामीणों ने काम पर रोकने की बात कही। इस बात का इस पूल का निर्माण करा रहे ठीकेदार पर ग्रामीणों का विरोध और आपत्ति को दरकिनार कर निर्माण कार्य जारी रखा जिससे ग्रामीण काफी आक्रोशित नजर आये। इस बारे में ग्रामीणों का कहना है अभी पूल की बुनियाद का काम चल रहा है जिसमे अत्यंत निम्न स्तर की सामग्री और मिट्टी मिले हुए घटिया बालू का प्रयोग किया जिसे बर्दास्त नही किया जाएगा।आसपास के गांव के कुछ युवा कार्य स्थल पर पहुंचकर खराब गुणवत्ता का कार्य करने का आरोप लगाते हुए कार्य रोकने को कहा हालांकि उनकी इस बात का सेवंदक पर कोई असर नही हुआ और उसने निर्माण कार्य जारी रखा। ग्रामीणों का कहना है कि ठीकेदार द्वारा कार्य स्थल पर रखे गए लोग उन्हें धमकी दे रहे है कि विरोध करने पर उन लोगों को झूठे केस में फंसा दिया जाएगा। पुल निर्माण में घटिया सामग्री प्रयोग करने का आरोप पूर्व में भी लगता रहा है फिर निर्माण बेधड़क किया जा रहा है।

# 11वीं राष्ट्रीय ड्रैगन बोट प्रतियोगिता शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

बरही। राष्ट्रीय ड्रैगन बोट खेल का शुभारंभ प्रखंड के जवाहर घाट (तिलैया डैम) में सम्पन्न हुआ। जिसका विधिवत उद्घाटन हजारीबाग एसपी मनोज रतन चौथे, एसडीपीओ नाजिर अख्तर सहित ड्रैगन बोट के एसोसिएशन के राष्ट्रीय एवं प्रदेश कमिटी के अध्यक्षों एवं अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से किया। विधिवत उद्घाटन के बाद सभी पदाधिकारियों ने बोट में नारियल फोड़कर एवं पूजा कर खेल को लेकर अभ्यास सत्र चलाए गए। अभ्यास सत्र में हजारीबाग एसपी मनोज रतन चौथे एवं अन्य लोग एक बोट से बोटिंग करने

**अभ्यास के दौरान पलटा बोट एनडीआरएफ टीम रही नदारद**

डैम में उतरे, जहां किसी कारणवश बोट में कुछ खराबियां आ गई, काफी जद्दोजहद के बाद किसी तरह एसपी मनोज रतन चौथे एवं अन्य लोगो को सुरक्षित डैम से निकाला गया। साथ ही खिलाडियों के अभ्यास के दौरान भी पानी की लहरे तेज होने के कारण एक खेल बोट खिलाडियों के साथ पलट गई। जिसके बाद खेल को कुछ समय के लिए स्थगित कर दिया गया, चूंकि खेल के दौरान एनडीआरएफ एवं मेडिकल की टीम मौजूद नही थी। इस बाबत खेल के दौरान मजिस्ट्रेट ने व्यवस्था के अभाव में पहले अगले दिन के लिए खेल को रद्द कर दिया। व्यवस्थायों के घोर अभाव के बीच राष्ट्रीय ड्रैगन दौड़ प्रतियोगिता में पूरे देश भर से खिलाड़ियों का उत्साह देखा गया।खिलाड़ियों के लिए इस भीषण गर्मी में भी पीने को पानी तक पूर्ण रूप से मुहैया नहीं कराया गया। वही राष्ट्रीय प्रतियोगिता के शुभारंभ के दौरान एनडीआरएफ की टीम अनुपस्थित रही। राष्ट्रीय स्तर के खेल का आयोजन होने के बावजूद भी मेडिकल टीम की कोई मौजूदगी नहीं दिखी। इस दौरान स्वच्छता का बिल्कुल भी ध्यान नहीं रखा गया।



खेल उद्घाटन के दौरान एसपी मनोज रतन चौथे व अन्य अधिकारी।

# एप पर अपलोड करें भुवन गंगा : डीडीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला गंगा समिति की बैठक हुई। डीडीसी ने जिला गंगा समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी नोडल पदाधिकारी नमामि गंगे योजना सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार सहित समिति अन्य सदस्यों से ली। जिले में स्थित भैरवी नदी व दामोदर नदी के जितने भी सहायक नदियां हैं , उनकी साफ-सफाई को लेकर उप विकास आयुक्त ने भुवन गंगा ऐप के संबंध में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को जानकारी देते हुए बताया कि जिले में जितने भी वाटर ड्रेनिंग या डंपयार्ड है उनकी मैपिंग कर भुवन गंगा ऐप पर अपलोड करना है । इस संबंध में उप विकास आयुक्त ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल एवं नगर परिषद रामगढ़ को आवश्यक कार्रवाई करने हेतु महत्वपूर्ण निर्देश दिए। दौरान उप विकास आयुक्त ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस के अवसर पर जिले में कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर समिति के सदस्यों के साथ चर्चा करने के क्रम में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल , कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल रामगढ़, क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण पदाधिकारी, नगर परिषद के पदाधिकारी अन्य उपस्थित थे।

**रामगढ़ जिला गंगा समिति की बैठक में लिये गये कई निर्णय**

### फ्लोरोसिस को लेकर रामगढ़ के सिविल सर्जन ने की बैठक

**रामगढ़।** सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में सिविल सर्जन डॉ. प्रभात के नेतृत्व में राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण एवं रोकथाम कार्यक्रम के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से बैठक हुई। अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा डेंटल फ्लोरोसिस एवं स्केलेटल फ्लोरोसिस के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही उन्होंने उपस्थित सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को सभी सीएचओ एवं सहियाओं के माध्यम से घर-घर जाकर फ्लोरोसिस की जांच करने एवं व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल द्वारा वैसे जल स्रोत जहां फ्लोराइड की मात्रा अधिक है वैसे स्थानों पर विशेष रूप से ध्यान देने एवं व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। जिला नोडल पदाधिकारी डॉ. सविता वर्मा द्वारा उपस्थित सभी को जानकारी देते हुए बताया गया कि यह बीमारी दांत एवं हड्डी प्रभावित करती है। इसमें हड्डियां टेढ़ी हो जाती है एवं दांतो में भूरे धब्बे एवं क्षरण प्रारम्भ हो जाते हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि फ्लोरोसिस बीमारी से बचने के लिए हमे अपने आहार में ज्यादा से ज्यादा पौष्टिक आहार शामिल करना चाहिए साथ ही नियमित व्यायाम करनी चाहिए।

### कैथा : 20 जून को रथयात्रा में शामिल होंगे चंद्रप्रकाश चौधरी



**रामगढ़।** 20 जून को कैथा में होने वाले रथयात्रा महोत्सव की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। कैथा रथयात्रा महोत्सव को लेकर आयोजन समिति सदस्यों ने गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी से मुलाकात कर उन्हें रथयात्रा के पावन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि व रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी को बतौर विशिष्ट अतिथि आमंत्रित किया। गिरिडीह सांसद ने सहर्ष आमंत्रण स्वीकार करते हुए आयोजन समिति को रथयात्रा महोत्सव की तैयारी में जुटने और स्वच्छता और पवित्रता के साथ आयोजन संपन्न करने की बात कही।

# विधायक सम्मेलन में शामिल हुए जायसवाल

**हजारीबाग।** मुंबई में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन में झारखंड के कई विधायकों के साथ हजारीबाग के बीजेपी विधायक मनीष जायसवाल भी शामिल हुए। सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि विभिन्न संस्कृतियों को संजोये देशभर से पधारे विभिन्न क्षेत्रों के विधायक साथियों से आत्मीय भेंट तथा ज्ञानवर्धक विचारों का आदान-प्रदान होना जहां लघु भारत का दर्शन करा रही है वहीं उनके सुखद अनुभव को जानने और अपने क्षेत्र से उनसभी को जनहित में उतारने का सकारात्मक अवसर मिल पाएगा।



जायसवाल ने बताया कि जनसेवा और क्षेत्र के विकास के साथ क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों को पहलीरबार राष्ट्रीय फलक पर रखना और राष्ट्र के विभिन्न कोने से आए अन्य विधायक साथियों से उनके क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के बारे में जानना- समझना और फि र उनके अच्छे सोच को अपने क्षेत्र में धरातल पर उतारना हमारी प्राथमिकता होगी ।

# झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर है मंडा पूजा : सुनीता

**केरेडारी।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम जोरदाग में शिव आस्था का मंडा पूजा हुआ। पूजा में प्रमुख सुनीता देवी ने शिरकत किया एवं भगवान शिव से क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि एवं खुशहाली हेतु प्रार्थना की। इस दौरान प्रमुख ने आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का बतौर मुख्य अतिथि फीता काटकर उद्घाटन किया एवं शिव भक्तों को मंडा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रमुख ने कहा कि मंडा पूजा झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर और शिव आस्था का महापर्व है, हम सभी को इसे सहेज कर रखना है इसे बढ़ाना है। हम सबको मिलकर झारखंड की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ाने के साथ साथ पूरी दुनिया से इसका परिचय कराना है। उन्होंने कहा कि झारखंड का यह पारंपरिक लोक पर्व हर साल धूमधाम से मनाया जाता है और यह पर्व अच्छी बारिश, खेती और समृद्धि के लिए मनाया जाता है वहीं उन्होंने पूजा समिति के आयोजन कताओं को बधाई देते हुए कहा कि महापर्व मंडा पूजा के द्वारा सभी ग्राम वासियों को एक सूत्र में पिरोने



का काम किया है। इस मंडप पूजा में पाहन गो गल गंजू पेट भक्ति या घोसी भुइयां मुख्य पुजारी तुलसी महतो मेला समिति अध्यक्ष किशोर साहू सचिव कालूराम कोषाध्यक्ष तुलसी साव उपाध्यक्ष अमित माली मीडिया प्रभारी ज्ञान कुमार पासवान संरक्षक प्रमुख सुनीता देवी प्रेम रंजन पासवान जागेश्वर साहू श्रीधर साहू राम कुमार साह संजय साहू शिवदे प्रसाद सोनी राम ब्रिज गंजू कन्हाई माली अखिलेश पासवान सुरेश रजक बैजनाथ धोबी रूपलाल साहू इत्यादि सभी ग्राम वासियों को एक सूत्र में बांधने का काम किया।

### लिंग आधारित हिंसा को लेकर कार्यशाला

**चरही।** शुक्रवार को चुरचू में लिंग आधारित हिंसा के रोकथाम को लेकर प्रखंड कार्यालय सभागार में ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड एवं इंजेंडर हेल्थ के सहयोग से पंचायत प्रतिनिधियों के साथ एक दिवसीय कार्यशाला हुआ। कार्यशाला का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य वासुदेव करमाली,सखी वन स्टॉप सेंटर के केंद्र प्रशासक अन्विता सिन्हा,जिला विधिक सेवा प्राधिकार के मुख्य कानूनी रक्षा प्रणाली के रीना वर्मा, ममता संस्था के जिला समन्वयक अजय पाठक द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। संस्था के अजय पाठक द्वारा परियोजना के कार्यक्रम की जानकारी के साथ-साथ सखी सेंटर की स्थापना के उद्देश्यों के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम में विभिन्न पंचायतों के मुखिया देवकी महतो,पूनम बसेरा, राधिका देवी,संझली मुर्मू,सीतामुनि देवी, गिरजा कुमारी,अनिता देवी के अलावे मुखिया संघ के अध्यक्ष देवकी महतो एवं सभी पंचायत समिति सदस्य शामिल हुए।

## एक नजर में

### तीन निजी विद्यालयों पर गिर सकती है गाज

**विष्णुगढ़।** आदर्श डीएवी पब्लिक स्कूल व इसी प्रखंड के बनासो स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल व डिनोबली पब्लिक स्कूल, द्वारा सरकारी आदेशों की अवहेलना करते हुए गर्मी छुट्टी के वक्त भी मनमाने ढंग से विद्यालय चला रहा था, जिसकी खबर शिक्षा विभाग के बिपिओ कुणाल कुमार को हुवी, जिसके बाद बिपिओ एक्शन में आए और विद्यालय पहुंच वस्तु स्थित को जाना , देखा कि पढ़ाई चल रही है। विभाग इन विद्यालयों से स्पष्टीकरण मांगी है । गौरतलब है कि स्कूली एवं शिक्षा विभाग द्वारा भीषण गर्मी और लू के मद्देनजर आठवीं कक्षा तक सभी श्रेणी के विद्यालयों को शनिवार तक बंद रखने का आदेश दिया है।

### कटकमदाग में प्रखंड समन्वय समिति की बैठक

कटकमदाग। शुक्रवार को प्रखंड समन्वयक समिति की बैठक हुई। विभाग के कर्मचारी एवं अधिकारी से प्रखंड विकास पदाधिकारी शालिनी खलखो ने उनका रिपोर्ट कार्ड मांगा तथा यह जानने की कोशिश किया की प्रखंड में चल रही विकास योजनाओं की क्या स्थिति है तथा कहीं कोई समस्या तो उत्पन्न नहीं हो रही है उन्होंने अधिकारियों को साफ शब्दों में यह निर्देश भी दिया कि सरकार की योजनाएं सीधे तौर पर जनता तक पहुंचे इसका ख्याल रखा जाए ।

### भूमि अतिक्रमण मामले में बीस लोगों को नोटिस

चरही। चुरचू अंचल के तहत चरही के उंटमरवा में सरकारी खास गैरमजुरूआ भूमि जिसका खाता संख्या 48 प्लॉट संख्या 603 रकवा 6 .28 एकड़ को दर्जनों लोगों ने अवैध रुप से कब्जा कर अलीशान मकान बना लिए हैं।चुरचू सीओ ने उस भूमि को मापी करा लिया है। अंचल अमीन,सीआई और कर्मचारी ने अतिक्रमण से संबंधित प्रतिवेदन तैयार कर सीओ को सौंप दिया है।अंचलाधिकारी शशि भूषण सिंह ने कार्रवाई करते हुए बीस अतिक्रमण कारियों पर नोटिस जारी कर दिया है।नोटिस में लिखा गया है कि सभी अतिक्रमणकारी 23 जून को अंचल कार्यालय पहुंचकर अपने पक्ष को रखते हुए जमीन से संबंधित कागजात को प्रस्तुत करें।

### कुंदन क्लब ने बीएसए को नौ विकेट से हराया



**बरही।** बरही स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सौजन्य से शारदा देवी वीमेंस मेमोरियल अंडर 16 क्रिकेट मैच का आयोजन प्रखंड मैदान में किया गया है। बीएसए बरही व कुंदन क्रिकेट क्लब कुमारडुब्बी के बीच फाइनल मैच सम्पन्न हुआ। बीएसए बरही की टीम टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बीएसए बरही की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 157 रन बना पाई। जवाबी पारी खेलने उतरी कुंदन क्रिकेट क्लब कुमारडुब्बी ने 20 ओवर में 3 विकेट खोकर लक्ष्य की प्राप्ति कर लिया। मैन ऑफ द मैच परी कुमारी 59 रन व एक विकेट लेकर बनी। निर्णायक की भूमिका सोनी कुमारी व ऋषि कुमार, स्कोरर अनिशा कुमारी व कमेंटेटर सोनम कुमारी ने निभाया।

### गटर के समीप मिला नवजात शिशु

**हजारीबाग।** कोर्रा थाना अंतर्गत मटवारी मैदान के समीप गली न. तीन के पास प्लास्टिक के बंधे चैन वाले बैग में एक नवजात को कुछ लोगो ने रोते हुए देखा। बच्ची को गटर के पास डस्टबिन में फेका गया था जिसे देखकर पास पड़ोस के लोगों ने डीडीसी को सूचना दी। जिन्होंने देर ना करते हुए तुरंत अस्थल पर पहुंची सृजन फाउंडेशन के सहयोग से बच्चे को सेख भिखारी हॉस्पिटल में भिजवाया। जहा बच्चे का स्पेशल न्यूबॉर्न वार्ड केयर यूनिट में रखा गया है। इधर नवजात की खबर सुनकर बच्चे को गोद लेने के लिए तकरीबन दर्जन से अधिक लोग वार्ड में आ चुके हैं। सब ने यही कहा कि हम बच्चे को गोद लेंगे।

### विष्णुगढ़ में लू से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ और इसके आसपास के इलाके में वेव हीट और लू के थपेड़े ने हर किसी का हाल बेहाल कर दिया है` भीषण गर्मी से लग रहा है की मानो आसमान से आग बरस रहा है, जिसके वजह से लोगों को घरों से निकलना भी दुश्वार है तों वहीं बढ़ी गर्मी से कुआं, चापानल जैसे अन्य जल श्रोत सुख गया है जीससे पशु पक्षी से लेकर आम लोगों को भी पीने के पानी की किल्ल्त झेलनी पड़ रही है। विष्णुगढ़ थाना परिसर में पीने के पानी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से थाना आने वाले लोगो को पानी के लिए पानी पानी होना पड़ता है।

**कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, पलामू**
**योधसिंह नामधारी महिला कॉलेज के सामने, मेदिनीनगर, पलामू - 822101**

पत्रांक : दिनांक :

**अतिअल्पकालिन इच्छा की अभिव्यक्ति**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य योजना अंतर्गत पलामू जिला में तीन एग्री क्लीनिक की स्थापना की स्वीकृति प्रदान की गई है। एग्री क्लीनिक के माध्यम से कृषि एवं संबंध क्षेत्रों से सम्पूर्ण जानकारी यथा मृदा जॉच, किसान क्रेडीट कार्ड, बीज, उर्वरक, किटनाशक, सुक्ष्म सिंचाई, कृषि उपादानों के व्यापार हेतु अनुज्ञप्ति, खेती हेतु सलाह, झारखण्ड राज्य फसल राहत योजना, सिंचाई सुविधा, कृषि ज्ञान केन्द, पशुपालन/डेयरी/मत्स्य पालन संबंधी योजना एवं कृषि उपादानों की दर संबंधी सूचनाओं के बारे में किसानों की जानकारी से अवगत कराना है। योजना का संचालन अनुमण्डल स्तर पर एग्रीक्लचर टेक्नोलॉजी इनफोरमेशन सेन्टर (ATIC Center) में प्रस्तावित है। योजना का कार्यान्वयन एवं संचालन हेतु इच्छुक महिला समूह/स्वयं सहायता समूह/कृषक समूह/सहकारी समितियों/गैर सरकारी संस्था जिन्हें कृषि कार्यों में कम से कम तीन वर्षो का अनुभव हो, वे दिनांक 26.06.2023 तक कार्यालय अवधि में जिला कृषि कार्यालय, पलामू में आवेदन दे सकते हैं।

चयनित संस्था द्वारा एग्री क्लीनिक में तीन सदस्यीय टीम उपलब्ध कराया जाएगा जिसमें एक कर्मी का न्यूनतम योग्यता B.Sc (Agri) तथा अन्य दो कर्मियों की न्युनतम योग्यता स्नातक के साथ कम्प्युटर दक्षता (DCA) अनिवार्य है। चयनित संस्थाओं को उपायुक्त, पलामू के साथ (MOU) एक वर्ष का किया जाएगा जिसमें निहित शर्तों के अनुरूप कार्य करेंगे। कार्य का मूल्यांकन के आधार पर अगले दो वर्षो के लिए अवधि विस्तार किया जा सकता है।

जिला कृषि पदाधिकारी
पलामू

PR 300255 District (23-24)_D

**कार्यालय नगर परिषद, चतरा।**
**पुराना कचहरी के समीप, चतरा (झारखण्ड)- 825401**
**दुरभाष : 06541-253030, ई-मेल : npchatra@gmail.com**

**द्वितीय आम सूचना**

एतद् द्वारा सभी फुटपाथ विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद, चतरा क्षेत्रान्तर्गत चतरा महाविद्यालय चतरा के पास निर्मित Vending Zone में स्टॉल (चबूतरा 8"x6" लॉकर सहित) का आवंटन फुटपाथ विक्रेताओं को किया जाना है। उक्त स्टॉल (चबूतरा, लॉकर सहित) प्राप्ति हेतु फुटपाथ विक्रेताओं के पास नगर परिषद, चतरा के द्वारा निर्गत Vendor Certificate (प्रमाण पत्र) एवं ID Card का होना अनिवार्य है।

अतः उक्त के आलोक में नगर परिषद, चतरा क्षेत्रान्तर्गत इच्छुक सभी फुटपाथ विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि उक्त निर्मित Vending Zone में स्टॉल (चबूतरा, लॉकर सहित) आरक्षित कराने हेतु अपना Vendor Certificate (प्रमाण पत्र), ID Card, आधार कार्ड की छायाप्रति एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो आवेदन पत्र के साथ संलग्न करते हुए दिनांक-25.06.2023 तक नगर परिषद, चतरा कार्यालय में अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।

नोटः- अधिक जानकारी के लिए निम्नांकित पदाधिकारी/कर्मी से संपर्क स्थापित कर सकते हैं।

1. श्रीमती पिंकी सिन्हा, नगर मिशन प्रबंधक, मो0-7488475790
2. श्रीमती सोनी कुमारी, सामुदायिक संगठनकर्ता, मो0-8210694286
3. मंजित कुमार वर्मा, कम्प्यूटर ऑपरेटर, मो0-8102864220

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, चतरा।

PR 300265 (Urban Development) 23-24 (D)

**GOVT.OF JHARKHAND**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**MINOR IRRICATIO N DIVISION, RANCHI**

**अति अल्पकालीन कोटेशन संख्या- 02/2023-24 आमंत्रित किया जाता है।**

**Letter No. Dated-**

Rate through e-quotations are invited for "Material" category annexed as 5 H.P Solar Pump. VFD Solar Panel set Steel Structure supplying, installation & commissioning for Lift Irrigation Scheme from Manufacture/Supplier having valid G.S.T.I.N for respective items conforming to the specifications for inclusion in the Estimates under Minor Irrigation Division, Ranchi, Government of Jharkhand to be used in different Pump Plants replacement operation maintenance work shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in

Details of work experience and list of materials are available on the above e-tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate including taxes for the Materials online from 16.06.2023 2:00 P.M to 24.06.2023 at 5:00 P.M. The technical envelope will be opened on 26.06.2023 at 12:00 P.M.

The quotation is invited to ascertain and assess the rate of Materials at par the lowest market rate for framing of Estimates under Minor Irrigation Division, Ranchi

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division,
Ranchi

PR300250 (Minor Irrigation)23-24*D

# संस्कार युक्त शिक्षा दे रही विद्या भारती : राव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



हजारीबाग। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ,कुम्हारटोली, हजारीबाग में विद्या भारती के अखिल भारतीय मंत्री, ब्रह्मा जी राव पहुंचे। विद्यालय के उपाध्यक्ष प्रोफेसर अरुण कुमार मिश्रा ने उन्हें अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में ब्रह्मा जी राव ने कहा कि विद्या भारती भारतीय संस्कृति के अनुरूप संस्कार युक्त शिक्षा बच्चों को दे रही है। भैया -बहनों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से भारतीय बनाना साथ ही शारीरिक, बौद्धिक ,मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास के साथ चरित्र निर्माण एवं बच्चों का सर्वांगीण विकास करा रही है ।आप सभी आचार्य बंधु- भगिनी शिक्षा के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों का प्रयोग करें। भैया - बहनों को भारतीय जीवन दर्शन के आधार पर गुणात्मक शिक्षा दें ।इसके लिए उन्होंने 5 आयाम नागरिक कर्तव्यपालन, स्वदेशी आचरण , कुटुंब प्रबोधन ,सामाजिक समरसता एवं पर्यावरण संरक्षण पर बल देने की बात कही।

मौके पर विद्यालय के उपाध्यक्ष अरुण कुमार मिश्रा ने प्रस्तावना रखते हुए कहा- विद्या भारती शिक्षा के माध्यम से सनातन एवं भारतीय संस्कृति जन-जन तक पहुंचा रही है ।सद्गुण , सद् व्यवहार एवं राष्ट्रभक्ति का भाव आचार्यों के द्वारा भैया- बहनों को की जा रही है। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार मिश्र ने किया। अतिथियों का परिचय विद्यालय के शैक्षिक प्रभारी अनिल कुमार ने कराया । मंच संचालन निशा दीदी जी ने किया। मौके पर कुम्हारटोली संकुल के कुम्हारटोली, मालवीय मार्ग ,कोर्रा ,रामनगर के प्रधानाचार्यगण दिनेश कुमार मिश्र, संजीव झा, मनोज कुमार सिंह ,राजेश पांडे एवं आचार्य बंधु -भगिनी उपस्थित थे।

# हेमंत सोरेन ने पिछड़ों से छीना उनका संवैधानिक अधिकार : रघुवर दास

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने कहा है कि हेमंत सोरेन की सरकार ने राज्य के सात जिलों के पिछड़ों से उनका संवैधानिक अधिकार छीन लिया। सरकार ने सात जिलों में रोस्टर प्रणाली में आरक्षण शून्य कर पिछड़ों के अधिकारों का हनन किया है। जिसे नियुक्त, नगर पंचायत व पंचायत चुनाव में भी पिछड़ों का हक मारने का काम किया गया है। केंद्र की मोदी सरकार ने पिछड़ों को सम्मान देते हुए 27 मंत्री अपने मंत्रीमंडल में बनाये जबकि अनुसूचित जाति के 8 व सामान्य जाति को दस प्रतिशत आरक्षण देकर सामाजिक समरस्ता कायम की। वहीं एक गरीब आदिवासी महिला को देश का राष्ट्रपति बनाकर नारी सशक्तिकरण का सबसे बेहतर उदाहरण प्रस्तुत किया है। दास शुक्रवार को गुमला के बख्तर साय मुंडल सिंह स्मृति भवन में भाजपा के द्वारा आयोजित लोहरदगा लोकसभा स्तरीय जनसभा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा कि राज्य के सीएम हेमंत सोरेन शक के घेरे में हैं। भ्रष्टाचार का विकराल रूप झारखंड में है। जाति आय से लेकर वृद्धापेंशन तक बनाने में पैसे लिये जा रहे हैं। वहीं बेटियों के साथ दुष्कर्म हो रहा और उनकी हत्या की जा रही है। लव जेहाद के नाम पर बड़े पैमाने पर धर्मांतरण किया जा रहा है। वहीं राज्य के विद्यार्थियों को अब साइकिल नहीं दी जाती है उन्हें कट मनी दी जा रही है। जब झारखंड में डबल इंजन की सरकार थी तो सरकार ने सेवा भाव से काम किया। राज्य के 68 लाख परिवारों में से 30 लाख घरों में अंधेरा थी। जिसे डबल इंजन की सरकार ने हर घर तक बिजली पहुंचायी। डबल इंजन की सरकार में पूरे राज्य में 22 हजार 42 सौ किलो मीटर सड़क बनायी गई। दास ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था आज विश्व में पांचवें स्थान पर पहुंच गई है। मोदी के नेतृत्व में देश फिर विश्व गुरू बन रहा है।

**कार्यक्रम में ये थे उपस्थित**

कार्यक्रम में स्वागत भाषण जिलाध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी ने दी। वहीं कार्यक्रम में पूर्व स्पीकर दिनेश उरांव, प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, सरोज प्रजापति, शैल मिश्रा, शकुंतला उरांव, गायत्री देवी, सोनामनी उरांव, गौरी किंडो, ज्योति कुमारी, भोला चौधरी, रविंद्र सिन्हा, सत्यनारायण पटेल, संतोष सिंह, अरविंद मिश्रा, भूपन साहु सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



लोकसभा स्तरीय आमसभा को संबोधित करते रघुवर दास।

## गठबंधन की सरकार ने माटी, रोटी व बेटी को किया ह्रास : सांसद समीर उरांव

सांसद समीर उरांव ने कहा कि झारखंड में गठबंधन की सरकार ने माटी, रोटी व बेटी को हराश कर दिया है। वहीं मनरेगा में लूट कर राज्य में झोली भरा गया और मजदूरों को उनका मजदूरी नहीं दिया गया। केंद्र की मोदी सरकार ने जनभावनाओं के अनुरूप काम कर देश में समरसता की स्थापना की। नरेंद्र मोदी सरकार ने 3 करोड़ लोगों को पीएम आवास, 11 करोड़ को नल से जल, 80 करोड़ लोगों को अनाज, 11 करोड़ लोगों को शौचालय दिया। वहीं उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना, आयुष्मान योजना आदि का लाभ भी केंद्र सरकार ने देशवासियों को दिया। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल कार्यकर्ताओं से वर्ष 2024 में केंद्र व राज्य में भाजपा के सरकार के गठन का संकल्प लेने का आह्वान किया।

## केंद्र सरकार के 9 वर्ष के कार्यकाल में बही विकास की गंगा : सुदर्शन भगत



कार्यक्रम को संबोधित करते सांसद सुदर्शन भगत

सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने अपने 9 वर्षों के कार्यकाल में पूरे देश में विकास की गंगा बहा दी। मोदी सरकार ने देश के गरीब, किसान व महिलाओं के उत्थान के लिए काम किये। वहीं सांसद ने कहा कि उनके प्रयास से गुमला में मत्स्य कॉलेज, लोहरदगा व गुमला में डायलिसिस सेंटर की स्थापना हुई। गुमला में बाईपास सड़क का निर्माण लगभग पूर्ण हो गया। लोहरदगा में भी बाईपास सड़क बनाया जा रहा है। वहीं भारत माला योजना की दो सड़कें गुमला जिला से गुजर रही है। देश के प्रधानमंत्री के द्वारा गुमला के 41 हजार, लोहरदगा के 25 हजार व मांडर विधान सभा क्षेत्र के 8 हजार किसानों को पीएम किसान सम्मान योजना का लाभ दिया जा रहा है। भगत ने कहा कि गुमला को रेलवे लाइन से जोड़ने के लिए सर्वे की प्रक्रिया भी पूर्ण हो चुकी है। वहीं लोहरदगा रेलवे स्टेशन पर अब राजधानी एक्सप्रेस का भी ठहराव जल्द आरंभ होगा।

---

**स्पीड न्यूज**

## जुबिली लेक में हजारों मछलियां मरी पायी गयीं



जुबिली पार्क के चर्चित जुबिली लेक से निकाली गयीं मरी मछलियां। टाटा स्टील यूआइएसएल ने सुरक्षाकर्मियों से मछलियों को लेक से निकलवा कर दफनाने की व्यवस्था की है।

## सांप के काटने से हुई महिला की मौत

**गुमला।** विशुनपुर थाना क्षेत्र के चम्पाटोली गांव निवासी महिला 40 वर्षीय श्रीमती उरांव पति स्व० बंधनु उरांव की मौत सांप के काटने से शुक्रवार को हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतका श्रीमती उरांव समदरी गांव मेहमानी के लिए गई हुई थी। गुरुवार शाम को जब वह अपने घर लौट रही थी तब सखुआ टोली के समीप एक सांप ने काट लिया। जिसे राहगीरों की मदद से उसके घर चंपा टोली बिशनपुर पहुंचाया गया। जहां रात भर श्रीमति उरांव को देहाती उपचार झाड़-फूंक कराया गया। वहीं स्थिति में सुधार नहीं होने पर शुक्रवार सुबह 4:00 बजे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में उसे भर्ती कराया गया। जहां से डॉक्टरों ने गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां डाक्टरों की देखरेख में उसका इलाज ल रहा था। इलाज के क्रम में लगभग 10:00 बजे उक्त उसकी मौत हो गई। जिसे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## संवेदक संघ के सदस्यों ने पूर्व सीएम को ज्ञापन सौंपा, रखी अपनी समस्या

**गुमला।** संवेदक संघ गुमला के सदस्यों के द्वारा शुक्रवार को परिसदन गुमला में पूर्व मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास से औपचारिक मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। संवेदको के द्वारा बताया गया कि गुमला जिला में 30 जून तक योजनाओं के निविदा का बहीस्कार किया गया है। क्योंकि जिला प्रशासन के द्वारा संवेदको से लगभग अस्सी करोड़ का कार्य करा लिया गया और भुगतान नहीं के बराबर हो रहा है। भुगतान के लिए जब उपायुक्त से बात किया तो उनके द्वारा यह आश्वस्त किया गया था कि एक सप्ताह के अंदर आप सबको भुगतान कर दिया जाएगा। परंतु आज तक भुगतान भी नहीं हो पाया और हम संवेदको को गलत तरीका से प्राथमिकी दर्ज कर मानसिक परेशानी दी जा रही है। जिसपर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास व सांसद श्री सुदर्शन भगत ने आश्वस्त किया कि उपायुक्त गुमला व पुलिस अधीक्षक गुमला से वार्ता कर आप लोगों का समस्या का जल्द से जल्द निवारण करेंगे एवं आपकी भुगतान व आपके ऊपर हुई एफआईआर का भी निराकरण करने का हर संभव प्रयास करेंगे और जरूरत पड़ी तो केंद्र सरकार से भी बात कर समस्या को दूर किया जाएगा।

## वरिष्ठ कांग्रेसी के निधन पर उनके परिजनों से मिलीं पूर्व शिक्षा मंत्री

**सिसई।** सिसई प्रखंड के बसिया रोड निवासी वरिष्ठ कांग्रेसी इलाही मियां के निधन की सूचना पर पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव उनके परिजनों से मिलने उनके अवास पहुंची। जहां मुलाकात कर परिवारो का हाल चाल जाना। साथ ही शोकाकुल परिवार को ढांढस बांधते हुए श्रीमति उरांव ने कहा कि इलाही मियां जैसे समाजसेवी के निधन से समाज को क्षति हुई है। सिसई के लोग हमेशा उन्हें याद करेंगे। स्व. इलाही मियां हमारे गार्जियन के समान थे। कांग्रेस के सच्चे सिपाही थे। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष बैबूल अंसारी ने कहा कि इलाही मियां एक निडर सच्चे कांग्रेस व मिलनसार ब्यक्ति थे। जिनके मार्गदर्शन में हमलोगो ने बहुत कुछ सिखा है।

## रथ यात्रा मेला एवं बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आज

**भंडरा।** भंडरा में 20 जून को आयोजित रथयात्रा मेला एवं 29 जून को बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक 17 जून को भंडरा थाना परिसर में आयोजित की गई है इस बैठक में रथयात्रा मेला को व्यवस्थित आयोजन को लेकर शांति समिति के सदस्यों के साथ चर्चा की जाएगी। बकरीद पर्व को भी शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शांति समिति के सदस्य चर्चा करेंगे।

## श्रमदान से हुई भैंसमुंदो संकट मोचन हनुमान मंदिर की छत ढलाई

**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत भैसमुंदो गांव में संकट मोचन हनुमान मंदिर का छत ढलाई का काम श्रमदान से किया गया। मंदिर के छत ढलाई में श्रमदान करने के लिए थाना प्रभारी गौतम कुमार एएसआई महतो, मुखिया परमेश्वर महली, कुंजेशर रथे, बालकृष्णा सिंह सहित गांव के ग्रामीण उपस्थित थे।

## अमलगम स्टील कंपनी के चार नंबर एसएमएस में हुआ ब्लास्ट

**गम्हरिया।** कांड्रा स्थित अमलगम स्टील पावर लिमिटेड कंपनी में शुक्रवार की अहले सुबह करीब साढ़े तीन बजे चार नंबर एसएमएस ब्लास्ट हो गया जिससे कंपनी परिसर में अफरा- तफरी मच गई। उक्त घटना के बाद प्रबंधन की ओर से तत्काल दुर्घटनास्थल पर मजदूरों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। इस बावत कंपनी प्रबंधन द्वारा घटना की पुष्टि की गई है, लेकिन किसी के भी घायल होने से इंकार किया है। इस मामले में कंपनी प्रबंधन अपनी ओर से गोपनीयता बरत रही है। किन्तु, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इस दुर्घटना में कुछ मजदूर घायल हुए हैं। वहीं एक सुपरवाइजर ईचागढ़ निवासी एके सिंह को भागने के क्रम में चोटें आई है। हालांकि अभी तक इस बारे में प्रबंधन की ओर से कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है। कंपनी के सुरक्षाकर्मियों ने भी इस मामले में पूछे जाने पर चुप्पी साध ली और कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। जानकारी के अनुसार, इस दुर्घटना में चार-पांच मजदूर मामूली रूप से घायल हुए हैं जिनका इलाज कराया जा रहा।

## ज्ञानी रघुवीर सिंह श्री अकाल तख्त के नये जत्थेदार

**जमशेदपुर।** सिखों के सर्वोच्च धार्मिक पीठ श्री अकाल तख्त साहिब ,अमृतसर के नए जत्थेदार बनने पर सिंह साहब ज्ञानी रघबीर सिंह को बारीडीह गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान एवं राष्ट्रीय सनातनी सिख सभा के संयोजक सरदार कुलविंदर सिंह ने बधाई दी है। कुलविंदर सिंह के अनुसार नए जत्थेदार सिंह साहब को श्री दरबार साहिब हरमंदिर का कार्यवाहक हेड ग्रंथी की भी जिम्मेदारी मिली है। कुलविंदर सिंह ने उम्मीद जताई है कि भारत के साथ ही वैश्विक स्तर पर परस्पर धार्मिक सामाजिक समरसता सहयोग प्रेम की भावना को मजबूत करेंगे।

---

## चैनपुर थाना परिसर में थाना दिवस का हुआ आयोजन

# अच्छा व्यवहार रखें, पुलिस आपकी मदद करेगी : बीडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर थाना परिसर में जोहार कोप के तहत शुक्रवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि चैनपुर बीडीओ डॉ. शिशिर कुमार सिंह व अंचलाधिकारी गौतम कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर उपस्थित लोगों को बीडीओ श्री सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि विधि व्यवस्था कायम करने में जितना योगदान प्रशासनिक अधिकारियों का होता है। उतना ही योगदान पुलिस वालों का भी होता है। अगर आप पुलिस वालों से अच्छा व्यवहार एवं तालमेल रखेंगे तभी पुलिस आपकी हरसंभव मदद कर पाएगी। वहीं आपके क्षेत्र में डायन बिसाही, अंधविश्वास, बाल विवाह, दहेज प्रथा इत्यादि किसी भी प्रकार का मामला अगर सामने आता है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस आपकी पूरी मदद करेगी। वहीं थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि पुलिस का काम है क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाना और जनता के बीच भय मुक्त माहौल बनाना है। इंस्पेक्टर बैजू उरांव ने उपस्थित लोगों को साइबर क्राईम, मोब लिंचिंग, मानव तस्करी के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि अगर आपके मोबाइल में किसी अनजान नंबर से फोन कर आपसे बैंक डिटेल की मांग करता है तो इसकी सूचना तुरंत नजदीकी थाने को दें। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, सहित कई स्टाल लगाए गए थे। शिविर में कृषि विभाग के द्वारा 50% छूट पर धान का वितरण किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से चैनपुर उपप्रमुख प्रमोद खलखो, जिप सदस्य मेरी लकड़ा, चैनपुर मुखिया शोभा देवी, बेंदोरा मुखिया सुशील दीपक मिंज सहित सभी जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।





थाना दिवस का शुभारंभ करते बीडीओ, सीओ व अन्य।

# सड़क सुरक्षा की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** उप विकास आयुक्त समीरा एस० की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम सड़क दुर्घटना में मृत व घायल मामलों की समीक्षा की गई। सड़क दुर्घटना को देखते हुए पुलिस विभाग को हेलमेट पहनने के लिए सघन वाहन जांच चलाये जाने का निर्देश पुलिस विभाग को दिया। हिट एंड रन मामले में थाना स्तर से लंबित मामलों से संबंधित दस्तावेज सड़क सुरक्षा कार्यालय को भेजे जाने का निर्देश दिया गया। एनएच को सड़क मरम्मति, रम्बल स्ट्रिप लगाये जाने से संबंधित निर्देश दिये गये।

गुड सैमरिटन को चिन्हित करते हुए व्यक्ति को दिए जाने वाले लाभ से लाभान्वित किये जाने का निर्देश दिया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी को छोटी एवं बड़ी वाहनों का सघन जांच का निर्देश दिया गया। नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी को कचहरी चौक, किस्को मोड़ से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया। सड़क दुर्घटनाओं का आई-राइड पोर्टल में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा इंट्री सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में नरौली-आकाशी, लोहरदगा-भंडरा पथ में सड़कों पर गड्ढे, कचहरी चौक से दुपट्टा चौक के खराब सड़क की स्थिति, नवाड़ीपाड़ा में विद्यालय के पास कलवर्ट के ऊपर खराब सड़क समेत अन्य मामले उठाये गए। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता एन एच समेत अन्य गणमान्य उपस्थित थे।



बैठक करती डीडीसी।

# बाहर गांव की महिला का शव दफनाने को ले ग्रामीणों का विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के मनातू गांव के सीमांत में बाहर की महिला सालो देवी का शव दफनाये जाने को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया और शव निकालकर दूसरे स्थान पर दफनाने की मांग की। क्योंकि उक्त शव गांव का नहीं था। मामले की सूचना पर अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज व घाघरा थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची। जहां ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी को कहा कि यह महिला का शव हमारे गांव का नहीं है। शव को हमारे गांव के सीमांत में क्यों दफनाया गया। शव को निकालकर कहीं और दफनाया जाए। जिसके बाद अंचलाधिकारी ने लोगों को समझाया कि शव को दफना दिया गया है आगे से इस तरह का घटना नहीं घटेगा। इसके लिए दूसरे पक्ष को हिदायत दे दी गई है। जिसके बाद ग्रामीण अंचलाधिकारी के बात से सहमत हुए और अपने अपने घर चले गए हैं। यहां बता दे कि उक्त महिला घाघरा प्रखंड मुख्यालय की रहने वाली थी जो धर्म परिवर्तन कर ईसाई धर्म मे चली गयी थी। जिसका मौत बीमारी से हो गयी था। जिसके बाद मिशनरी रीति रिवाज के साथ मनातू गांव के सीमांत पर उक्त महिला का शव को दफनाया गया। जिसके बाद ग्रामीणों को इसकी सूचना मिली और सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण एकजुट होकर बैठक किये और विरोध प्रदर्शन किया।



ग्रामीणों से बातचीत करते सीओ।

# गुमला शहर में पिछले चार दिनों से जलापूर्ति बाधित

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** गुमला शहर में पिछले चार दिनों से जलापूर्ति व्यवस्था पूरी तरह ठप पड़ गई है। जलापूर्ति नहीं होने से शहर में पेयजल को लेकर हाहाकार मच गया है। वहीं शहरों के अधिकांश चापानल एक बाल्टी पानी देते-देते हांप रही है। एक बाल्टी पानी चापानल से निकलने के बाद पानी आना बंद हो रहा है। जिसे इस भीषण गर्मी में लोग गला तर करने के लिए भी परेशान नजर आ रहे हैं। स्थिति यह है कि लोग सुबह से ही जलपात्र लेकर पानी के लिए भटकने को मजबूर हैं। विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सड़क निर्माण कार्य में लगे आरकेडी कंपनी के द्वारा खोा भकुवाटोली के पास पुलिस का निर्माण किया जा रहा है। पुल निर्माण के दौरान जलापूर्ति पाईप लाइन क्षतिग्रस्त हो गया। जिसे पानी की सप्लाई जलमीनार तक नहीं पहुंच पा रही है। विभाग के कर्मियों ने जांच के बाद गड़बड़ी को पाया। क्योंकि पुल से नीचे पानी बह जाने के कारण पता नहीं चल पा रहा था। इधर नागफेनी नदी का जलस्तर भी नीचे चला गया है। जिसे इंटक वेल में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। विभाग के द्वारा पानी रोकने के लिए नदी में कार्य किया जा रहा है। दूसरी ओर नियमित बिजली आपूर्ति नहीं होने के कारण भी पेयजल सप्लाई बाधित है। बार-बार सड़क निर्माण कंपनी आरकेडी के द्वारा जलापूर्ति पाईप लाइन को क्षतिग्रस्त किये जाने से शहरवासियों में आक्रोश देखा जा रहा है। वहीं जल्द जनलापूर्ति आरंभ नहीं होने से लोगों की परेशान अधिक बढ़ जाएगी। क्योंकि अब बच्चों का स्कूल भी आरंभ हो गया है।

## मंत्री रामेश्वर उरांव आज करेंगे विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन

**लोहरदगा।** विधायक सह वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव आज 17 जून 2023 दिन शनिवार को लोहरदगा जिले विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। जिसमे किस्को प्रखंड के आश्रम विद्यालय परहेपाट में ऑडिटोरियम भवन का शिलान्यास दोपहर 12:30 बजे करेंगे। फिर सदर प्रखंड स्थित ईवीएम वेयरहाउस भवन का दोपहर 3 बजे उद्घाटन करेंगे और चार बजे शाम में नदिया हिंदू उच्च विद्यालय के समीप लाइब्रेरी भवन का उद्घाटन करेंगे। यह जानकारी विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी के सभी सम्मानित पदाधिकारीगण, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, ओबीसी कांग्रेस, सेवादल, अल्पसंख्यक कांग्रेस, एनएसयूआई एवं प्रखंड कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारीगण, प्रखंड प्रमुख प्रखंड के सभी पंचायत समिति सदस्यगण, प्रखंड के सभी मुखियागण सभी पंचायत अध्यक्षगण एवं बूथ स्तर के सभी कांग्रेसी कार्यकर्तागण मौजूद रहेंगे।

## एनसीसी बिहार-झारखंड डायरेक्टरेट के एडीजी ने किया गुमला का दौरा



**गुमला।** एनसीसी बिहार झारखंड डायरेक्टरेट के एडीजी मेजर जनरल ए एस बजाज ने शुक्रवार को 46 झारखंड बटालियन एनसीसी गुमला का दौरा किया। उनके साथ एनसीसी ग्रुप हेडक्वार्टर राँची के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर वी एस यादव मौजूद थे। अतिथियों का स्वागत एनसीसी कैडेटों ने झारखंड के सांस्कृतिक नृत्य के साथ किया। इसके पश्चात उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। 46 झारखंड बटालियन एनसीसी गुमला कमान अधिकारी कर्नल नवीन कुमार ने बटालियन की उपलब्धियों की जानकारी दी। एडीजी तथा ग्रुप कमांडर ने सभी जेसीओ, एनसीओ, एएनओ तथा कैडेट्स से भेंट की तथा और उनसे एनसीसी से सम्बंधित विस्तृत चर्चा की। ज्ञातव्य है कि हाल में 46 झारखंड बटालियन एनसीसी के कैडेटों ने एनएससी गतिविधियों में राष्ट्रीय स्तर पर कई उपलब्धियां हासिल की हैं।

## गुरु पुर्णिमा 3 जुलाई को

**भंडरा।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष 03 जुलाईआषाढ़ पूर्णिमा सोमवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन स्वामी करपात्री सेवा सदन आश्रम परिसर, मसमानो में किया जाएगा। गुरु पूर्णिमा महोत्सव में सभी शिष्यों (भक्तों) की उपस्थिति हेतु सभी को सूचना दी गई है । गुरु पूर्णिमा में भंडारा आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए स्वामी कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी ने कहा गुरु पूर्णिमा के दिन गुरु स्थान पर पहुंचना यथायोग्य दान दक्षिणा अर्पण करना भी एक तीर्थ यात्रा के बराबर है। कार्यक्रम पूर्वाह्न 10 बजे से प्रारंभ होकर दूसरे दिन अखंड हरिकीर्तन की समापन के साथ पूर्वाह्न 10 बजे समाप्त हो जायेगा। गुरु पूर्णिमा महोत्सव आयोजन समिति मसमानो का गठन किया गया है।

# मजदूरों की दशा में सुधार कर समानता का अधिकार दिलाना इंटक का लक्ष्य : अमित

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिला इंटक कांग्रेस का प्रथम कार्यकारिणी की बैठक शुक्रवार को स्थानीय परिसदन में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमित कुमार साहू ने की। बैठक में गुमला जिला में इंटक को कैसे व किस प्रकार मजबूत किया जाय सकता है इस विषय पर गहन विचार विमर्श किया गया। साथ ही इंटक को मजबूत बनाने हेतु अधिकाधिक संख्या में युवाओं को जोड़ने पर बल दिया गया। इसके अलावा मजदूर हित के लिए कार्य करने हेतु कई रणनीति बनाई गई। मजदूर पर हो रहे शोषण को किस प्रकार रोका जाय उसपर चिंतन व मंथन किया गया। मौके पर अमित साहू ने कहा कि इंटक कांग्रेस की श्रमिक शाखा है। जिसका लक्ष्य देश के मजदूरों की दशा में सुधार व उनको समानता का अधिकार दिलाना है। इसी उद्देश्य के साथ आगे काम करने की रणनीति तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि आज देश मे मंहगाई का मार सबसे ज्यादा मजदूरों को झेलना पड़ रहा है। बेरोजगारी के कारण यहां के मजदूर पलायन करने को विवश है। राइट टू एजुकेशन के तहत प्राइवेट स्कूलों के नामांकन में मिलने वाले लाभ से भी मजदूर के बच्चे वंचित है। इसकी कोई मोनेटरिंग नही हो रही है। इस अवसर पर प्रदेश महिला कांग्रेस के वरीय उपाध्यक्ष बॉबी भगत, जिला महासचिव संतोष गुप्ता, जिला महासचिव राजीव रंजन महतो, नव निर्वाचित जिला चेयरमेन सोशल मीडिया इंटक के मोहमद शादाब आलम, जिला उपाध्यक्ष रामनायक, सचिन साहू, अजय साहू एवं अन्य लोग उपस्थित थे।



# जमशेदपुर एफसी रिजर्व टीम के लिए स्टीवन डायस नियुक्त किये गये मुख्य कोच

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर एफसी ने जमशेदपुर एफसी रिजर्व टीम के लिए स्टीवन डायस को मुख्य कोच के रूप में साइन किया है। अंबरनाथ यूनाइटेड अटलांटा एफसी के साथ हेड कोच के रूप में एक सफल कोचिंग कार्यकाल के बाद कोच जमशेदपुर की टीम के साथ जुड़ेंगे। डायस की कोचिंग में एम्बरनाथ युनाइटेड इस साल आई-लीग सेकंड डिवीजन के अंतिम दौर में पहुंचने में सफल रही हालांकि वे आई-लीग सेकेंड डिवीजन के चैंपियंस बनने से चूक गए, जहां उन्हें दिल्ली एफसी के खिलाफ सिर्फ एक ड्रॉ की जरूरत थी। उनके नेतृत्व में क्लब ने 2022 और 2023 में लगातार मुंबई एफए एलीट डिवीजन का खिताब जीता। साथ ही साथ बैक टू बैक मुंबई महिला लीग खिताब पर भी क्लब का कब्जा रहा। वह महाराष्ट्र संतोष ट्रॉफी टीम के मुख्य कोच भी थे, जिसने उन्हें अंतिम दौर में पहुंचाया और 2022-23 सीजन में उनकी टीम ने सबसे अधिक गोल किए। इस कार्यकाल से पहले, स्टीवन ओडिशा एफसी में एक सहायक कोच थे और अब 2019-20 सीजन के अंत में क्लब में शामिल हो गए, जहां उन्होंने जमशेदपुर एफसी की सीनियर टीम के लिए भारतीय सहायक कोच के रूप में काम किया। स्टीवन डायस ने कहा, मैं जमशेदपुर एफसी के साथ वापस आकर बहुत खुश हूं.मैं 2019-20 सीजन में एक सहायक कोच के रूप में यहां था और मैं गर्व से कह सकता हूं कि यह सबसे अच्छे सेटअपों में से एक है जिसे मैंने पूरे भारत में युवा खिलाड़ियों के लिए देखा है। उन्होंने कहा, मैं इंडियन सुपर लीग में पहली टीम के लिए अधिक से अधिक खिलाड़ी प्रदान करना चाहता हूं। मैं युवा खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने के लिए बहुत उत्साहित हूं और मैं यहां जीतने के लिए हूं।

## शानदार रहा है डायस का करियर



डायस का शानदार करियर रहा है जिसने उन्हें 2014 में एयर इंडिया, महिंद्रा यूनाइटेड, मुंबई एफसी, भारत एफसी और यहां तक कि हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में दिल्ली डायनामोज के साथ शीर्ष क्लबों के साथ काम किया है। 39 वर्षीय डायस ने 2004 और 2011 के बीच 51 बार भारत का प्रतिनिधित्व किया, ब्लू टाइगर्स के लिए 7 गोल किए और यहां तक कि एक शानदार करियर के दौरान राष्ट्रीय टीम की कप्तानी की। इस दौरान 2008 में एएफसी चैलेंज कप जीता और 2011 एएफसी एशियन कप में खेले। जमशेदपुर एफसी के सीईओ मुकुल चौधरी ने भी स्टीवन के क्लब में वापस आने पर अपना उत्साह साझा किया। उन्होंने कहा कि स्टीवन (डायस) निस्संदेह एक बड़ा नाम है जिसे हम एक बार फिर से साइन कर रहे हैं। विशेष रूप से अंबरनाथ यूनाइटेड के साथ उनकी उपलब्धियां शानदार हैं और हम चाहते हैं कि वह जमशेदपुर एफसी रिजर्व के साथ भी यही नैतिकता दिखाएं। उन्होंने कई बार भारत का प्रतिनिधित्व किया है और वह एक दिग्गज खिलाड़ी रहे हैं। उनकी मैनेजमेंट स्किल और क्लब फुटबॉल के साथ-साथ भारतीय राष्ट्रीय टीम के अलग अलग स्तर पर खेलने का अनुभव से हमारी युवा टीमों को अपनी तकनीकी क्षमता के साथ-साथ पेशेवर फुटबॉल के शीर्ष पर प्रदर्शन करने की मानसिकता को बढ़ाने में मदद मिलेगी। हम बोर्ड में उनका स्वागत करते हैं और उन्हें शुभकामनाएं देते हैं।

स्पीड न्यूज

## मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र में पाठ्य सामग्रियों का वितरण

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थिति उत्तरी पंचायत के स्वावलंबी गांव अरकोशा पुनर्वास स्थित मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 47 में सरकार द्वारा उपलब्ध करायी गयी पाठ्य सामग्रियों का वितरण शुक्रवार को किया गया। इस मौके पर उपस्थित प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह उत्तरी पंचायत मुखिया रंजीत कुमार सिंह प्रखंड विकास पदाधिकारी पप्पु रजक मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर माधुरी कुमारी, बिभा कुमारी, ममता देवी, सुमिता देवी, कंचन देवी, कुमारी विद्यावती, एएनएम रीता शर्मा, कुशुमलता देवी, सदानन्द वर्मा, मुखलाल प्रसाद वर्मा, शुभाष कुमार, सरयू महतो, किशुन राम आदि समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

**नदियों से बालू उठाव बेखौफ जारी**

**मरकच्चो (कोडरमा)।** एनजीटी के द्वारा दस जून से नदियों से बालू उठाव पर रोक लगाने के बावजूद भी नवलशाही व मरकच्चों थाना क्षेत्रो में इन दिनों केशो नदी व मोना नदी सहित अन्य बालू घाटों से दर्जनों ट्रैक्टर बालू लोड कर बालू माफियों द्वारा बेखौफ होकर परिवहन कर रहे हैं। बता दें कि केशो नदी, नीमाडीह, मसमोहना, कुण्डीधनवार, पसियाडीह, देवीपुर, बांसडीह, बेलाडीह, दशारोखुर्द मरकच्चों नदी घाट व बाबा कर्माधाम स्थित बराकर नदी से बालू का परिवहन निरंतर जारी हैं। सरकार द्वारा बालू उठाव पर रोक लगा दिया गया हैं, इसके बावजूद भी बालू का उठाव रुक नहीं रहा हैं। बालू माफिया के द्वारा नदी से बालू उठाव कर अधिक मूल्यों में बेच कर माला माल हो रहे हैं। साथ ही माफियों द्वारा स्टक किया जा रहा हैं, ताकि बरसात में अधिक मूल्य पर बेचा जा सके।

## बाल मजदूरी के खिलाफ छापामारी अभियान

**कोडरमा।** जिले में बाल श्रम को रोकने को लेकर शुक्रवार को श्रम अधीक्षक अनिल कुमार रंजन के नेतृत्व में जिले के विभिन्न क्षेत्रों के होटलों में बाल मजदूरी के छापामारी अभियान चलाया गया, अभियान के दौरान टीम में शामिल अधिकारियों के द्वारा झुमरीतिलैया शहर के होटल खालसा, नन्दिनी स्विटस, होटल खुशी, मां जगदम्बा स्विटस कोडरमा के लखिबागी में छोटू होटल, डोमचांच के सुरेश मिष्ठान भंडार, रयल होटल, गणेश होटल आदि का सघन जांच किया गया, हालांकि इन होटलों में एक भी बाल श्रमिक नही पाए गए। श्रम अधीक्षक श्री रंजन ने कहा कि जिले को बाल श्रम से मुक्त करने को लेकर छापामारी अभियान जारी रहेगा और नियमित रूप से होटलों की जांच की जाएगी, जिन होटलों व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में बाल श्रमिक पाए जाएंगे, उस पर विधि सम्वत कार्रवाई की जाएगी। अभियान में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी नरेंद्र कु सिंह, पंकज कुमार, पिंटू कुमार, कौशल कुमार आदि मौजूद थे।

## सास ने थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र के पंचायत नावाडीह में एक युवक अपनी पत्नी और बच्ची को छोड़कर प्रेमिका के संग भाग जाने का मामला प्रकाश में आया है। वही मामले को लेकर उसकी सास उर्मिला देवी साकिन बिरनी थाना क्षेत्र के पड़रिया निवासी ने मरकचो थाना में आवेदन देकर अपने दामाद के विरोध कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में महिला ने बताया कि उसने अपनी पुत्री मालती देवी की शादी 3 वर्ष पूर्व नावाडीह निवासी भुनेश्वर साव से की थी। शादी के बाद उसकी पुत्री अपने ससुराल में रहने लगी। इसी बीच उनकी पुत्री ने एक बेटी को जन्म दिया, लेकिन भुनेश्वर का बगल गांव नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत लालूडीह निवासी एक युवती से पहले से ही प्रेम प्रसंग था, जिसकी जानकारी उन लोगों को नहीं थी। जिसे लेकर अक्सर भुनेश्वर साव अपनी पत्नी को छोटी-छोटी बातों पर प्रताड़ित करता था और दहेज की मांग करता रहता था। 14 जून को भुनेश्वर अपनी पत्नी को छोड़कर अपनी प्रेमिका को लेकर मुंबई भाग गया। उनकी पुत्री अपने ससुराल में है और वहां वह अकेले रह रही है, जिससे उसका जान को खतरा बना हुआ है। भुनेश्वर साव मुंबई स्थित हुलासनगर में बैग फैक्ट्री चलाता है। जानकारी हो कि युवती का भी शादी इसी वर्ष में हुआ है।

# मंझी छटके तो नीतीश का डबल स्ट्रोक

## 'माउंटेन मैन' दशरथ मांझी के बेटे-दामाद को जेडीयू में कर लिया शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले बिहार में दलित वोटरों को इकट्ठा करने के लिए जदयू ने विशेष चाल चली है, खासकर तब, जब से पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी एक बार फिर नीतीश कुमार का साथ छोड़ते हुए महागठबंधन से अलग हो चुके हैं। मांझी के जाने के बाद नीतीश कुमार ने एक ओर रत्नेश सदा को मंत्रिमंडल में शामिल कराया तो बिना समय गवाएं पर्वत पुरुष दशरथ मांझी के पुत्र और उनके दामाद को जदयू में शामिल करा लिया। पटना में जेडीयू कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में पर्वत पुरुष दशरथ मांझी के पुत्र और उनके दामाद को पार्टी में शामिल कराया गया।

इस मौके पर नवनिर्वाचित मंत्री रत्नेश सदा भी मौजूद रहे। मिलन समारोह में भागीरथ मांझी ने कहा कि हमारे पिता को नीतीश कुमार ने बहुत मान सम्मान दिया। उनको नाम और पहचान नीतीश कुमार ने दी। मैं उनकी पार्टी में शामिल हो रहा हूं। वहीं मिथुन मांझी ने कहा कि मांझी समाज को नीतीश कुमार ने सम्मान दिया है। जेडीयू कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में नव



निर्वाचित मंत्री रत्नेश सदा ने जीतन राम मांझी पर हमला बोलते हुए कहा कि मैं कर्म के बदौलत यहां तक पहुंचा हूं लेकिन संतोष सुमन अपने पिता के नाम से मंत्री बने थे। उन्होंने समाज के लिए कुछ नहीं किया। नीतीश कुमार का प्यार मुझे और हमारे समाज को मिलते रहा है। मैंने मुसहर सम्मेलन कराया था, उससे नीतीश कुमार बहुत प्रभावित हुए थे।

मालूम हो कि बिहार विधानसभा चुनाव में भी दलित एक बड़ा फैक्टर और वोट बैंक हैं, जिन्हें हर पार्टी अपने पाले में करने का प्रयास कर रही है। महागठबंधन को छोड़ने वाले मांझी फिर से बीजेपी (एनडीए) में ही जाएंगे ये तय माना जा रहा है लेकिन देखना होगा कि वो इसका फैसला कब लेते हैं।

## मेघातरी में तोड़ा यात्री बस का शीशा, खलासी घायल

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मेघातरी में बुधवार की रात असामाजिक तत्वों के पत्थर फेंककर यात्री बस का शीशा तोड़े जाने की घटना सामने आई है। घटना में बस के खलासी घायल हो गया। बस चालक पप्पू यादव ग्राम बड़गांव थाना सिरदला जिला नवादा निवासी की ओर से कोडरमा थाने में आवेदन देकर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस को दिए आवेदन में कहा गया है कि नरहट से कोलकाता जा रही सेलेनो यात्री बस शाम करीब 7 बजे मेघातरी स्थित मोड़ के पास पहुंची तो चार अज्ञात युवक झाड़ी की तरफ से हाथ में पत्थर लेकर आए और सामने से बस के उपर पत्थर फेंक दिया। जिससे बस का शीशा टूट गया। खलासी की कनपट्टी व हाथ में चोटें लगने से जख्मी हो गया। घटना के बाद घायल खलासी को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए रजौली अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के पीछे बस पड़ाव के नाम पर होने वाली अवैध वसुली को कारण बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मॉडर्न पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय पाठ्यचर्चा की दी गयी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** मॉडर्न पब्लिक स्कूल झुमरीतिलैया में विद्यालय प्राचार्य शैलेंद्र कुमार के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आधार फउंडेशनल स्टेज के लिए एनसीएफ 2022 के क्रियान्वयन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी शिक्षकों को दी गई। इस दौरान किस प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है एवं अपने शिक्षण प्रक्रिया को किस तरह से परिवर्तित करना है, उसे समझाया गया। उन्होंने सबसे पहले बहुत ही सरल शब्दों में फाऊंडेशनल स्टेज का अर्थ समझाते हुए कहा कि यहां इस स्टेज की शिक्षा से तात्पर्य 3 से 8 वर्ष तक की आयु (नर्सरी से कक्षा 2) वाले बच्चों की शिक्षा है, जो नई शिक्षा नीति 2020 द्वारा परिकल्पित 5 33.4 पाठ्यचर्या का पहला चरण है। जो देश भर के विद्यालय में इस सत्र से लागू होने जा रहा है। इसका लक्ष्य है पाठ्यक्रम में सकारात्मक परिवर्तन के माध्यम से देश की शिक्षा प्रणाली



को सकारात्मक रूप से बदलने में मदद करना। यह तभी संभव है जब 3 से 8 वर्ष तक के बच्चों के स्कूल कैंपस से लेकर कक्षाओं, खेलकूद के स्थान, सुरक्षा, स्टाफ की संख्या, छात्र-शिक्षक अनुपात, अभिभावकों की सहभागिता, शिक्षकों की क्षमता का विकास, तकनीकी शिक्षा आदि जैसे पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। प्राचार्य ने शिक्षकों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि अब से शिक्षा का माध्यम खेल एवं मनोरंजन पर आधारित होना चाहिए। खेल-खेल में बच्चों को गतिविधियों में शामिल करें। छात्रों को एक निश्चित समय अवधि में कार्यों, प्रदर्शनों का चौतरफा विवरण होगा, इसके अलावा उसके शक्तियों, अवसरों, रुकावटों एवं गुणों का आकलन प्रस्तुत होगा। वहीं विद्यालय निर्देशिका संगीता शर्मा ने सभी शिक्षकों को एनसीएफ 2022 को अच्छी तरह समझ विद्यालय में क्रियान्वयन की सलाह दी। मौके पर विद्यालय की शिक्षिकाएं तनुश्री सरकार, मनीषा, पूजा, निकिता, प्रियंका, सुमन, स्मिता मौजूद रही।

## दिल्ली से पैदल यात्रा पर निकले श्रद्धालु, पहुंचे कोडरमा

**मरकच्चो (कोडरमा)।** दिल्ली से पैदल यात्रा पर निकले एक श्रद्धालु ने गुरुवार देर रात नवलशाही थाना क्षेत्र के पुरनाडीह पहुंच कर हनुमान मंदिर स्थित रात्री में विश्राम कर शुक्रवार अहले सुबह रवाना हुए। जिसे बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मदद किया। कहते हैं जिंद्गी में सबसे बड़ी खुशी उस काम को करने में है, जिसे लोग कहते हैं की तुम नहीं कर सकते इसी कहावत को चरितार्थ किया है दिल्ली से एक शिव भक्त ने जो दिल्ली से चलकर एक साल में हजारों किलोमीटर का सफर तय कर 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने के दृढ़ निश्चय के साथ घर से निकले हैं। इस शिव भक्त का नाम गोलू तरवलर उर्फ आशु चौहान है। ए दिल्ली के ज्योतिनगर के रहने वाले हैं। गोलू तरवलर उर्फ आशु चौहान का कहना है कि 12 ज्योतिर्लिंग का दर्शन करने का विचार आया। मैं इसी जीवन में हिंदू धर्म का प्रचार करने निकला हुँ, साथ हीं पैदल यात्रा भारतीय सेना को समर्पित करना चाहता हुँ। उन्होंने कहा की ए यात्रा दिल्ली से चलकर कांशी दर्शन कर कोडरमा गिरिडीह के रास्ते देवघर के लिए जा रहा हुँ।

### नीतीश का खुलासा : मांझी को बाहर का रास्ता क्यों दिखाया

# विपक्षी दलों की बैठक की सूचना लीक कर देते मांझी

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी महागठबंधन से अलग हो चुके हैं। केवल औपचारिक ऐलान भर बाकी है। उनके बेटे और बिहार सरकार में मंत्री संतोष कुमार सुमन ने नीतीश कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया है। उसके बाद जेडीयू और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर अपनी पार्टी के जेडीयू में विलय कराने के दबाव का आरोप लगाया। इसको लेकर सियासत गर्म थी, लेकिन आज खुद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस पर अपनी मुहर लगा दी है। जेडीयू कोटे से रत्नेश सदा को मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने के बाद नीतीश कुमार ने कहा हमने 2014 में ही जब रिजाइन किया था तो जीतन राम मांझी को मुख्यमंत्री बनाया था लेकिन जीतन राम मांझी बीजेपी के लोगों से मिल रहे थे। हालांकि उसके बाद हमारे यहां आकर भी



अपनी बात कह रहे थे कि यह हुआ वह हुआ। नीतीश कुमार ने कहा कि हमने साफ कर दिया कि आप अपनी पार्टी का जेडीयू में विलय कर दीजिए या फिर हमसे अलग हो जाइए। नीतीश कुमार ने जीतन राम मांझी पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि 23 जून को विपक्षी दलों की बैठक होने वाली है। अगर मांझी यहां होते तो उस मीटिंग के भीतर जो भी होता वह खबर बीजेपी तक पहुंचा देते। इसीलिए हमने तय किया या तो आप हमारे साथ मर्ज कीजिए या फिर अलग हो जाइए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तरफ से कही गई बातें मांझी के लिए काफी चुभने वाली हैं। इसके अलावा संतोष मांझी जिस समाज से आते हैं उसी मुसहर समाज के रत्नेश सदा को नीतीश कुमार ने अपने मंत्रिमंडल में शामिल किया है। कोशिश है मुसहर समाज को अपने साथ जोड़े रखने की। पर्वत पुरुष दशरथ मांझी के बेटे और दामाद को भी जदयू की सदस्यता दिला कर पार्टी की तरफ से मांझी के अलग होने के चलते होने वाले संभावित नुकसान की भरपाई की कोशिश हो रही है। हालांकि दूसरी तरफ जीतन राम मांझी की बीजेपी आलाकमान से भी अगले हफ्ते बातचीत होनी है। 19 जून को पटना में हम पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के बाद जीतन राम मांझी और उनके बेटे संतोष सुमन दिल्ली पहुंचेंगे, जहां अमित शाह समेत बीजेपी के बड़े नेताओं से उनकी मुलाकात होगी।

# जिला स्तरीय कार्यशाला का किया गया आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** प्रखण्ड के बेकोबर स्थित डायट सेंटर में आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन डीईओ अलका जयसवाल की अध्यक्षता में हुई। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए डीईओ ने कहा कि आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक कार्यक्रम निपुण भारत मिशन का अहम हिस्सा है।

ऐसे में स्कूली बच्चों को मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान की लक्ष्य प्राप्ति और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर देने की जरूरत है। डीएसई नयन कुमार ने निपुण भारत मिशन कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए, इसे पारदर्शितापूर्वक धरातल पर उतारने और बच्चों का सर्वांगीण विकास पर जोर देने की बात कही।

सम्पर्क फाउंडेशन के प्रोजेक्ट मैनेजर सौरभ कुमार ने कार्यक्रम से सम्बंधित विस्तृत जानकारी दिया। कार्यशाला में सभी प्रखण्डों व सम्पर्क फाउंडेशन के द्वारा निर्मित टीएलएम का प्रदर्शनी लगाया गया। मौके पर मास्टर प्रशिक्षक चंदन मिश्रा, पीयूष पाजी, बीपीओ अशोक उपाध्याय, क्षेत्रीय शिक्षा पदाधिकारी विकेश कुणाल प्रजापति, प्रखण्डों के बीपीओ, सीआरपी बीईईओ, एपीओ क्रांति कुमार चांद आदि मौजूद थे।

# बैडमिंटन व बास्केटबॉल कोर्ट का मंत्री जोबा मांझी ने किया उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** पश्चिमी सिंहभूम जिला अंतर्गत सोनुवा में राज्य की महिला, बाल विकास विभाग एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की मंत्री श्रीमती जोबा माझी के द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में विशेष केंद्रीय सहायता मद से नवनिर्मित बैडमिंटन कोर्ट एवं बास्केटबॉल कोर्ट का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती माझी ने कहा कि विद्यालय परिसर में निर्मित दोनों खेल कोर्ट छात्राओं के लिए लाभदायक रहेगा तथा यहां आवासित बच्चियां पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी बढ़चढ़कर हिस्सा लेंगी।

उन्होंने कहा कि आज के दौर में हमारे राज्य की बेटियां खेल के क्षेत्र में भी बेहतर प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन कर रही है, विद्यालयों में खेलकूद के साधन उपलब्ध रहने से प्रतिभाओं को निखारने में काफी मदद मिलेगी। उक्त अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम, अंचलाधिकारी सागरी बराल, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# प्रदूषण के खिलाफ झरिया में जन आंदोलन, फूंका पुतला

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** प्रदूषण बंद करो नारे लगाते ऊपर कुली मे सैकड़ों नौजवानों ने प्रदूषण के खिलाफ मोर्चा खोला बीसीसीएल के आउटसोर्सिंग कंपनियों के द्वारा बेबी ब्लास्टिंग, ओबी डंप, कर पूरे शहर को प्रदूषित हवा से परेशान कर रखा है।लोग यहां प्रदूषण से भयभीत है, जनप्रतिनिधि मौन धारण किए हुए हैं, कोयलांचल के लोगों भयभीत है। दबंगों के द्वारा आउटसोर्सिंग कंपनियों चलाया जा रहा है। आज साथ ही जगह-जगह जागरूकता कार्यक्रम कर बड़े आंदोलन की तैयारी के लिए आज रात 8 बजे भी एक बैठक रखी गई है। अखलाक अहमद ने कहा कि झरिया में ओ बी का धूल कण का वर्षा होता है । यहाँ रहने वाले लोग



प्रदूषण जनित बीमारियों के कारण दम तोड़ रहे हैं । कोयलांचल के लोगों को प्रदूषण का एहसास है पर वह लोग समझ नहीं पा रहे कि प्रदूषण हमारी जिंदगी को कैसे दुर्लभ बना रही है। हर व्यक्ति अपनी उम्र से 10 वर्ष कम जी रहे हैं, प्रदूषण के प्रकोप से गंभीर बीमारियां हो रही है। आसमानों से धूल की वर्षा हो रही है। जिम्मेवार देखकर भी मौन है, प्रशासन और बीसीसीएल की मिलीभगत है। आमिर खान ने कहा आउटसोर्सिंग कंपनियों को चेतावनी दी कि यदि जल्द इस सम्सया का समाधान के लिए कोई ठोस कदम नही उठाती है तो यहाँ के आम जन विभिन्न संगठन एवं प्रबुद्ध लोगों के द्वारा सङक के लेकर नियमानुसार चरणबद्ध तरीके से आन्दोलन करने को बाध्य हो जाएँगे। कार्यक्रम में मोहसिन खान, महबूब मनियार, बंटी इराकी, इमरान शेख, आफताब आलम, मोट्टू गुड्डू , शहनवाज खान, अखलाक अहमद, शहनवाज खान, मुन्ना खान, मोट्टू राजा, अकबर खान, मंटू शेख शामिल थें।

एक नजर में

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष सश्रम कारावास

**कोडरमा।** नाबालिग के साथ जबरन दुष्कर्म किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय तरुण कुमार की अदालत ने शुक्रवार को आरोपी वर्षीय डब्लू सिंह उर्फ डेगना पिता भीखो सिंह नीरपुर डोमचांच, जिला कोडरमा निवासी को पोक्सो 6 एक्ट के तहत दोषी पाते हुए 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई, साथ ही 25000 जुर्माना भी लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर 1 वर्ष अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी। साथ ही अदालत ने 4 पोक्सो एक्ट के तहत दोषी पाते हुए 15 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई साथ ही 25000 जुर्माना भी लगाया। जुर्माना की राशि नहीं दिए जाने पर 1 वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वही 504 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 1 वर्ष सश्रम कारावास की सजा एवं 1000 जुर्माना लगाया गया। सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी। इसे लेकर परिवादिनी के कंप्लेन फाइल किए जाने के आधार पर डोमचांच थाना कांड संख्या 11/20 पोक्सो दर्ज कराया गया था। अभियोजन का संचालन पीपीपी के मंडल ने किया। इस दौरान कुल 8 गवाहों का परीक्षण कराया गया। लोक अभियोजक पीपीपी के मंडल ने कार्रवाई के दौरान न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता आत्मानंद पांडे ने बचाव करते हुए दलीलें पेश की। अदालत ने दोनों पक्षों के दलीले सुनने एवं अभिलेख पर उपस्थित साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया।

**क्या है मामला :** कोडरमा-न्यायालय में किए गए कंप्लेन में भुक्तभोगी नाबालिक ने कहा था कि उसके माता-पिता जब जंगल लकड़ी लाने चले जाते थे तो घर में उसे अकेली पाकर आरोपी चाकू लेकर घर में घुस आता था और चाकू की नोक पर उसके साथ जबरन दुष्कर्म करता था। इस प्रकार यह जानते हुए कि बच्ची घर में अकेली है, कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया और उसे यह बोलता था कि तुमसे शादी कर लेंगे और किसी को बताओगी तो जान से मार देंगे। इसी प्रकार एक दिन उसके माता-पिता ने यह सब देख लिया और उसे पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह भाग गया और जब इसकी शिकायत उसके माता-पिता से की गई तो उन लोगों ने भी टालमटोल कर दिया और कहा कि जो करना है तुम करो।

## डीडीसी ने मुखियाओं के साथ की बैठक, दिये कई निर्देश

**कोडरमा।** जिला मुख्यालय के फरेंदा स्थित रिसोर्स सेंटर में उप विकास आयुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में जिला के सभी पंचायतों के मुखियाओं के साथ बैठक हुई, जिसमें विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए, डीडीसी ने कई आवश्यक निर्देश दिया। बैठक के दौरान 15वें वित्त आयोग के तहत प्राप्त आवंटन की राशि को योजनाओं के क्रियान्वयन में व्यय बढ़ाने, अपने अपने पंचायत भवनों को सुदृढ़ीकरण करने, प्रज्ञा केंद्र, ब्लक कर्डिनेटर, राजस्व कर्मचारी को पंचायत भवन में बैठने की सुविधा प्रदान करने समेत कई विन्दुओं पर चर्चा करते हुए डीडीसी ने 15वें वित्त आयोग के तहत पंचायत स्तर पर सभी योजनाओं को बेहतर तरीके से क्रियान्वयन करने, पंचायत भवनों को साफ सुथरा रखने आदि का निर्देश दिये साथ ही पंचायत भवनों में रोस्टर के आधार पर प्रज्ञा केंद्र, ब्लक कर्डिनेटर और राजस्व कर्मचारी को बैठने की व्यवस्था करने आदि का निर्देश दिया। मौके पर प्रखण्डों के बीडीओ, प्रभारी डीपीएम राजदेव महतो, प्रखण्ड के समन्वयक, पंचायतों के मुखिया आदि मौजूद थे।

## अवैध रूप से बालू परिवहन पर प्रशासन ने चलाया अभियान

**जयनगर (कोडरमा)।** एनजीटी के रोक के बावजूद भी बालू माफिया अवैध रूप से बालू परिवहन लगातार कर रहे थे। प्रशासन को इसकी शिकायत बार-बार मिल रही थी। इसी को रोकथाम हेतु शुक्रवार को डीएमओ दारोगा राय के नेतृत्व में अवैध रूप से बालू परिवहन पर रोक हेतु छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान में डीएमओ दरोगा राय, थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा सहित कई पुलिस जवान शामिल थे। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के विभिन्न बालू घाट में छापेमारी अभियान चलाया गया इस दौरान 7 ट्रैक्टर को जप्त किया गया, साथ ही सात लोगों को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। वही कांड दर्ज कर रोहित चौहान पिता धर्मेंद्र चौहान ग्राम गोपालडीह, मो कलीम उद्दीन पिता स्वर्गीय उस्मान मियां ग्राम इरगोबद, विकास चौहान पिता जितेंद्र चौहान ग्राम गोपालडीह, दीपक बेलदार पिता बालेश्वर बेलदार ग्राम गोपालडीह, पंकज नोनिया पिता नरेश नोनिया ग्राम गोपालडीह, सनोज चौहान पिता देवनारायण चौहान ग्राम गोपालडीह, सुरेंद्र चौहान पिता महेंद्र चौहान ग्राम गोपालडीह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## देश के प्रथम उद्योग मंत्री की प्रतिमा का शिलान्यास



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** विवादों से घिरे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज सिंदरी में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में देश के प्रथम उद्योग व वाणिज्य मंत्री डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा का शिलान्यास किया गया। इस मौके पर कॉलेज प्राचार्य जे के बनर्जी द्वारा अवैध कब्जे वाली जमीन पर लगे नारे सेल चासनाला के मेगा प्रोजेक्ट सहित एफसीआईएल सिंदरी के द्वारा सेल को दिए जाने वाले भूमि के लिए भविष्य में एक दुःखदायी परिणाम घोषित होगा। एफसीआईएल सिंदरी द्वारा अनाधिकृत रुप से कब्जा किए गए पाँच एकड़ भूमि पर जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा स्थापित करने के लिए भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि एकल अभियान के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष केदारनाथ मित्तलए विशिष्ट अतिथि सिंदरी विधायक धर्मपत्नी तारा देवी व कॉलेज शासी निकाय अध्यक्ष अरुण सिंह ने शिलान्यास किया। तत्काल डॉ मुखर्जी की प्रतिमा के लिए सिंदरी विधायक पत्नी ने 21 हजार रुपएए मुख्य अतिथि ने एक लाख रुपए देने की घोषणा की। वहीं कॉलेज शासी निकाय अध्यक्ष अरुण सिंह ने 51 हजार रुपए का चेक कॉलेज प्राचार्य को सौंपा। इस मौके पर सिंदरी विधायक द्वारा किए गए चहारदीवारी निर्माण कार्य का उद्घाटन करते हुए चहारदीवारी को संपूर्ण करने का निर्देश सिंदरी विधायक पत्नी ने दिया। कॉलेज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को मोमेंटो मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# मानव तस्करी की त्रासदी से त्रस्त झारखंड




## कुबेर सिंह की विशेष रिपोर्ट

**झारखंड** में जिस तरह आए दिन मानव तस्करी की खबरें सुर्खियों में रहती हैं, वो राज्य के लिए एक बड़ी समस्या बन गई है। भोले भाले ग्रामीणों को नौकरी दिलाने का लालच देकर मानव तस्कर उन्हें बड़े शहरों में बेच डालते हैं। कहीं मानव तस्कर बेटियों की शादी करवाने की आड़ में सौदा कर डालते हैं। शुक्रवार को गिरिडीह पुलिस ने ऐसे ही एक गिरोह का खुलासा किया है जो पैसे के बल पर परदेशी दूल्हे से बेटी का सौदा किया जा रहा था। गिरिडीह सीडब्ल्यूसी की सहायता से दूल्हा समेत आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बेटी का सौदा एक लाख में हो रहा था। पुलिस ने जिन लोगों को गिरफ्तार किया है, सभी राजस्थान के रहनेवाले हैं। झारखंड के तस्करी प्रभावित जिलों में गुमला, गढ़वा, साहिबगंज, दुमका, पाकुड़, पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा), रांची, पलामू, हजारीबाग, धनबाद, बोकारो, गिरिडीह, कोडरमा और लोहरदग्गा मुख्य रूप से शामिल हैं। यदि आंकड़ों की बात करें तो झारखंड से हर साल पांच सौ नाबालिग लापता हो जा रहे हैं।

पुलिस ने मानव तस्करी के शिकार कुल 1,473 लोगों को बरामद किया। इसमें 472 युवक और 1,001 युवतियां और महिलाएं शामिल थीं। इन मामलों में झारखंड पुलिस ने कुल 783 मानव तस्करों को गिरफ्तार किया। इसमें 197 महिलाएं और 586 पुरुष शामिल हैं। पिछले साल राज्य में सबसे अधिक मानव तस्करी के केस गुमला, सिमडेगा, खूंटी, साहिबगंज और रांची में दर्ज किये गये हैं। इन पांच वर्षों में सबसे अधिक 212 लोग सिमडेगा से मानव तस्करी के शिकार हुए हैं। सिमडेगा से मानव तस्करी की शिकार 16 वर्षीय किशोरी की मौत दो जून को दिल्ली में हो गयी। वह राजौरी गार्डेन में एक परिवार के यहां घरेलू नौकरानी के रूप में काम करती थी। हालांकि उसकी हत्या हुई या उसने आत्महत्या की है, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। इसके लिए दिल्ली पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है। मृतका कुरडेग प्रखंड की हेठमा पंचायत के भिजरीबारी गांव की रहने वाली थी। उसे सेमरबेड़ा निवासी अजय लकड़ा बहला-फुसला कर दिल्ली ले गया था और बेच दिया था।

मूल कारण पर नजर डाले तो उग्रवाद से त्रस्त गांव, शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क की सुविधा से कोसो दूर, अपने गांव में उपस्थित मानव तस्कर के एजेंट और उद्योगिक विकास की धीमी गति ही उस समस्या के मूल में है। आज झारखंड अमीर है लेकिन राज्य की 70 प्रतिशत आबादी आज भी गरीबी से कराह रही है। विकास शहरों तक की सिमटा है। विगत 20 साल से राज्य में आई सरकार के प्रयास पर्याप्त नहीं रहे जिसके कारण यह स्थिति पैदा हुई है। यह स्थिति किसी भी कोण से अच्छी नहीं है।

## लगातार सामने आते हैं मानव तस्करी के मामले

झारखंड से मानव तस्करी का नया मामला पिछले मई महीने में सामने आया। बेंगलुरु से 11 नाबालिग लड़कियों को बचाकर 12 मई को फ्लाइट से रांची लाया गया। सभी लड़कियां 14 से 17 साल की थीं। सभी 11 नाबालिग लड़कियां साहिबगंज और पाकुड़ की पहाड़िया जनजाति की थीं। इन नाबालिग में 6 लड़कियों की उम्र 14 साल, 4 की उम्र 15 साल और 1 की उम्र 17 साल थी। अधिकारियों के अनुसार, बेंगलुरु में लगभग 25 महिलाओं को देखा गया, जिनमें से 11 नाबालिग थीं, इसलिए पहले उन्हें बचा लिया गया।

मौके पर मौजूद नाबालिग लड़कियों ने कहा कि उन्हें नौकरी देने का लालच दिया गया था। इसलिए वह बाहर जाने को तैयार हो गई थीं। एक पीड़िता ने बताया कि हम निम्न आय वाले परिवार से हैं और हमें आश्वासन दिया गया था कि नौकरी दी जाएगी। वहां जाकर पता चला कि हम मानव तस्करी के शिकार हो गये हैं।

## क्या कहते हैं मानव तस्करी के आंकड़े?

**पिछले 8** सालों में झारखंड के विभिन्न जिले से 4,765 नाबालिग लापता हुए थे। इनके लापता होने के संबंध में पुलिस के पास शिकायत भी पहुंची थी, लेकिन इनमें से उक्त आठ वर्षों के दौरान मात्र 3,997 लोग बरामद किये गये। जबकि 768 बच्चे लापता ही रह गये। जिनके बारे में कोई सुराग नहीं मिला। मतलब साफ है कि राज्य के विभिन्न जिलों से लापता 18 वर्ष से कम उम्र के 768 नाबालिग लड़के और लड़कियां ट्रेसलेश रह गये। यह आंकड़ा वर्ष 2015 से लेकर 2022 के अंत तक का है।

पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक, राज्य में प्रत्येक साल कभी 500 से अधिक तो कभी 400 से अधिक नाबालिग लापता होते हैं। लेकिन प्रत्येक साल 80 और कभी-कभी 100 से ज्यादा नाबालिग ट्रेसलेश रह जाते हैं। एनसीआरबी के 2021 के आंकड़ों के अनुसार, 123 लोगों को बलपूर्वक काम कराने के लिए अपहरण किया गया था, जबकि चार का शारीरिक शोषण और वेश्यावृत्ति के लिए। वहीं 108 लोगों की मानव तस्करी घरेलू काम के लिए, 9 लोगों की मानव तस्करी बलपूर्वक शादी के लिए की गयी थी। इस तरह आकड़ों से स्पष्ट है कि राज्य में लापता बच्चों का मामला साल दर साल गंभीर बनता जा रहा है।

वर्ष 2022 के आकड़ों के अनुसार, राज्य में सबसे ज्यादा 122 बच्चे जमशेदपुर जिले से लापता हुए थे। जबकि गुमला जिला से 52, लोहरदगा से 36, चाईबासा से 39, रांची से 29 और पलामू से 46 बच्चे लापता हुए थे। इस तरह पूरे राज्य से 694 नाबालिग लापता हुए थे। जिसमें 262 लड़के और 432 लड़कियां थीं। हालांकि बरामद सिर्फ 560 लोगों को किया गया। जबकि 134 लोग ट्रेसलेश ही रह गये।



एक अन्य जानकारी के अनुसार, 2017 से वर्ष 2022 तक 1574 लोग तस्करी का शिकार हुए हैं। 5 वर्षों में मानव तस्करी के 656 मामले दर्ज किए गए हैं, जिसमें 548 पुरुष और बच्चे हैं, जबकि 1,026 महिलाएं शामिल हैं। मामले पर 5 वर्षों में 783 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

## मानव तस्करी के शिकारों में नाबालिग भी




**18 वर्ष** से कम उम्र के मानव तस्करी के शिकार बच्चों की संख्या 332 और 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के युवकों की संख्या 216 थी। जबकि 18 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों की संख्या 717 और 18 वर्ष से अधिक उम्र की लड़कियों की संख्या 309 थी। बता दें कि महिलाओं और बच्चियों को शादी के नाम पर भी बेचा जाता है। जनवरी 2022 से लेकर अक्टूबर 2022 तक कि बात की जाए तो इस दौरान 93 मामले मानव तस्करी के आए हैं और 74 पीड़ितों की बरामदगी भी हुई है। वहीं 36 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जागरूकता और मदद के लिए 300 महिला हेल्प डेस्क भी बनाए गए हैं।

## शर्मनाक है देश में झारखंड की स्थिति

दिल्ली का, ड्रग्स एंड क्राइम (यूएनओडीसी) भारत देश आकलन रिपोर्ट, 2013 पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय का उल्लेख किया।

पिछले 10 सालों में झारखंड में लगभग 4,000 बच्चे लापता हो गए हैं। सीआईडी के मुताबिक, इनमें से 1,000 का पता लगाया जाना बाकी है। एनजीओ गठबंधन एक्शन अगेंस्ट ट्रैफिकिंग एंड सेक्शुअल एक्सप्लॉइटेशन ऑफ चिल्ड्रन (एटीएसईसी) के अनुसार, लगभग 42,000 लड़कियों की तस्करी झारखंड से महानगरीय शहरों में की गई है,



जिससे यह भारत में मानव तस्करी का एक प्रमुख केंद्र बन गया है।

देश का सबसे बड़ा मानवं तस्कर पन्ना लाल और सुनीता ने लड़कियों को मुंबई, पंजाब, हरियाणा, फरीदाबाद, नोएडा, गाजियाबाद, चंडीगढ़, जयपुर, लखनऊ, कानपुर, पटना, बेंगलुरु, दिल्ली, हैदराबाद, गोवा और देश के बाहर भी घरेलू काम, बंधुआ मजदूरी, कारखाना में मजदूरी, देह व्यापार के लिए बेचा है। पन्ना लाल और उसकी पत्नी सुनीता देवी साल 2003 से ही मानव तस्करी कर रहे थे। अनुमान है कि इस दंपति ने 100 करोड़ से भी ज्यादा की संपत्ति बनाई है। पन्ना लाल महतो खूंटी जिले के मुरहू थाना क्षेत्र के गनालोया गांव का निवासी है, जबकि उसकी पत्नी सुनीता भी इसी जिले के मुरहू की रहनेवाली है।

## गरीब आदिवासी सबसे अधिक होते हैं मानव तस्करों के शिकार



### इन- इन समुदायों की हो रही है अधिकतम मानव तस्करी

**तस्करी** की शिकार अधिकांश महिलाएं उरांव, मुंडा, संथाल, लुप्तप्राय पहरिया और गोंड जनजातियों की होती हैं। जिनमें अधिकांशतः उरांव और मुंडा समुदाय की होती हैं। पलामू और गढ़वा जिले के अधिकांश नाबालिग बच्चे उत्तर प्रदेश के कालीन उद्योग में बाल श्रम के लिए तस्करी के शिकार होते हैं। हालांकि, झारखंड के बच्चों की तस्करी ज्यादातर दिल्ली की प्लेसमेंट एजेंसी रैकेट के जरिए होती है। ये प्लेसमेंट एजेंसियां आदिवासी बच्चों को दिल्ली, फरीदाबाद, गुड़गांव और नोएडा क्षेत्र के घरों में सप्लाई करती हैं। ये एजेंसियां ज्यादातर 11-16 आयु वर्ग के बच्चों को निशाना बनाती हैं, जो शोषण के बाद भी मुह बंद रखते हैं।

सूत्रों के अनुसार तस्करी किए गए पीड़ितों को भीड़-भाड़ वाले कमरों में रखा जाता है और जब तक उन्हें कहीं सप्लाई नहीं किया जाता, तब तक उन्हें जीवित रहने के लिए बमुश्किल पर्याप्त भोजन दिया जाता है। कुछ ही लड़कियां भाग्यशाली होती हैं जिन्हें घरेलू हेल्पर के रूप में कोठियों में रखा जाता है। जबकि कइयों को शादी के नाम पर वैश्यालयों में बेच दिया जाता है, जहां वे सभी रूपों में कभी न खत्म होने वाले दुर्व्यवहार व कभी न खत्म होने वाले शोषण का शिकार होती हैं। यह भी मामला सामने आया है कि कुछ लोग झारखंड से शादी के नाम पर नाबालिग को ले जाते हैं और उन्हें ऊंचे दामों पर बेच दिया जाता है।

### बेटियों की कई राज्यों में तस्करी

झारखंड की बेटियों को कई राज्यों में बेचा जाता है। किसी को घरेलू काम के नाम पर तो किसी को किसी और वजह से। शादी के नाम पर भी बच्चियों का सौदा होता है। शादी के नाम पर बेची गई लड़कियों को पारो या फिर दासी के नाम से पुकारा जाता है। इन लड़कियों से जो व्यक्ति शादी करता है सिर्फ वहीं शारीरिक संबंध नहीं बनाता, बल्कि उस घर के ज्यादातर मर्द संबंध बनाते हैं।

### शादी के नाम पर लड़कियों की तस्करी

शादी के नाम पर तस्करी जैसे संवेदनशील मुद्दे पर लंबे समय से कार्य कर रहे एक्टिविस्ट बैद्यनाथ कुमार बताते हैं कि झारखंड की युवतियों की तस्करी बड़े पैमाने पर सेक्स वर्कर के रूप में होती है। इसके साथ ही शादी के नाम पर भी इनकी तस्करी की जाती है। इनका शारीरिक शोषण किया जाता है। इन्हें पारो या दासी के नाम से पुकारा जाता है। उन्होंने बताया कि कोविड के दौरान मानव तस्करों के चंगुल से कई लड़कियों को बचाया गया था, लेकिन उसके बाद हालात फिर से खराब हुए हैं।

### केस नंबर एक दो लाख में मां ने नाबालिग बेटी का राजस्थान में किया सौदा, अधेड़ से कराई शादी

20 अप्रैल, 2023: 2 लाख में मां ने राजस्थान के युवक को अपनी नाबालिग बेटी बेच दी। 3 महीने पहले अधेड़ युवक के साथ शादी हुई. ससुराल छोड़ नाबालिग मायके पहुंची और ससुराल जाने से इंकार कर दिया। नाबालिग की बड़ी बहन की भी कम उम्र में राजस्थान में शादी हो चुकी है। सीडब्ल्यूएस, चाइल्डलाइन और पुलिस नाबालिग के घर पहुंची और इसके बाद नाबालिग के पति और ससुर को पुलिस ने हिरासत में लेकर जेल भेज दिया था।

दरअसल,15 साल की नाबालिग लड़की की शादी 3 महीने पहले राजस्थान के एक युवक के साथ हुई थी, लेकिन शादी के बाद युवक नाबालिग के साथ मारपीट करता था। नाबालिग लड़की ससुराल से भागकर मायके असनाबाद आ गई। जिसके बाद मामले का खुलासा हुआ। नाबालिग लड़की ने कम उम्र में ही जबरदस्ती राजस्थान के युवक के साथ शादी कराने का आरोप अपनी मां और बुआ पर लगाया है। साथ ही 2 लाख में बेचने की भी बात कही है।

### बड़ी बहन की शादी हो चुकी है राजस्थान में

मामले की भनक चाइल्ड लाइन और सीडब्ल्यूसी को हुई, जिसके बाद पुलिस के सहयोग से रेस्क्यू किया गया। नाबालिग लड़की की बड़ी बहन की शादी भी राजस्थान में होने की बात सामने आई है।

# राज्य का दुर्भाग्य नशापान के लिये 28 दिन के बच्ची को बेचा

### झारखंड में मासूम का सौदा, पिता ने 28 दिन की बेटी को 30 हजार में बेच की शराब पार्टी

21 अगस्त, 2023

उस अबोध बच्ची का कुसूर बस इतना है कि उसने इस दुनिया में जन्म लिया। वह अभी यह भी समझने लायक नहीं हुई है कि कौन अपना और कौन पराया। इससे पहले कि मां की ममता भरी आंचल में वह चैन से सोती या पिता के कंधे पर बैठ दुनिया को निहारती उसे चंद रुपयों में बेच दिया गया। वह भी इसलिए कि पिता को दोस्तों के साथ शराब पार्टी करनी थी। 28 दिन की बच्ची कुछ मिनटों में उस घर से परायी हो गई जहां के नाम से इस दुनिया में जानी जाती। ऐसा उसी पिता ने किया जिसकी अंगुली पकड़कर पगडंडी होते हुए स्कूल या बाजार तक जाती। दिल को झकझोर देने वाला यह वाकया प‍्रिमी सिंहभूम के नोवामुंडी प्रखंड के मेरेलगाड़ा गांव का है।

इस गांव के पेशे से ड्राइवर बुधवराम चतोम्बा चार दिन पहले अपनी नवजात बेटी का सौदा 30 हजार रुपये में कर डाला। इससे पहले उसकी पत्नी उन्वासी चतोम्बा कुछ समझ पाती, बड़ाजामदा के एक परिवार के हाथों उसकी लाडो बिक चुकी थी। उसे यह भी पता नहीं कि उसकी लाडो कहां और किस हाल में है? ग्रामीणों से इसकी जानकारी मिलने पर परम बालजोड़ी के मानकी सुरेंद्र चतोम्बा और गांव के मुंडा (मुखिया) जयराम बारजो जब बुधराम के घर पहुंचे तो पूरे मामले का खुलासा हुआ। हालांकि मानकी और मुंडा के साथ ग्रामीणों को देखकर आरोपी फरार हो गया।

चार दिन पहले बड़ाजामदा से एक पुरुष और तीन महिलाएं उसके घर आये थे। उसके पति ने उसकी गोद से बेटी को ले कर उन्हें थमा दिया। यह कहा कि पहले से इतने सारे बच्चे है, उन्हें पालना मुश्किल हो रहा है। इसे दे देने में कोई हर्ज नही है। तीस हजार रुपये भी मिल रहे हैं। पैसे का लेनदेन कब और कहां हुआ इसकी जानकारी उसे नही है। बुधराम की दो पत्नी और नौ बच्चे पहले से हैं। ग्रामीणों का तो यहां तक कहना है कि गर्भ में ही बुधराम ने सौदा कर लिया था।

### दारू, हड़िया में खर्च करता है रकम

उन्वासी ने बताया पैसे मिलने के बाद उसका पति पैसा दोस्तों के बीच हड़िया पीने और पिलाने में खर्च कर रहा है। घर के खर्च के लिए पैसा नहीं देता है। बुधराम की पहली पत्नी जानिका चातोंबा से छह बेटियां हैं, जबकि उन्वासी से तीन बेटी और एक बेटा हैं। इसमें से एक मासूम को बेच दिया गया। बड़ी बेटी रश्मि चातोंबा 4 वर्ष, सुनिका चातोंबा 3 वर्ष, कृष्णा चातोंबा दो वर्ष के हैं।



### केस नंबर तीन 3 लाख रुपये में नाबालिग बच्ची का सौदा, सीडब्ल्यूसी और पुलिस ने बिकने से बचाया

12 जुलाई, 2021

झारखंड में शादी के नाम पर अपने ही एक नाबालिग बच्ची का तीन लाख रुपये में सौदा कर रहे थे। हालांकि सीडब्ल्यूसी और पुलिस की तत्परता से बच्ची बिकने से बच गई। मामला गढ़वा जिले के खरौंधी थाना क्षेत्र के लामी सरहिया का है।

बताया जाता है कि गांव की एक नाबालिग लड़की की उसके माता-पिता और अन्य परिजन जबरन शादी करा रहे थे। लड़की की दीदी को इसकी जानकारी हुई तो उसने तत्काल बाल कल्याण समिति को इसकी जानकारी दी। उसने अपनी शिकायत में बताया कि शादी के नाम पर उसकी छोटी बहन का तीन लाख रुपए में सौदा हुआ है। महिला ने यह भी जानकारी दी कि पैसे लेकर उसकी बहन की शादी मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले के देवरदा गांव में कराई जा रही है।

इस शिकायत पर गढ़वा के सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष उपेंद्रनाथ दूबे ने तत्काल एसडीपीओ को सूचना देकर नाबालिग की शादी रुकवाया था। इसके बाद एसडीपीओ और थाना प्रभारी राहुल कुमार मिश्रा ने कार्रवाई करते हुए बच्ची को अपनी संरक्षण में ले लिया था।

### केस नंबर चार 21 जनवरी, 2022 को दलालों के द्वारा झारखंड की पांच युवतियों का हुआ था सौदा

झारखंड की पांच युवतियां शिवपुरी आकर लापता हो गई थीं। रोजगार दिलाने के बहाने आरोपित एक महिला दलाल के साथ मिलकर उन पांच युवतियों को नवंबर 2021 में शिवपुरी लेकर आया था। इसके बाद अंडमान-निकोबार से एक आश्रम का कार्यकर्ता युवतियों को तलाशता हुआ यहां आया था। पुलिस ने जब इस मामले का खुलासा किया तो पता चला कि इन युवतियों को बेच दिया गया था। यह पहला मामला नहीं है जब शिवपुरी में बाहर की लड़कियों को लाकर बेचा गया हो। इसके पहले छत्तीसगढ़, उड़ीसा आदि जगह से कई आदिवासी व जनजातीय समाज की महिलाओं की खरीद-फरोख्त के मामले सामने आ चुके हैं।

# खिलाड़ियों को बड़ी सौगात, विदेशी दौरे का भत्ता 66 फीसदी बढ़ा

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** भारतीय युवा कल्याण और खेल मंत्रालय ने देश के खिलाड़ियों को बड़ी सौगात दी है। खेल मंत्रालय ने विदेशी दौरों पर खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ को मिलने वाले खर्च में 66 फीसदी की बढ़ोत्तरी की है। पहले भारतीय खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को विदेशी दौरे पर रहने और खाने के लिए हर दिन 150 डॉलर (12,288 रुपये) मिलते थे। अब इसमें 66 फीसदी की बढ़ोत्तरी की गई है। अब विदेशी दौरे पर जाने वाले खिलाड़ियों और उनके सहयोगी स्टाफ को हर दिन खर्च के लिए 250 डॉलर (20,481 रुपये) मिलेंगे।

खेल मंत्रालय ने इसकी जानकारी देते हुए बताया है कि नए नियमों के अनुसार अब विदेशी दौरे पर खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ हर दिन 250 डॉलर तक खर्च कर सकेंगे। विदेशी दौरों पर खिलाड़ियों को सपोर्ट स्टाफ को मिलने वाले खर्च की ऊपरी सीमा में 66 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है। यह राशि सिर्फ उन खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को मिलेगी, जो अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए जाएंगे। मंत्रालय ने यह भी बताया है कि खेल मंत्रालय की योजना के तहत राष्ट्रीय खेल संघों को सहायता प्रदान की जाती है। इसी कड़ी में खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ को यह सुविधा दी जाएगी।

### क्रिकेट के खिलाड़ियों के लिए नहीं है योजना

यह योजना क्रिकेट के खिलाड़ियों के लिए नहीं है, क्योंकि क्रिकेट के खिलाड़ियों का खर्च बीसीसीआई उठाता है। क्रिकेट के खिलाड़ी विदेशी दौरों पर अपने साथ परिवार भी ले जा सकते हैं और इसका खर्च भी बीसीसीआई ही उठाता है। विश्व कप में भी टीम इंडिया के खिलाड़ी परिवार के साथ विदेशी दौरों पर जाते हैं। क्रिकेटर्स के विदेशी दौरों पर हर दिन होने वाला खर्च 250 डॉलर से कहीं ज्यादा होता है।

## झारखंड की फ्लोरेंस बारला ने 400 मीटर रिले के लिए किया क्वालिफाई



**रांची।** झारखंड की फ्लोरेंस बारला ने हांगझोऊ एशियाई खेलों में 400 मीटर रिले के लिए क्वालिफाई कर लिया है। भुवनेश्वर में शुक्रवार को खेली गयी 62वीं सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दौरान फ्लोरेंस ने अपना सर्वश्रेष्ठ 53.33 सेकेंड का समय निकाला। दौड़ में वे पांचवें स्थान पर आयी, लेकिन रिले टीम के लिए क्वालिफाई कर गई। तय नियमों के अनुसार रिले टीम में कुल 6 एथलीट होते हैं, जिनमें से चार भाग लेते हैं और दो एथलीट रिजर्व रहते हैं। सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता एशियाई खेलों के लिए क्वालिफाई टूनामेंट था। इसमें टॉप छह स्थान पर रहने वाले एथलीट एशियाई खेलों के रिले में भाग लेंगे, जबकि टॉप एथलीट रिले के साथ एकल में भी भाग लेंगे। फ्लोरेंस पूर्वोत्तर रेलवे, बिलासपुर में कार्यरत हैं। पहले झारखंड राज्य खेल प्रोत्साहन सोसायटी की प्रशिक्षु थी। इसके बाद भाटिया एथलेटिक्स अकादमी में कोच आशु भाटिया से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। फ्लोरेंस की उपलब्धि पर जेसोवा की अध्यक्षा मिनी सिंह, एथलेटिक्स कोच, प्रशासक और खेल प्रेमियों ने शुभकामनाएं दी है।

## झारखंड के योगासन खिलाड़ी को सम्मान



**रांची।** शुक्रवार को सामाजिक संस्था तान्याज हेल्पिंग वेल्फेयर फाऊंडेशन की ओर जनजातीय खेल महोत्सव 2023 में भाग लेने वाली झारखंड योगासना टीम को नटराज योग संस्थान कचहरी में सम्मानित किया गया। ज्ञात है कि 09 जून 2023 से 12 जून 2023 तक भुनेश्वर कीट यूनिवर्सिटी में आयोजित किया गया था। जिसमें बालिका वर्ग ने सिलवर मैडल एव बालक वर्ग में चतुर्थ स्थान प्राप्त कर झारखंड का नाम पूरे देश में रौशन किया। इस अवसर पर मुख्य अथिति भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी , नटराज योग संस्थान के संस्थापक सदस्य प्रशांत सिंह, गोपाल सिंह, विशाल कुमार, आर्य प्रहलाद भगत, सुषमा कुमारी, आदि कई उपस्थित थे। वहीं विशिष्ठ अतिथि तान्याज हेल्पिंग वेल्फेयर फाऊंडेशन के फाउंडर राज कुमार साहू, को फाउंडर अंसिका सिंह अध्यक्ष अनवरी अंजुम, हरीश चंद्र कुमार आदि कई उपस्थित थे। सभी लोगों ने सभी विजेता खिलाड़ियों माला पहनाकर एव गिफ्ट पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर सुमन कुमारी तिग्गा, रेशमी तिर्की, सूरज उरांव, सुमित उरांव, आर्यन लोहरा आदि कई योग खिलाड़ी उपस्थित थे। यह जानकारी अनवरी अंजुम ने दी।

## 28 जून से शुरू होंगे दलीप ट्राफी के मुकाबले

**बेंगलुरु।** दलीप ट्रॉफी टूनामेंट 28 जून से 16 जुलाई के बीच बेंगलुरु के अलग-अलग स्टेडियम में खेला जाएगा। क्रिकइंफो के अनुसार इस टूनामेंट में कुल छह जोन (नॉर्थ, साउथ, ईस्ट, वेस्ट, सेंट्रल और नॉर्थ-ईस्ट) की टीमें भाग लेंगी। पिछले साल साउथ जोन और वेस्ट जोन की टीम फाइनल में पहुंची थी। ऐसे में सेंट्रल जोन बनाम ईस्ट जोन और नॉर्थ-ईस्ट जोन बनाम नॉर्थ जोन की विजेता टीमें वेस्ट जोन और साउथ जोन के खिलाफ सेमीफाइनल मैच खेलेंगी। फाइनल 12 जुलाई को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा।

## रोहित, भरत और क्रिश यूथ बॉक्सिंग चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**गंगटोक।** एशियाई जूनियर चैम्पियन रोहित चमोली, भरत जून और क्रिश पाल यहां खेली जा रही छठी यूथ मेन्स नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप के तीसरे दिन क्वार्टर फाइनल में पहुंच गये हैं। चंडीगढ़ के रोहित चमोली (54 किग्रा) ने अरुणाचल प्रदेश के जॉन लापुंग को 5-0 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। क्लोज रेंज से उनके असाधारण आक्रामक प्रदर्शन ने उन्हें क्वार्टर फाइनल में पहुंचा दिया, जहां उनका सामना दिल्ली के उमेश कुमार से होगा।

## श्रीकांत इंडोनेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में हारे

एजेंसी



**जकार्ता।** भारत के किदांबी श्रीकांत इंडोनेशिया ओपन विश्व टूर सुपर 1000 बैडमिंटन के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को यहां चीन के ली शी फेंग की चुनौती से पार नहीं पा सके। भारतीय खिलाड़ी को एक घंटे और नौ मिनट तक चले कड़े मुकाबले में विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी से 14-21 21-14 12-21 से शिकस्त मिली। इस जीत के साथ ही फेंग ने श्रीकांत से मिली पिछली हार का बदला भी चुकता कर लिया। दोनों खिलाड़ियों के बीच दो मुकाबलों में दोनों ने एक-एक जीत दर्ज की है। विश्व रैंकिंग में 22वें स्थान पर काबिज श्रीकांत और फेंग दोनों इस स्पर्धा में गैरवरीय है। श्रीकांत ने शुरूआती सेट में 2-0 की बढ़त कायम की लेकिन इसके बाद उन्हें लगातार कई गलतियां करने का खामियाजा भुगतना पड़ा। चीन के खिलाड़ी ने पहले गेम में ब्रेक के समय 11-7 की बढ़त बना ली।

फेंग ने इसके बाद अपनी बढ़त जारी रखी और पहला गेम आसानी से अपने ना किया। दूसरे गेम की शुरूआत में दोनों खिलाड़ियों के बीच बराबरी का मुकाबला दिखा लेकिन श्रीकांत जल्द ही अपने पुराना लय हासिल कर ब्रेक तक 11-6 की बढत बना ली। उन्होंने आक्रामक खेल जारी रखते हुए यह गेम जीत लिया। वह हालांकि तीसरे गेम में इस लय को बरकरार नहीं रख सके और फेंग ने 11-6 की बढ़त बना ली।

ब्रेक के दौरान चीन के खिलाड़ी को चिकित्सा मदद की जरूरत पड़ी। वह इसके बाद बाएं पैर में पट्टी के साथ कोर्ट में उतरे लेकिन उनके खेल में कोई कमी नहीं आई। फेंग ने तीसरा गेम 21-12 के बड़े अंतर से जीत कर सेमीफाइनल का टिकट पक्का किया।

## प्रैक्टिस मैच में वेस्टइंडीज, जिम्बाब्वे और श्रीलंका ने मचाया गदर



**दुबई।** वेस्टइंडीज, जिम्बाब्वे और श्रीलंका ने आईसीसी पुरूष क्रिकेट वनडे विश्व कप 2023 क्वालीफायर से पहले अपने दोनों अभ्यास मैच जीत लिए हैं। नीदरलैंड ने भी पिछले मैच में आयरलैंड को हराया जबकि नेपाल ने ओमान पर जीत दर्ज की। वेस्टइंडीज ने रोवमैन पॉवेल के शतक की मदद से संयुक्त अरब अमीरात को 114 रन से हराया। एक समय पर वेस्टइंडीज के सात विकेट 198 रन पर गिर गए थे। इसके बाद पॉवेल ने कीमो पॉल के साथ आठवें विकेट के लिए 139 रन जोड़े।वेस्टइंडीज के लिए यानिक कारिया ने 58 रन देकर चार विकेट लिए। जिम्बाब्वे ने दूसरे मैच में टॉस जीतकर स्कॉटलैंड को बल्लेबाजी के लिये भेजा। ब्रेंडन मैकमुलेन अर्धशतक से एक रन से चूक गए और उनकी टीम 163 रन पर आउट हो गई। जवाब में जिम्बाब्वे ने 25 ओवर में छह विकेट बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। श्रीलंका ने बुलावायो में अमेरिका को 198 रन से हराया। दिमुथ करूणारत्ने ने 100 गेंद में 111 रन बनाए जबकि कुसाल मेंडिस ने 91 गेंद में 105 रन की पारी खेली। श्रीलंका ने पांच विकेट पर 392 रन बनाए। जवाब में अमेरिका की टीम 198 रन पीछे रह गई।

## खूंटी जिले तीन तथा रांची जिले के एक खिलाड़ी भी है चैंपियन टीम का हिस्सा

# नेशनल स्कूल गेम्स में चैंपियन बनी झारखंड की टीम

खबर मन्त्र संवाददाता



**लापुंग।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तहत राष्ट्रीय स्तर पर 66 वीं खेल प्रतियोगिता के दौरान ग्वालियर में आयोजित हॉकी प्रतियोगिता में चैम्पियन बनी झारखंड की टीम शुक्रवार को वापस रांची लौटी। टीम में रांची जिले के लापुंग प्रखंड के ककरिया की खिलाड़ी सरोज कुमारीए खूंटी जिले से गोविंदपुर की तीन खिलाड़ी बालो होरोए अनुपमा होरो तथा बिनिमा धान भी अन्य खिलाड़ियों के साथ अपने कोच राकेश रौशन तिग्गा तथा दीपक कुमार महतो सहित टीम के मैनेजर एम्मा बाड़ा सहित एचओडी बेला टोप्पो के नेतृत्व में रांची लौट गए। बालिकाओं की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल मैच में दिल्ली को 12.0 तथा फाइनल में मध्यप्रदेश की टीम को 5.0 से पराजित कर चैम्पियन बनी। टीम की खिलाड़ियों ने पूरे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। इधर खूंटी जिले के गोविंदपुर और रांची जिले के ककरिया की खिलाड़ियों के लौटने पर ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। ग्रामीणों ने राष्ट्रीय स्तर पर कोच के रूप में शानदार भूमिका निभाने पर लापुंग के राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय महुगांव खास के खेल शिक्षक राकेश रोशन तिग्गा को बधाई देते हुए लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दी। सूत्रों के अनुसार टीम के खिलाड़ी अपने अपने जिलों के मुख्यालय पहुंचे। लेकिन ऑफिशियल स्वागत नहीं किया गया। बहुत जल्द राजधानी में पूरी टीम का स्वागत किया जाएगा एवं खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा।

## साढ़े पांच वर्षीय छात्र ने राष्ट्रीय स्केटिंग में जीते दो पदक

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दूसरी कक्षा के छात्र साढ़े पांच वर्षीय हरेश भारद्वाज निवासी डबवाली ने राष्ट्रीय स्तर की एथलेटिक स्केटिंग चैंपियनशिप में छोटी उम्र में बड़े कदम बढ़ाते ही एक साथ दो-दो पदक जीत लिए हैं। हरेश ने यह जीत आगरा में एथलेटिक डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन द्वारा आयोजित चैंपियनशिप में 16 सौ बच्चों के मध्य हुए मुकाबले में दर्ज की। उसने दो सौ मीटर स्केटिंग वर्ग में कांस्य व सौ मीटर वर्ग में सिल्वर पदक जीते हैं। उसके पिता गौरव शर्मा रेलवे में स्टेशन अधीक्षक के पद पर तैनात हैं। बड़ी बात है कि हरेश भारद्वाज ने उसकी गृहिणी मां रीटा व 11 वर्षीय बहन हिमांशी की देखरेख में महज 15 दिनों की तैयारी में खुद को राष्ट्रीय मुकाबले के काबिल बनाया। स्केटिंग प्रशिक्षक नितिन सिंगला के बेहतर प्रशिक्षण ने उसकी प्रतिभा को ओर निखारा। अब हरेश नेपाल में अंतरराष्ट्रीय स्केटिंग चैंपियनशिप में भाग लेने नेपाल जायेगा। स्केटिंग चैंपियनशिप में विजेता हरेश भारद्वाज व प्रशिक्षक नितिन सिंगला का वापसी पर काफी शानदार स्वागत किया गया।

## खेल पत्रकार तापिश चन्द्र घोष का निधन

**लखनऊ।** लगभग तीन दशक तक खेल पत्रकारिता के क्षेत्र में अपना योगदान देने वाले वयोवृद्ध खेल पत्रकार तापिश चन्द्र घोष का शुक्रवार तड़के निधन हो गया। वह करीब 85 वर्ष के थे। घोष करीब 30 साल तक देश की जानी मानी समाचार एजेंसी यूनाइटेड न्यूज आफ इंडिया से जुडे रहे और खेल पत्रकारिता में अपनी अनूठी पहचान बनायी। उनके पुत्र रितेश घोष ने बताया कि उनके पिता के पैर में संक्रमण हो गया था और चिकित्सकों ने उनका पैर काटने की सलाह दी थी जिसके बाद वह तनाव में रहते थे। कृष्णा नगर क्षेत्र में अली नगर जुनैरा स्थित आवास पर आज सुबह करीब पांच बजे उन्होने अंतिम सांस ली।

## अवध स्काई की जीत में आकाश का चौका

**लखनऊ।** मैन ऑफ द मैच आकाश सरकार की सटीक गेंदबाजी (22 रन पर 4 विकेट) एवं शिवम यादव की शानदार बल्लेबाजी ( 6 चौके और 4 छक्के से बनाए गए 55 रन) की मदद से अवध स्काई स्पोर्ट्स अकादमी ने समर कप क्रिकेट प्रतियोगिता में चंदौली क्रिकेट अकादमी को 34 रनों से पराजित किया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर खेले गए मुकाबलों में पहले मैच में अवध स्काई स्पोर्ट्स अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट पर 163 रन बनाए। शिवम यादव ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 37 गेंदों पर 55 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली जबकि आदित्य सिंह ने 43 गेंदों पर तीन चौके और एक छक्के की मदद से 39 रनों का योगदान दिया।


## स्क्वाश विश्व कप: मलेशिया ने सेमीफाइनल में भारत को हराया

**चेन्नई।** दूसरी वरीयता प्राप्त भारत शुक्रवार को यहां चौथी वरीयता प्राप्त मलेशिया के हाथों 0-3 से हराकर एसडीएटी डब्ल्यूएसएफ स्क्वाश विश्व कप से बाहर हो गया। मलेशिया शनिवार को फाइनल में गत चैंपियन मिस्र से भिड़ेगा। मिस्र ने दूसरे सेमीफाइनल में जापान को 4-0 से हराया।

## एशियाई खेलों से पहले स्पेन दौरे से अच्छा अनुभव मिलेगा : सविता

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता का मानना है कि एशियाई खेलों से पहले स्पेन दौरे से टीम को अपनी कमजोरियों के बारे में जानने का मौका मिलेगा और जूनियर खिलाड़ी भी खुद को साबित करके एशियाई खेलों के लिए टीम में चयन का दावा पुख्ता कर पाएंगे। भारतीय टीम स्पेनिश हॉकी महासंघ अंतरराष्ट्रीय टूनामेंट की 100वीं वर्षगांठ पर स्पेन खेलने जाएगी। यह टूनामेंट 25 से 30 जुलाई के बीच खेला जाएगा।



सविता ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा, ह्यहमारे लिए यह अहम टूनामेंट है क्योंकि इससे उन पहलुओं के बारे में पता चलेगा जिनमें सुधार करना है।' चार देशों के टूनामेंट में भारत का सामना दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और मेजबान स्पेन से होगा। सविता ने कहा, ह्यहम टूनामेंट में शीर्ष टीमों के खिलाफ खेलेंगे लिहाजा एशियाई खेलों से पहले खुद को आंकने का अच्छा मौका है।'

एशियाई खेल सितंबर अक्टूबर में चीन के हांगझोउ में खेले जाएंगे। इसमें स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम अगले साल पेरिस ओलंपिक के लिये सीधे क्वालीफाई करेगी। जूनियर टीम ने पिछले सप्ताह जापान में चार बार की चैम्पियन कोरिया को 2.1 से हराकर महिलाओं का जूनियर एशिया कप जीता। सुनेलिटा टोप्पो जैसी जूनियर खिलाड़ियों को एशियाई खेलों के लिए 33 सदस्यीय कोर ग्रुप में रखा गया है जो बेंगलुरू में 11 जुलाई तक राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में भाग लेंगी।

सविता ने कहा, ह्यजूनियर टीम में कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं जिन्होंने हाल ही में एशिया कप जीता। वे अब सीनियर टीम में जगह बनाने को बेताब होंगे इसलिए कोई खिलाड़ी टीम में अपनी जगह को हलके में नहीं ले सकता। एशियाई खेलों की टीम में जगह बनाने के लिए सबके पास मौका है।

## पेज एक का शेष

### प्रचंड लू में तप रहा झारखंड...

**रेड अलर्ट जारी करने की मानक प्रक्रिया :** मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि रेड अलर्ट जारी करने की एक निश्चित प्रक्रिया होती है। इसके तहत सभी मानकों को देखना अनिवार्य है। जब किसी खास जगह या पाकेट में लगातार छह दिन हीट वेव या लू चलने की स्थिति बनी हुई है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री या उससे भी अधिक उपर चल रहे हैं। तो ऐसी स्थिति में रेड अलर्ट जारी किए जाते हैं। इसका मतलब होता है कि शासन इसे गंभीर समझकर आपदा से निपटने के लिए हर आवश्यक कदम उठाकर जनजीवन को राहत देने का कार्य प्रारंभ करे।

### योजनाएं कागज पर नहीं, ....

**ग्रामीण इलाकों से श्रमिकों का पलायन नहीं हो:** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि ग्रामीण इलाकों से रोजगार की तलाश में मजदूरों का पलायन होने की बात लगातार सामने आ रही है। यह चिंताजनक है। सरकार ने रोजगार सृजन के लिए मनरेगा के तहत कई योजनाएं चला रही है। हर पंचायत में कम से कम पांच योजनाओं का संचालन होना है। इसे आप प्राथमिकता के साथ लागू करें, ताकि मजदूरों को अपने गांव -घर में रोजगार मिल सके।

**कार्डधारियों को फलदार पौधा उपलब्ध करायें:** मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के उपायुक्तों को कहा कि वे सभी राशन कार्ड धारियों और विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को कम से कम दो- दो फलदार पेड़ देना सुनिश्चित करें। इससे ना सिर्फ ग्रामीणों की आय में वृद्धि होगी। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी बेहतर कदम होगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पंचायतों के बाद अब वैसे गांवों को चिन्हित करें, जहां ज्यादा आबादी है और वहां वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के तहत खेल मैदान विकसित करें।

### कोयला कारोबारी को इडी का समन ...

**इजहार के नाम पर 12 शेल कंपनियां:** इजहार अंसारी के नाम पर 12 से अधिक शेल कंपनियां हैं। इन्हीं शेल कंपनियों के नाम पर कोयला तस्करी के पैसों को हवाला के जरिए इधर-उधर किया जाता था। इडी की टीम इजहार अंसारी की सभी शेल कंपनियों के दस्तावेज को हासिल कर जांच में जुट गयी है। इजहार अंसारी चरही के इंदिरा गांव के रहने वाले हैं। वे पिछले 40 वर्षों से कोयला के कारोबार से जुड़े हैं।

## सात दिवसीय योग काउंट डाउन के दूसरे दिन हुई योगासन प्रतियोगिता

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** नौवे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मध्य नजर आयुष विभाग का सात दिवसीय योग काउंट डाउन कार्यक्रम के दूसरे दिन के पहले सत्र में सुबह छह बजे से जिसमें आयुष मंत्रालय द्वारा जारी योगा प्रोटोकोल के अनुसार आसन, प्राणायाम, शिथिलीकरण और ध्यान कराया गया। इस सत्र में बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन योग शिक्षिका शालिनी कुमार ने किया। शुक्रवार को दूसरे सत्र में महिलाओं और पुरुषों के योगासन की योगासन प्रतियोगिता हुई जो तीन ग्रुप में विभाजित थे।



सभी को पांच तरह के आसन करने थे जिनमें आगे झुकने वाले आसन, पीछे झुकने वाले आसन, स्ट्रेचिंग, ट्विस्टिंग और संतुलन वाले आसन

पुरुषों, महिलाओं और बच्चो की प्रतियोगिताएं अलग-अलग हुई। जिसमें लगभग 60 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया

प्रतियोगिता में डॉ. शाहीन अख्तर, डॉ. रशीदा हुसैन, डॉ सरिता, डॉ जाहिद अनवर, पी. एन सिंह ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन राज्य योग केंद्र की योग प्रशिक्षिका डॉ अर्चना कुमारी ने किया। कार्यक्रम निदेशालय आयुष निदेशालय के निदेशक डॉ फैजलुस शमी, राज्ययोग केंद्र के प्रभारी डॉ मुकुल कुमार दीक्षित की उपस्थिति में हुआ। इसके अलावा राहुल कुमार ( नोडल ऑफिसर, एन ए एम ), दिवाकर चंद्र झा ( नोडल ऑफिसर, एचडब्ल्यू सी) एसपीएम ( एनएएम ), अलतमश ( सहायक, निदेशालय ) उपस्थित थे। प्रतियोगिता के पुरस्कारों का वितरण 20 जून को राज्ययोग केंद्र में होगा।

### स्पेशल सीनियर ग्रुप

**40 साल से ऊपर**

सुपर सीनियर ग्रुप - 25 साल से 40 साल

सीनियर ग्रुप - 15 से 25 साल

## किशोर तीरंदाज भजन क्वालीफायर टॉप 10 में

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** किशोर तीरंदाज भजन कौर विश्व कप चरण तीन के रिकर्व महिला क्वालीफिकेशन दौर में शीर्ष 10 में जगह बनाने में सफल रही जबकि अन्य भारतीय तीरंदाजों ने निराश किया। कोरिया के तीरंदाजों ने उम्मीद के मुताबिक एक बार फिर दमदार प्रदर्शन किया। भारत की 17 साल की भजन ने अपने पदार्पण विश्व कप पर प्रभावित करते हुए 668 अंक के साथ नौवां स्थान हासिल किया।

संगीता (651) और तनीषा वर्मा (648) क्रमशः 30वें और 36वें स्थान पर रहे जिससे महिला टीम रैंकिंग सातवें स्थान पर खिसक गई हैं। महिलाओं में शीर्ष तीनों स्थान कोरियाई तीरंदाजों ने हासिल किये जिसमें शंघाई विश्व कप की स्वर्ण पदक विजेता लिम सिह्योन (684) पहले स्थान पर रही। पुरुषों के क्वालीफिकेशन में 16वें स्थान पर रहने के साथ तुषार शेल्के (671) भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ रहे। इस वर्ग में शीर्ष तीनों स्थान पर कोरिश के तीरंदाज रहे।

किम वुजिन 696 अंक के साथ शीर्ष पर रहे। अन्य भारतीयों में मृणाल चौहान (670) 20वें जबकि धीरज बोम्मादेवरा उनसे एक अंक पीछे 23वें स्थान पर रहे। भारतीय पुरुष टीम रैंकिंग में चौथे स्थान पर है और टीम सेमीफाइनल में कोरिया से भिड़ सकती है।

स्पीड न्यूज

## फिजी में आया 7.2 तीव्रता का भूकंप

**टोंगा।** फिजी के दक्षिणी भाग में गुरुवार रात 11:36 बजे (भारतीय समयानुसार) भीषण भूकंप आया। हिंद-प्रशांत क्षेत्र के देश फिजी में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। जानमाल के नुकसान की अभी तक जानकारी प्राप्त नहीं हुई है। रिएक्टर स्कले पर भूकंप की तीव्रता 7.2 मापी गई है। इसकी पुष्टि यूनाइटेड स्टेट जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) ने किया है। भूकंप का केंद्र धरती के 167 किलोमीटर बताया जा रहा है। भूकंप का केंद्र दक्षिण प्रशांत महासागर के नुकालोफा, नुकुआलोफा, टोंगाटापु से 291 किमी दक्षिण-पश्चिम में है।

## अमेरिका में चीन के तीन एजेंटों पर केस

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में एक प्राइवेट जासूस और चीन के दो नागरिकों पर जासूसी का मुकदमा चलेगा। अमेरिकी न्याय विभाग ने इसकी पुष्टि की है। विभाग के अनुसार चीन के तीनों एजेंट ने बीजिंग के ऑपरेशन फॉक्स हंट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आरोप है कि चीन ने ऑपरेशन फॉक्स हंट के तहत से जापान, ब्रिटेन, नीदरलैंड और फ्रांस सहित दुनिया भर में दर्जनों पुलिस चौकियां स्थापित की हैं। इन तीनों पर बीजिंग के आदेश पर जू जिन और उनके परिवार को 2016 के आखिर में उपनगर न्यू जर्सी में परेशान करने का भी आरोप है।

## ऑस्ट्रेलिया के ग्रीन होंगे भारत में नये उच्चायुक्त

**केनबरा।** भारत में ऑस्ट्रेलिया के नए उच्चायुक्त का जिम्मा अब फिलिप ग्रीन को सौंपा गया है। ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग ने जानकारी दी कि इस समय जर्मनी में ऑस्ट्रेलिया के राजदूत फिलिप ग्रीन अब भारत में उच्चायुक्त का दायित्व संभालेंगे। वे भारत में ऑस्ट्रेलिया के मौजूदा उच्चायुक्त ओ फॉरेल की जगह लेंगे। पेनी वोंग ने तहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के घनिष्ठ संबंध लगातार विस्तार ले रहे हैं। दोनों देश आपस में दृष्टिकोण, चुनौतियों और एक लोकतांत्रिक विरासत को साझा करते हैं।

## अरुंधति रॉय को मिला यूरोप का प्रतिष्ठित पुरस्कार

**नयी दिल्ली।** मशहूर लेखिका अरुंधति रॉय को 45वां यूरोपियन एसे प्राइज फॉर लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान दिया जाएगा। चार्ल्स वीलॉन फाउंडेशन ने इसकी घोषणा की। रॉय को यह सम्मान 2021 में प्रकाशित आजादी नामक निबंध संकलन के फ्रेंच अनुवाद के लिए दिया गया है। फाउंडेशन ने कहा कि अरुंधती रॉय ने अपने लेखों में फासीवाद का विश्लेषण करते हुए बताया है कि इसे किस प्रकार अमली जामा पहनाया जा रहा है और वह अपने निबंधों का उपयोग मुकाबला के रूप में करती हैं। यह एक ऐसा मुद्दा है जो तेजी से हमारे जीवन से जुड़ रहा है। उनके निबंधों से कई लोगों को आश्रय मिलता है।

# टेक्सास में बवंडर से तीन की मौत और सैकड़ों घायल

### तूफान से पेरीटन शहर में भारी तबाही, हजारों घरों में बिजली गुल

**दक्षिणी और मध्य-पश्चिमी राज्यों में चेतावनी जारी**

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राज्य टेक्सास में आए तूफानी बवंडर से तीन लोगों की मौत हो गयी। सैकड़ों लोग इस बवंडर की चपेट में आकर घायल हो गए, वहीं हजारों घरों में बिजली गुल हो गई।

तूफान ने क्षेत्र को तबाही की कगार पर ला खड़ा किया है, वहीं कई अन्य दक्षिणी और मध्य-पश्चिमी अमेरिकी राज्यों को चेतावनी जारी की गयी है। टेक्सास प्रांत में अचानक आई तबाही का सर्वाधिक शिकार पेरीटन शहर हुआ। अमेरिका की नेशनल वेदर सरविस के मुताबिक तूफान ने इस क्षेत्र से टकराकर तबाही मचा दी है। आपातकालीन सेवाओं के लोग बचाव कार्य में जुटे हैं।

पेरीटन के अग्निशमन विभाग के प्रमुख पॉल डचर ने बताया कि इस तूफान में तीन लोगों की मौत हो गई है। मोबाइल होम पार्क में तूफान से सीधे टकराने के बाद एक व्यक्ति की मौत हो गई है। डचर के अनुसार अबतक 30 ट्रेलर के क्षतिग्रस्त होने की सूचना मिली है। तूफान के कारण हजारों घर गिर गए। घरों के मलबे में दब कर सैकड़ों लोग घायल हो गए। दमकल कर्मी लगातार मलबे से लोगों को निकाल रहे हैं।

सौ से अधिक लोगों को घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया। भारी संख्या में लोग अब भी जख्मी हैं। तूफान का असर ओकलाहोमा और टेक्सास की बिजली आपूर्ति पर भी पड़ा है। हजारों लोगों के घरों की बिजली गुल हो गयी है और पूरी व्यवस्था इस कदर चरमरा गयी है कि आपूर्ति सुनिश्चित करना मुश्किल हो रहा है। बताया गया कि लगातार दूसरे दिन अमेरिका में तूफान आया है। तूफानी हवाओं के कारण कई पेड़ उखड़ गए और इमारतें भी क्षतिग्रस्त हो गईं।

तूफान इतना तेज था कि कई कारें टेक्सास के पूर्वी हिस्सों से उड़कर जार्जिया तक पहुंच गयीं।




## आठ दिन की इडी हिरासत में मंत्री सेंथिल बालाजी


**चेन्नई।** तमिलनाडु में चेन्नई की प्रधान सत्र अदालत ने धनशोधन के एक मामले में गिरफ्तार राज्य के बिजली मंत्री वी सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका शुक्रवार शाम खारिज कर दी और उन्हें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को पूछताछ के लिए उन्हें आठ दिन की हिरासत में भेज दिया। आरोपी बिजली मंत्री सेंथिलबालाजी और ईडी द्वारा दायर याचिकाओं पर आदेश पारित करते हुए प्रधान सत्र न्यायाधीश अल्ली ने श्री सेंथिलबालाजी की गुहार सुनने के बाद उन्हें अस्पताल से वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया था।

# हिंद-प्रशांत महासागर क्षेत्र की मुक्ति में भारत की भूमिका अहम

### अमेरिका और भारत कई क्षेत्रों में एक साथ कर रहे काम : मिलर

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने माना है कि हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र की मुक्ति, सुरक्षा, समृद्धि व आत्मनिर्भरता में भारत की भूमिका अहम है। अमेरिका ने इस दृष्टि से भारत के साथ अपनी साझेदारी को भी महत्वपूर्ण करार दिया है। अमेरिका का यह बयान भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा से एक सप्ताह पहले आया है। अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा है कि भारत के साथ अमेरिकी साझेदारी सबसे अहम है। अमेरिका और भारत कई क्षेत्रों में मिलकर एक साथ काम कर रहे हैं। हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र को मुक्त, समृद्धि और आत्मनिर्भर रखने में भारत की अहम भूमिका है। मिलर ने कहा कि अमेरिका के विदेश मंत्री टॉनी ब्लिंकेन पीएम मोदी और भारतीय प्रतिनिधिमंडल के अमेरिका दौरे पर फोकस कर रहे हैं। वह कई मुद्दों



पर भारत के साथ बातचीत करेंगे। भारत में अमेरिकी वीजा मिलने में हो रही देरी पर मैथ्यू मिलर ने कहा कि अमेरिका के वाणिज्य दूतावास इस समस्या को दूर करने में जुटे हैं और जल्द से जल्द बड़ी संख्या में भारतीय लोगों को वीजा जारी किए जाएंगे। मिलर ने कहा कि यह अमेरिकी सरकार की प्राथमिकता है। भारत में मानवाधिकार के मुद्दे पर मिलर ने कहा कि इसे लेकर हम साफ हैं और भारत के साथ निजी तौर पर बात कर रहे हैं। मिलर ने कहा कि हमने भारत के साथ अपनी चिंताओं को साझा किया है।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर संयुक्त राष्ट्र संघ का विशेष सत्र 21 जून को, मोदी करेंगे नेतृत्व

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष सत्र आहूत किया है। इस विशेष योग सत्र की अगुवाई भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे और संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष साबा कोरोसी भी इसमें शामिल होंगे। प्रधानमंत्री मोदी अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर संयुक्त राष्ट्र में होने वाले समारोह में शामिल होंगे। वे संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में होने वाले योग दिवस पर केंद्रित विशेष सत्र की अगुवाई करेंगे। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 77वें सत्र के अध्यक्ष साबा कोरोसी भी इस समारोह में भाग लेंगे। कोरोसी ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपना चित्र ट्वीट करते हुए लिखा कि वे अगले सप्ताह संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के नॉर्थ लॉन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ संयुक्त राष्ट्र में होने वाले नौवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में भाग लेने के लिए उत्साहित हैं। इस बार योग दिवस पर आयोजित विशेष सत्र के लिए संयुक्त राष्ट्र ने एडवाइजरी भी जारी की है। योग सत्र 21 जून को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के विशाल नॉर्थ लॉन में सुबह 8 बजे से 9 बजे तक चलेगा। एडवाइजरी के अनुसार, ऐतिहासिक योग सत्र में संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष अधिकारियों, राजदूतों, दूतों, सदस्य देशों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ वैश्विक और प्रवासी समुदाय के प्रमुख सदस्यों के भाग लेने की उम्मीद है। लोगों से कहा गया है कि वह ऐसे कपड़े पहनकर आएं, जिसमें वह योग कर सकें। संयुक्त राष्ट्र ने योग करने के लिए मैट खुद देने की बात कही है।

## बाइडन ने ग्रीन कार्ड के नियमों में दी ढील

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा से कुछ दिन पहले अमेरिका में काम करने और वहां रहने के लिए ग्रीन कार्ड का इंतजार कर रहे लोगों के लिए बाइडन प्रशासन ने पात्रता मानदंड पर नीतिगत दिशानिर्देश जारी कर नियमों में ढील दी है। राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन के आमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21 से 24 जून तक अमेरिका की यात्रा पर रहेंगे। वे मोदी के सम्मान में 22 जून को राजकीय भोज की मेजबानी करेंगे। मोदी अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र को 22 जून को संबोधित करेंगे। रोजगार प्राधिकरण दस्तावेज (ईएडी) के लिए प्रारंभिक और नवीनीकरण आवेदनों के लिए पात्रता मानदंड के संबंध में अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) द्वारा जारी किए गए निदानिर्देश से हजारों भारतीय प्रौद्योगिकी पेशेवरों को मदद मिलने की उम्मीद है। ये पेशेवर ग्रीन कार्ड या स्थायी निवास की लंबे समय से प्रतीक्षा कर रहे हैं।आव्रजन कानून के तहत करीब 1,40,000 रोजगार आधारित ग्रीन कार्ड हर साल जारी किये जाते हैं। किसी एक देश के लोगों को केवल सात फीसदी ग्रीन कार्ड दिये जा सकते हैं।

# ज्ञानी रघुबीर सिंह अकाल तख्त के नये जत्थेदार बने

**एसजीपीसी ने ज्ञानी हरप्रीत सिंह को किया पदमुक्त**

**चंडीगढ़।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने शुक्रवार को आपात बैठक बुलाकर अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह को पदमुक्त कर दिया। उनके स्थान पर तख्त केसगढ़ साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघुबीर सिंह को अकाल तख्त साहिब का नया जत्थेदार नियुक्त किया गया है। ज्ञानी हरप्रीत सिंह पहले की तरह तख्त दमदमा साहिब के जत्थेदार बने रहेंगे। हरिमंदिर साहिब के ग्रंथी व पूर्व अरदासिया ज्ञानी सुल्तान सिंह को केसगढ़ साहिब का नया जत्थेदार नियुक्त किया गया है। रघुबीर सिंह अकाल तख्त साहिब के कार्यकारी जत्थेदार होंगे। यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है, जब अकाल तख्त जत्थेदार विदेश में हैं। वह शनिवार की रात लौटेंगे। इससे पहले हरप्रीत सिंह भी अकाल तख्त साहिब के कार्यकारी जत्थेदार थे। शुक्रवार को एसजीपीसी की आपात बैठक केवल इसी मुद्दे के लिए बुलाई गई थी। ज्ञानी हरप्रीत सिंह का कई माह से शिरोमणि अकाली दल और एसजीपीसी के साथ टकराव चल रहा था। सबसे ज्यादा नाराजगी ज्ञानी हरप्रीत सिंह के आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा की सगाई में जाने को लेकर थी। इसके अलावा ज्ञानी हरप्रीत सिंह लगातार अकाली दल




के पंथ को छोड़ राजनीतिक हितों की तरफ झुकाव पर सवाल खड़े कर रहे थे। एसजीपीसी ने पिछले महीने भी अकाल तख्त साहिब जत्थेदार को हटाने के लिए बैठक बुलाई थी लेकिन उस बैठक में इस मुद्दे पर सहमति नही बन सकी तो फैसले को टाल दिया गया। नए बने जत्थेदार ज्ञानी रघुबीर सिंह 2017 से पहले स्वर्ण मंदिर के प्रमुख ग्रंथी थे। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने अगस्त 2017 को ज्ञानी रघुबीर सिंह को तख्त केसगढ़ साहिब का कार्यवाहक जत्थेदार नियुक्त किया था। तब उन्होंने तख्त केसगढ़ साहिब के प्रमुख ग्रंथी ज्ञानी फूला सिंह का स्थान लिया था, जिन्हें ज्ञानी मल सिंह के निधन के बाद तख्त का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था।

# शेयर बाजार में जबरदस्त तेजी

**सेंसेक्स 467 अंक उछलकर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा, निफ्टी भी सर्वकालिक उच्च स्तर पर**

एजेंसी

**मुंबई।** सकारात्मक वैश्विक रुझानों के बीच प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी शुक्रवार को सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुए। इस दौरान बैंकिंग, वित्तीय और पूंजीगत वस्तुओं के शेयरों में खासतौर से मजबूती रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक 466.95 अंक यानी 0.74 प्रतिशत चढ़कर 63,384.58 अंक के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में एक समय यह 602.73 अंक यानी 0.95 प्रतिशत बढ़कर 63,520.36 पर भी पहुंच गया था। सेंसेक्स का पिछला उच्च स्तर पिछले साल एक दिसंबर को रहा था जब सूचकांक 63,284.19 अंक पर बंद हुआ था। दूसरी ओर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 137.90 अंक यानी 0.74 प्रतिशत चढ़कर 18,826 के अपने उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी का पिछला



रिकॉर्ड उच्च स्तर 18,812.50 अंक था। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स ने 758.95 अंक यानी 1.21 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की। इस दौरान निफ्टी 262.6 अंक यानी 1.41 प्रतिशत बढ़ा।सेंसेक्स के समूह में शामिल शेयरों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी, एचडीएफसी बैंक, बजाज फिनसर्व, टाइटन, आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, इंडसइंड बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एचयूएल और महिंद्रा एंड महिंद्रा में उल्लेखनीय बढ़त हुई। इसके उलट विप्रो, टीसीएस, पावर ग्रिड और टेक महिंद्रा के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़कर बंद हुए। यूरोपीय बाजार भी दोपहर के सत्र में बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। एक दिन पहले बृहस्पतिवार को अमेरिकी बाजारों में जोरदार तेजी रही थी। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ह्ववैश्विक बाजारों से सकारात्मक संकेतों के साथ ही बैंकिंग, फार्मा और उपभोक्ता शेयरों में मजबूत खरीदारी के चलते घरेलू बाजार में फिर से उछाल आया। अमेरिका में उम्मीद से बेहतर खुदरा बिक्री आंकड़े वहां के बाजारों की मजबूती दर्शाते हैं। व्यापक बाजारों में बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.76 प्रतिशत चढ़ा और मिडकैप सूचकांक 0.71 प्रतिशत बढ़कर बंद हुआ।

# बिग बॉस ओटीटी 2 में नजर आयेंगी सनी लियोनी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सनी लियोनी बिग बॉस ओटीटी 2 में नजर आयेंगी। वर्ष 2022 में बिग बॉस ओटीटी के पहले सीजन को करण जौहर ने होस्ट किया था। लेकिन इस बार बिग बॉस ओटीटी 2 को सलमान खान होस्ट करेंगे। इस शो में सनी लियोनी नजर आयेगी। सनी लियोनी बिग बॉस सीजन 05 में कंटेस्टेंट थीं। सनी लियोनी ने कहा कि बिग बॉस ओटीटी में आना मेरे लिए घर वापसी जैसा होगा। यह मेरे करियर के महत्वपूर्ण मोड़ में से एक है। मैं शो को करीब से देख रही हूं और इसे अगले लेवल पर ले जाने के लिए पूरी तरह से तैयार हूं। तो, इंतजार करें और देखें, मौसम बदलने वाला है। बिग बॉस ओटीटी 2 जियो सिनेमा पर 17 जून से स्ट्रीम होगा।



## हिंदी-विंदी में काम करेंगी नीना गुप्ता

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी चरित्र अभिनेत्री नीना गुप्ता फिल्म हिंदी-विंदी में काम करती नजर आयेंगी। नीना गुप्ता ने बताया, मैं फिल्म हिंदी-विंदी में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए खुश हूं। हिंदी मेरे दिल के करीब है और यह फिल्म हिंदी को एनआरआई दर्शकों के सामने लाती है। मैं युवा और प्रतिभाशाली फिल्म निर्माताओं अली, जयंत और अनिकेत के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। टीम को दिलचस्प कहानियां सुनाने का शौक है। मैं ऑस्ट्रेलिया में शूटिंग को लेकर उत्साहित हूं। नीना गुप्ता फिल्म हिंदी-विंदी में दादी की भूमिका निभाएंगी, जो ऑस्ट्रेलिया में अपने पोते कबीर से मिलने जाती हैं। फिल्म एक ऑस्ट्रेलियाई-भारतीय लड़के के परिवर्तन के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसमें दिखाया जाएगा कि वह कैसे हिंदी सीखता है और कैसे वह अपनी सांस्कृतिक पहचान को अपनाता है। फिल्म में नीना गुप्ता दादी, मिहिर आहूजा कबीर के रूप नजर आएंगे। फिल्म हिंदी-विंदी का निर्देशन अली सईद करेंगे। इसकी पटकथा जय शर्मा ने लिखी है।



बाहानगा बजार (बालासोर) रेल दुर्घटना में हताहतों के सभी रिश्तेदारों/निकट संबंधियों के लिए सूचना

भारतीय रेल हाल ही में बाहानगा बजार, जिला बालासोर (ओडिशा) में 02.06.2023 को 12841 शालीमार-एमजीआर चेन्नई सेंट्रल कोरोमंडल एक्सप्रेस और 12864 एसएमवीबी हावड़ा एक्सप्रेस में हुई रेल दुर्घटना के हताहतों के रिश्तेदारों/निकट संबंधियों से आग्रह करती है कि वे आगे आएं और अभी तक अज्ञात हताहतों के साथ अपनी पहचान एवं संबंध सुनिश्चित करने के लिए डीएनए के नमूने दें।

स्थान
अकादमी ब्लॉक (कमेटी रूम),
AIIMS, भुवनेश्वर

कृपया निम्नलिखित रेलवे कर्मियों से संपर्क करें

139
रेल-मदद नंबर

श्री दिगंबर पाढ़ी, सहायक कार्मिक अधिकारी,
मोबाइल - 8455887604

श्री बिश्वनाथ पाढ़ी, सहायक वाणिज्यिक प्रबंधक,
मोबाइल - 8455885967

श्री बी. तपन कुमार, जन संपर्क अधिकारी,
मोबाइल - 8455885040

श्री विकास कुमार, जन संपर्क अधिकारी,
मोबाइल - 8455885041

भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन पर सहायता हेतु : 0674 - 2534027

पूर्व तट रेलवे कंट्रोल रूम, भुवनेश्वर पर सहायता हेतु : 8455885999

खोरधा रोड स्टेशन पर सहायता हेतु : 8455887999

भारतीय रेल

(PR-300)